हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 40, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 31 जुलाई, 2022 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

भारत की प्रगति को नई गति देगा पावर सेक्टर : प्रधानमंत्री

पीएम मोदी ने एनटीपीसी की 5200 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'उज्ज्वल भारत उज्जवल भविष्य-पावर @2047' कार्यक्रम में लिया हिस्सा। इस दौरान पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विद्युत क्षेत्र के लिए पुनर्निर्मित वितरण क्षेत्र योजना का शुभारंभ किया। साथ ही पीएम मोदी ने 5200 करोड़ रुपये से अधिक की एनटीपीसी की विभिन्न हरित ऊर्जा परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में देश में लगभग 1 लाख 70 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन की क्षमता जोड़ी गई है। वन नेशन वन पावर ग्रिड आज देश की ताकत बन चुका है। पूरे देश को जोड़ने के लिए लगभग 1 लाख 70 हजार सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन्स बिछाई गईं हैं।

राजनीति में जनता को सच बताने का साहस होना चाहिए- पीएम मोदी- पीएम मोदी ने जोर देते हुए कहा कि समय के साथ हमारी राजनीति में एक गंभीर विकार आता गया है। राजनीति में जनता को सच बताने का साहस होना चाहिए, लेकिन हम देखतें हैं कि कुछ राज्यों में इससे बचने की कोशिश होती है। ये रणनीति तात्कालिक रूप से अच्छी राजनीति लग सकती है। लेकिन ये आज के सच, आज की चुनौतियों, अपने बच्चों के लिए, अपनी भावी पीढ़ियों के लिए टालने जैसा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश को ये जानकर हैरानी होगी कि अलग-अलग राज्यों का 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है। ये पैसा उन्हें पावर जेनरेशन कंपनियों को देना है। पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनियों का अनेक सरकारी विभागों, स्थानीय निकायों पर भी 60 हजार करोड़ रुपए से अधिक बकाया है। अलग-अलग राज्यों में बिजली पर सब्सिडी का जो कमिटमेंट किया गया है, वो पैसा भी इन कंपनियों को समय पर पूरा नहीं मिल पाता। ये बकाया भी 75 हजार करोड़ रुपए से अधिक का है। यानि बिजली बनाने से लेकर घर-घर पहुंचाने तक का जिम्मा जिनका है, उनका लगभग ढाई लाख करोड़ रुपए फंसा हुआ है। जिन राज्यों के बकाया हैं, मेरा उनसे आग्रह है कि वे जितना जल्दी संभव हो सके सब क्लीयर करें। साथ ही उन कारणों पर भी ईमानदारी से विचार करें कि जब देशवासी ईमानदारी से अपना बिजली का बिल चुकाते हैं, तब भी कुछ राज्यों का बार-बार बकाया क्यों रहता है? पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज के समय में बिजली के बिना जीवन की कोई कल्पना ही नहीं कर सकता है। मेरे लिए बहुत संतोष का विषय है कि बीते वर्षों में हमने ऊर्जा के क्षेत्र में पिछली बहुत सी कमियों को दूर कर पॉवर सेक्टर को मजबूती दी है। पीएम ने आगे कहा कि आपको याद होगी कि आजादी के 70 साल बाद भी देश के 18 हजार गांवों तक बिजली नहीं पहुंच सकी थी। आज के नए भारत में गांवों गांवों में लोग बिजली का बिजली का उत्पादन कर सकें, इस दिशा में काम हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि अगले 25 वर्षों में भारत की प्रगति को गति देने में एनर्जी सेक्टर, पावर सेक्टर की बहुत बड़ी भूमिका है। एनर्जी सेक्टर की मजबूती Ease of Doing Business के लिए भी जरूरी है और Ease of Living के लिए भी उतनी ही अहम है। पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि लद्दाख और गुजरात में ग्रीन हाइड्रोजन के दो बड़े प्रोजेक्ट पर आज से काम शुरू हो रहा है।

जम्मू-कश्मीर के बारामूला में मुठभेड़, सुरक्षा बलों ने एक आतंकी मार गिराया

श्रीनगर। कश्मीर घाटी के बारामूला जिले के वानीगाम बाला इलाके में शनिवार सुबह सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच जोरदार मुठभेड़ जारी है। राज्य पुलिस, सीआरपीएफ और भारतीय सेना के जवान मोर्चा संभाले हुए हैं। पुलिस ने अपने बयान में बताया कि सुरक्षा बलों ने जिले के करेरी इलाके के वानीगाम बाला में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करने के बाद तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक आतंकी ढेर हो गया। इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इससे पहले गत बुधवार को भी जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई थी। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के यारीपुरा में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को घेर लिया था। जानकारी के मुताबिक यारीपुरा के बरईहार्ड काठपुरा इलाके में 27 जुलाई की सुबह सुरक्षा बल गश्त पर निकले थे। इसी दौरान उन्हें इलाके में 2 से 3 आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी की, जिसके बाद आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने उन्हें जवाब देना शुरू किया और इस तरह मुठभेड़ शुरू हुई।

स्मृति ने सदन में जिस तरह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का नाम लिया वह असम्मानजनक : अधीर रंजन

नई दिल्ली। संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को लेकर सत्तापक्ष कांग्रेस पर हमलावर है वहीं कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी स्पीकर ओम बिरला से सदन में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा की गई टिप्पणी को हटाने की अपील की है। उन्होंने आरोप लगाया गया है कि जिस तरह से भाजपा सांसद ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का नाम लिया है, वह उनके पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। लोकसभा अध्यक्ष को लिखे एक पत्र में अधीर रंजन ने कहा कि ईरानी सदन में अपने संबोधन के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू का नाम "चिल्ला रही थीं"। उन्होंने इस दौरान ना तो मैडम और ना ही श्रीमती शब्द का इस्तेमाल किया।

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने लिखा, "मैं यह भी बताना चाहूंगा कि स्मृति ईरानी जिस तरह से सदन में माननीय राष्ट्रपति महोदया का नाम ले रही थीं, वह उचित नहीं था। माननीय राष्ट्रपति के पद के अनुरूप नहीं था। बिना माननीय राष्ट्रपति या मैडम या श्रीमती शब्द का इस्तेमाल किए बगैर वह बार-बार 'द्रौपदी मुर्मू' चिल्ला रही थीं।" उन्होंने कहा, "यह स्पष्ट रूप से माननीय राष्ट्रपति के पद का अपमान करने के समान है। इसलिए मैं मांग करता हूं कि स्मृति ईरानी जिस तरह से माननीय राष्ट्रपति को संबोधित कर रही थीं उसे सदन की कार्यवाही से बाहर किया जाए।" उन्होंने बिड़ला से यह भी अपील की कि चूंकि सोनिया गांधी का इस विवाद से कोई लेना-देना नहीं है, इसलिए उनके नाम का जिक्र करने वाले पूरे प्रकरण को भी सदन की कार्यवाही से बाहर किया जा सकता है। चौधरी की 'राष्ट्रपत्नी' टिप्पणी को लेकर गुरुवार को एक राजनीतिक तूफान तेज हो गया। केंद्रीय मंत्री ईरानी ने चौधरी के साथ-साथ कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से माफी की मांग की। ईरानी ने कहा था कि कांग्रेस को संसद में और भारत की सड़कों पर भारत के प्रत्येक नागरिक से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा था, सोनिया गांधी, आपने द्रौपदी मुर्मू के अपमान को मंजूरी दी। सोनिया जी ने सर्वोच्च संवैधानिक पद पर एक महिला के अपमान को मंजूरी दी। सोनिया जी ने इस देश में सर्वोच्च पद पर बैठने वाली एक गरीब महिला के अपमान को मंजूरी दी। आपने हर भारतीय नागरिक के अपमान को मंजूरी दी। आप अपने पुरुष कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति के कार्यालय को नीचा दिखाने की कोशिश की। आप देश से माफी मांगें। सोनिया गांधी, देश के आदिवासी, गरीब और महिलाओं से माफी मांगें।

पहले सिर्फ चार जिलों को मिलती थी बिजली, अब प्रदेश का हर गांव व जिला वीआईपी : सीएम योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उज्ज्वल भारत के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए बिजली महोत्सव व ऊर्जा दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में 2,723.20 करोड़ रुपये की लागत से 17 पारेषण एवं वितरण उपकेन्द्रों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिन जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर परियोजना पूरी हुई है उन्हें बधाई। जिन परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है उनका समय पर कार्य पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि 1.21 लाख गांव में आजादी के बाद भी बिजली नहीं पहुंच पाई थी। हमने हर घर बिजली के लक्ष्य को पूरा किया है। अब प्रदेश का हर जिला और गांव वीआईपी होगा। पहले चार जिलों में बिजली मिलती थी। अब सभी जगह रोस्टर के अनुसार बिजली दे रहें है। अगले पांच साल में अपनी बिलिंग और कनेक्शन एफिशिएंसी को बढ़ाना विभाग के लिए चुनौती है। हमें विद्युत की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनना है। पावर कारपोरेशन बिना भेदभाव के बिजली उपलब्ध कराएगा। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि पिछले छह दिन से ऊर्जा महोत्सव मनाया जा रहा है। आज महोत्सव के समापन का दिन है। विकास में ऊर्जा बड़ा कारक रही है। देश में पानी, बिजली और सड़क राजनीतिक मुद्दा बनता है। देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए ऊर्जा का विकास, बिजली की निर्बाध आपूर्ति आवश्यक है। पहले देश बिजली की कमी के लिए जाना जाता था और 5 से 10 प्रतिशत की कमी बनी रहती थी। अब हम पड़ोसी देशों को बिजली निर्यात कर रहे हैं। सौभाग्य योजना के तहत यूपी को 1.43 करोड़ कनेक्शन दिए गए हैं। बिजली महोत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी के अलावा, ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा, राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर, अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी और पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

स्वास्थ्य विभाग में नियम विरुद्ध हुये 48 चिकित्सकों के ट्रांफसर निरस्त, गलत सूची में डाले गए थे नाम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सरकार की तबादला नीति के खिलाफ कई विभाग में ट्रांफसर के मामले में अब एक्शन भी काफी तेजी से हो रहा है। पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य तथा अन्य विभाग में तबादलों को लेकर मचे बवाल के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ के जांच का आदेश देने तथा अधिकारियों के खिलाफ एक्शन के बाद अब तबादले निरस्त भी हो रहे हैं। तबादले निरस्त करने के मामले में स्वास्थ्य विभाग सबसे आगे है। प्रदेश में 48 चिकित्सकों के गलत ढंग से हुए तबादलों को शनिवार को निरस्त किया गया है। लेवल वन के 313 चिकित्सा अधिकारियों के किए गए नीतिगत का स्थानांतरण में 48 का नाम गलत ढंग से सूची में डाला गया था। इसके बाद काफी हंगामा होने के बाद मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में इसकी जांच भी प्रारंभ की गई है। प्रदेश में 313 चिकित्सकों के ट्रांसफर में ऐसे चिकित्सकों के नाम गलत ढंग से सूची में अंकित किए गए थे जो लेवल 2 तथा लेवल 3 के आयुष दंत अन्य संवर्ग के थे। इसके कारण ही इन इन सभी 48 चिकित्सकों का स्थानांतरण रद कर दिया गया है। लेवल टू, लेवल



थ्री और आयुष डाक्टरों के तबादले चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशालय स्तर से कर दिए गए थे। जबकि लेवल टू, लेवल थ्री के डाक्टरो का स्थानांतरण सिर्फ शासन स्तर से ही किया जा सकता है। इस मामले में अपर निदेशक (कार्मिक) के पद से सेवानिवृत्त हुए डा. अनुराग भार्गव के खिलाफ जांच के आदेश भी दिए जा चुके हैं।

पार्थ चटर्जी की सहयोगी अर्पिता मुखर्जी के बैंक अकाउंट्स को फ्रीज करने की प्रकिया शुरू

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय ने निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता पार्थ चटर्जी की सहयोगी अर्पिता मुखर्जी के कम से कम तीन बैंक खातों को फ्रीज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जहां उन्हें कम से कम दो करोड़ रुपये मिले हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुखर्जी की कई 'शेल कंपनियों' के बैंक खाते भी ईडी की जांच के दायरे में हैं। अधिकारी ने कहा, 'मुखर्जी के तीन बैंक खातों को फ्रीज करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन खातों में कुल करीब दो करोड़ रुपए मिले हैं। हमें संदेह है कि इन खातों का इस्तेमाल कई लेन-देन के लिए किया गया था। आगे की जांच जारी है।' उन्होंने कहा कि 'शेल कंपनियों' के बैंक खातों को फ्रीज करने का फैसला किया जाना बाकी है। अधिकारी ने कहा, 'हमने संबंधित अधिकारियों से इन बैंक खातों का ब्योरा मांगा है। खातों को देखने के बाद, हम अपनी अगली कार्रवाई के बारे में फैसला करेंगे।' ईडी ने कहा कि एजेंसी मुखर्जी से यह जानने के लिए पूछताछ जारी रखेगी कि क्या उनके पास और बैंक खाते हैं। सूत्रों ने बताया कि चटर्जी के बैंक खातों की भी जांच की जा रही है। मुखर्जी और चटर्जी दोनों से सुबह से पूछताछ चल रही है। चटर्जी, जिन्हें मंत्री और पार्टी पद से हटा दिया गया है और मुखर्जी, जिनके दो फ्लैटों से ईडी ने आभूषण और विदेशी मुद्रा के अलावा 50 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं, 3 अगस्त तक केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में रहेंगे। पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी को 23 जुलाई को स्कूल नौकरियों के घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया था, जहां वास्तविक उम्मीदवारों को कथित तौर पर उन नामों से हटा दिया गया था जो मेरिट सूची में नहीं थे। ईडी घोटाले के मनी लान्ड्रिंग पहलू की जांच कर रहा है। शुक्रवार को जब दक्षिण कोलकाता के जोका इलाके में ईएसआई अस्पताल ले जाया गया, तो चटर्जी ने आरोप लगाया कि वह 'साजिश का शिकार' बन गए हैं।

आंध्र प्रदेश में समुद्री लहरों की चपेट में आए थे छात्र, अब तक तीन छात्रों की मौत

अमरावती। आंध्र प्रदेश के अनाकपल्ली जिले में समुद्री तट पर हुई हादसों में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। शनिवार सुबह दो और इंजीनियरिंग छात्रों के शवों को बरामद किया गया। इससे पहले, शुक्रवार को एक छात्र की मौत हो गई थी। मृतक की पहचान नरसीपट्टनम गांव के निवासी गुडीवाड़ा पवन सूर्य कुमार (19) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि तीन अन्य छात्र भी लापता हैं। शुक्रवार को समुद्री लहरों की चपेट में आने से कई विद्यार्थी लापता हो गए थे, जिसके बाद तट रक्षक बल और समुद्री पुलिस बल ने सभी छात्रों का पता लगाने के लिए एक अभियान शुरू किया था। जानकारी के मुताबिक, एक अन्य छात्र जिसको घटना स्थल से बचाया गया था उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। सभी 13 विद्यार्थी अनाकपल्ली जिले के डीआईईटी कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे थे और सभी एक साथ पुदीमडका में समुद्री तट पर गए थे। इनमें से छह छात्र किनारे पर खड़े रहे, जबकि अन्य सात विद्यार्थी समुद्र के पानी में उतरे और समुद्री लहरों के बीच फंस गए। विद्यार्थियों को लहरों के साथ पानी में बह जाने का डर था। इस दौरान एक छात्र को तुरंत बचाकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई थी और अन्य पांच लापता हो गए थे। समुद्र में विद्यार्थियों के बह जाने के बाद प्रशासन ने उन्हें पता लगाने के लिए चार नाव और दो हेलीकॉप्टर के साथ बड़े पैमने पर जांच अभियान शुरू किया है। पुलिस ने बताया कि तीन अन्य छात्रों का पता लगाने के लिए जांच अभियान जारी है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने मंत्री अमरनाथ को इस पूरे घटनाक्रम और बचाव अभियान की निगरानी करने का निर्देश दिया है।

मजबूत सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली संपन्न लोकतांत्रिक राष्ट्र की नींव : अमित शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि एक मजबूत सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली संपन्न लोकतांत्रिक राष्ट्र की नींव होती है। शाह नई शिक्षा नीति के दो साल पूरे होने पर दिल्ली में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने शिक्षा और कौशल विकास क्षेत्र में कई योजनाओं की शुरूआत की। प्रौद्योगिकी प्रदर्शन के लिए इंडियन नॉलेज सिस्टम-एमआईसी कार्यक्रम की स्थापना, स्कूलों में 75 भारतीय खेलों की शुरूआत और स्थानीय कला को बढ़ावा देने के लिए 750 स्कूलों में कलाशाला की पहल की। बता दें कि नई शिक्षा नीति (एनईपी) को सरकार द्वारा 29 जुलाई, 2020 को भारत की शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए शुरू किया गया था। पिछले दो वर्षों में, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने स्कूल और उच्च शिक्षा दोनों में एनईपी 2020 की कई सिफारिशों को पहले ही लागू कर दिया है। नई पहल की शुरूआत करते हुए शाह ने कहा कि एनईपी 2020 भारत को एक महान राष्ट्र बनाने की नींव है। साथ ही उन्होंने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 राष्ट्र की जड़ों के साथ तालमेल बिठा रही है और इसे पूरे देश से अभूतपूर्व स्वीकृति मिली है। नीति में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि एक मजबूत सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली एक संपन्न लोकतांत्रिक राष्ट्र की नींव है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि रटे-रटाए ज्ञान से अच्छे अंक तो मिल सकते हैं, अच्छी नौकरी मिल सकती है, वह सफल व्यक्ति भी बन सकता है लेकिन वह बड़ा व्यक्ति नहीं बन सकता है, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लोगों को बड़ा बनाएगी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सभी लोग अलग नजरिये से देखते हैं। किसी को इसमें कौशल विकास के जरिये रोजगार की संभावनाएं दिखती हैं तो कोई प्राथमिक शिक्षा देकर बच्चों की अभिव्यक्ति और क्षमता देने का बढ़ाने की जरिया देखता है लेकिन मैं देखता हूं कि नीति एक महान भारत की रचना की नींव है। क्योंकि कोई देश या राष्ट्र जमीनों से नहीं बनता, नदियों से नहीं बनता है, पहाड़ों से नहीं बनता है और कल-कारखानों से नहीं बनता है। कोई भी राष्ट्र उसके नागरिकों से बनता है। उसकी संस्कृति और संस्कार से राष्ट्र निर्माण को मजबूती मिलती है।

जघन्य अपराधों की प्राथमिकी को रद्द करना एक खतरनाक मिसाल : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। देश की सर्वोच्च अदालत ने जघन्य अपराधों की शिकायतों को लेकर अपने अहम फैसले में कहा कि यह अक्ष्य कृत निजी प्रकृति के नहीं हैं और जिनका समाज पर गंभीर प्रभाव पड़ता है, उन मामलों में अपराधी और शिकायतकर्ता या पीड़ित के बीच समझौते के आधार पर एफआईआर को रद्द नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता के साथ समझौते के आधार पर ही गंभीर और जघन्य अपराधों से संबंधित प्राथमिकी या शिकायतों को रद्द करने का आदेश एक ह्यखतरनाक मिसालह्न कायम करेगा। जहां आरोपी से पैसे ऐंठने के लिए भी परोक्ष कारणों से शिकायतें दर्ज कराई जाएंगी। एक खबर के मुताबिक जस्टिस इंदिरा बनर्जी और वी. रामसुब्रमण्यन की बेंच ने अपने फैसले में कहा कि ह्यइसके अलावा आर्थिक रूप से मजबूत अपराधी हत्या, बलात्कार, दुल्हन को जलाने आदि जैसे गंभीर और गंभीर अपराधों के मामलों में भी सूचना देने वालों/ शिकायतकताओं को खरीदकर और उनके साथ समझौता करके बरी हो जाएंगे।ह्न

अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें मार्च 2020 में आत्महत्या के लिए उकसाने के कथित अपराध के लिए दर्ज प्राथमिकी को रद्द कर दिया गया था। अदालत के पिछले फैसलों का जिक्र करते हुए पीठ ने कहा कि आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 482 के तहत एक प्राथमिकी,आपराधिक शिकायत या आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने के लिए अपनी शक्ति का प्रयोग करने से पहले उच्च न्यायालय को सतर्क रहना चाहिए और अपराध की प्रकृति और गंभीरता के बारे में विचार करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ह्यजघन्य या गंभीर अपराध, जो प्रकृति में निजी नहीं हैं और समाज पर गंभीर प्रभाव डालते हैं, ऐसे मामलों को अपराधी और शिकायतकर्ता या पीड़ित के बीच समझौते के आधार पर रद्द नहीं किया जा सकता है।

संपादकीय

दुराग्रह की सियासत

तमिलनाडु में शतरंज ओलंपियाड में शामिल होने को लेकर पाकिस्तान ने जिस तरह की हरकत की है, उससे हैरान होने की जरूरत इसलिए नहीं है कि उसे ऐसा करने के लिए किसी तर्क की जरूरत महसूस नहीं होती है। चूंकि पाकिस्तान को अपने ऐसे ही दुराग्रहों से भरी प्रतिक्रियाएं देने की आदत रही है, इसलिए कभी वह अपनी फितरत के मुताबिक तो कई बार बहुत सोच-समझ कर ऐसा रुख अख्तियार कर लेता है, जिसमें सामान्य नैतिकताओं का खयाल रखना भी जरूरी नहीं समझा जाता। दरअसल, तमिलनाडु के मामल्लापुरम में गुरुवार को शुरू हुए चौवालीसवें ओलंपियाड में इस बार ओपन वर्ग में एक सौ अठासी टीमें और महिला वर्ग में एक सौ बासठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसमें पाकिस्तान की टीम भी शामिल थी और इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने भारत आ भी चुकी थी। लेकिन आखिरी वक्त में पाकिस्तान ने इस ओलंपियाड से हटने की घोषणा कर दी। ऐसे फैसले के लिए उसकी ओर से कथित शिकायत यह पेश की गई कि इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट का रिले मशाल कश्मीर से निकालने के बहाने भारत इस आयोजन का राजनीतिकरण कर रहा है। सवाल है कि भारत शतरंज ओलंपियाड के रिले मशाल को अपने संप्रभु क्षेत्र के किसी भी हिस्से से गुजरने का रास्ता बनाता है, तो इससे किसी भी अन्य देश को क्यों दिक्कत होनी चाहिए। मगर बीते कई दशकों के अनुभव के बाद पाकिस्तान के संदर्भ में अब यह प्रश्न बेमानी-सा लगने लगा है। पाकिस्तान चूंकि भारत के प्रति आमतौर पर हर समय एक खास तरह के दुराग्रह से भरा रहता है, इसलिए बेवजह के किसी बहाने भी कोई विवाद खड़ा करना उसके स्वभाव में घुल गया है। मगर इस क्रम में अब उसने यह खयाल रखना भी शायद छोड़ दिया है कि उसकी ऐसी हरकतों के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे कैसे देखा जाएगा। पाकिस्तान के शतरंज ओलंपियाड से हटने की घोषणा के बाद भारत ने तो लाजिमी तौर पर उसकी सख्त निंदा की और कहा कि वह बिना वजह के खेलों के आयोजन का राजनीतिकरण कर रहा है, मगर पाकिस्तान के फैसले के प्रति इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाले अन्य देशों के भीतर कैसी राय बनी होगी, इसका भी अंदाजा लगाया जा सकता है। गौरतलब है कि पाकिस्तान को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ की ओर से आमंत्रित किया गया था। यह छिपा नहीं है कि पाकिस्तान की ओर से मौके-बेमौके अंतरराष्ट्रीय पटल पर कश्मीर का सवाल उठाने के बावजूद समूची दुनिया कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा मानती है। इसमें कुछ अस्वाभाविक नहीं है, क्योंकि यही तथ्य है। मगर यह समझना मुश्किल है कि इस हकीकत को पचाना पाकिस्तान के लिए मुश्किल क्यों रहा है। जबकि अपने इस रवैए की वजह से अक्सर उसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर फजीहत झेलनी पड़ती है। यों पड़ोसी देश होने के नाते भारत की हमेशा यही कोशिश रहती है कि पाकिस्तान किसी निराधार मुद्दे को लेकर परेशानी नहीं खड़ी करे। भारत अपनी ओर से उसकी विचित्र हरकतों की अनदेखी करता है। मगर आतंकवादी संगठनों को प्रश्रय देने से लेकर अंतरराष्ट्रीय राजनीति में नाहक किसी मुद्दे पर विवाद खड़ा कर वह भारत को असुविधा में डालने की कोशिश हमेशा करता रहता है। मुख्यधारा की राजनीतिक और रणनीतिक चुनौतियों के बरक्स खेलों की दुनिया को दो देशों या पक्षों के बीच संबंधों को बेहतर बनाने का भी जरिया माना जाता है। आपसी तनाव के बावजूद अलग-अलग खेलों में भारत और पाकिस्तान की टीमें हिस्सा लेती रही हैं। इससे रिश्तों में सहजता आ पाने की उम्मीद कायम रहती है। लेकिन अगर खेलों में हिस्सा लेने का भी राजनीतिकरण किया जाने लगे तो वैश्विक परिदृश्य में इसे कैसे देखा जाएगा?

करें ना ऐसी बातें !

करें ना ऐसी बातें ।
बने नया विवाद ।।
छेड़ें ऐसी तान ।
रहें सब आबाद ।।
सोच समझकर हर पल ।
देना है बयान ।।
जानते हैं सब कुछ ।
हैं फिर भी अनजान ।।
बेवजह विवाद का ।
ना बनता आधार ।।
ढूंढ़ रहे हैं लगता ।
हो कुछ चमत्कार ।।
संतुलन बना कर ।
होगा करना काम ।।
हो कोई अंदाज ।
मिल जाता पैगाम ।।

–कृष्णेन्द्र राय

छोटी बचत पर ब्याज दर बढ़ाना जरूरी

हाल ही में रिजर्व बैंक आफ इंडिया (आरबीआइ) की जुलाई 2022 की बुलेटिन में आरबीआइ के तीन विशेषज्ञ विश्लेषकों द्वारा बैंकों में जमा राशि और ब्याज दर से संबंधित विषय पर विचार व्यक्त किया गया कि इस समय जिस तरह बेहतर मानसून, आर्थिक सुधारों की गतिशीलता व कारोबार से कर्ज की मांग तेजी से बढ़ रही है, उसके मद्देनजर छोटे निवेशकों को लुभाने के लिए बैंक जमा पर अधिक ब्याज दिया जाना जरूरी है।

चूंकि छोटे निवेशक महंगाई का सामना भी कर रहे हैं, इसलिए उनकी यह अपेक्षा भी है कि बैंक में जमा राशि पर कुछ अधिक ब्याज प्राप्त होने से उन्हें महंगाई की मुश्किलों से राहत मिल सकेगी। ऐसे में जिस तरह बैंक जमा पर अधिक ब्याज की उम्मीद की जा रही है, उसी तरह महंगाई की चुनौतियों के बीच छोटी बचत योजनाओं (स्माल सेविंग्स स्कीम) से मिलने वाले ब्याज से अपने जीवन की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने वाले करोड़ों लोग भी बचत योजनाओं पर ब्याज दर बढ़ने की अपेक्षा कर रहे हैं। गौरतलब है कि जहां देश में मई 2022 में थोक महंगाई दर 15.88 फीसद और खुदरा महंगाई दर 7.04 फीसद के चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई, वहीं सरकारी बांड्स पर करीब साढ़े सात फीसद का फायदा दिखाई दिया और आरबीआइ महंगाई को नियंत्रित करने के लिए अब तक 0.90 फीसद रेपो दर बढ़ा चुका है, बैंक एफडी पर करीब 0.50 फीसद से अधिक ब्याज दरें भी बढ़ाई जा चुकी हैं, ऋण महंगे हो रहे हैं।

हालांकि छोटी बचत योजनाओं पर जुलाई से सितंबर 2022 के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी नहीं की गई है, लेकिन अब फिर अपेक्षा की जा रही है कि जब तक महंगाई का दौर बना रहे, तब तक छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दर में कुछ वृद्धि कर-के राहत दी जाए। पिछले दो वर्षों में कोविड-19 की आर्थिक चुनौतियों से लेकर अब तक देश में आम आदमी, नौकरीपेशा वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग के सामने एक बड़ी चिंता उनकी छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दर कम रहने की है। अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा और जीवन स्तर के लिए गृह, वाहन और उपभोक्ता ऋण आदि को चुकाने के लिए अधिक ब्याज और किस्तों की राशि में वृद्धि से बड़ी संख्या में लोगों की चिंता बढ़ गई है। ऋण पर ज्यादा किस्त और ब्याज चुकाना पड़ रहा है और कर्ज के भुगतान की किस्त चूक में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय स्टेट बैंक के मुताबिक पिछले पूरे साल के मुकाबले मौजूदा वित्त वर्ष 2022-23 के अप्रैल और मई दो महीनों में 60 फीसद गृह ऋण में डिफाल्टह्न देखा गया है। पिछले दो वर्षों से छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अगर हम छोटी बचत योजनाओं पर मिलने वाली मौजूदा ब्याज दरों को देखें तो पाते हैं कि इस समय बचत खाता पर 4 फीसद, एक से तीन साल की एफडी पर 5.5 फीसद, पांच साल की एफडी पर 6.7 फीसद, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना पर 7.4 फीसद, एमआईएस पर 6.6 फीसद, एनएससी पर 6.8 फीसद, पीपीएफ पर 7.1 फीसद, किसान विकास पत्र पर 6.9 फीसद, सुकन्या समृद्धि योजना पर 7.6 फीसद ब्याज दर देय है। यह भी उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2021-22 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर 8.1 फीसद ब्याज दर को अनुमति दी है। यह चार दशक से अधिक समय में सबसे कम ब्याज दर है। इस फैसले का लगभग पांच करोड़ ईपीएफ सदस्यों पर असर पड़ा है। छोटे करदाताओं और मध्यम वर्ग को उम्मीद थी कि उन्हें चालू वित्त वर्ष 2022-23 के बजट से उपयुक्त राहत मिलेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में कर का बोझ

कम करने के लिए अभूतपूर्व प्रोत्साहन सुनिश्चित किए जाने की अपेक्षा के साथ यह भी माना जा रहा था कि करदाताओं को राहत देते हुए सरकार द्वारा करों में छूट की सीमा को दोगुनी कर 5 लाख तक की जाएगी। मौजूदा समय में धारा 80सी के तहत 1.50 लाख रुपए की जो छूट मिलती है, उसे बढ़ाने की भी उम्मीद थी। मकानों की बढ़ती हुई कीमत को देखते हुए धारा 80सी के तहत 1.50 लाख की छूट पर्याप्त नहीं है। इसके तहत कर छूट की सीमा तीन लाख रुपए किए जाने की उम्मीद की जा रही थी। वित्तमंत्री के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयकर की छूट सीमा बढ़ाकर उन्हें राहत दिए जाने की अपेक्षा थी। चूंकि चालू वित्त वर्ष के बजट में छोटे करदाताओं को कोई संतोषजनक राहत नहीं मिली है। ऐसे में बचत योजनाओं पर ब्याज दर बढ़ाकर इस वर्ग को महंगाई से मुकाबले के लिए ब्याज संबंधी राहत दी जा सकती है। दरअसल, देश में बचत की प्रवृत्ति के लाभ न केवल कम आय वर्ग के परिवारों के लिए हैं, बल्कि पूरे समाज और अर्थव्यवस्था के लिए भी हैं। हमारे देश में बचत की जरूरत इसलिए भी है कि यहां विकसित देशों की तरह सामाजिक सुरक्षा का उपयुक्त ताना-बाना नहीं है। अभी भी देश में बड़ी संख्या में लोगों को सामाजिक सुरक्षा की छतरी उपलब्ध नहीं है। हालांकि देश के संगठित क्षेत्र के लिए ईपीएफ सामाजिक सुरक्षा का महत्त्वपूर्ण माध्यम है, लेकिन असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले करोड़ों लोगों के लिए विभिन्न बचत योजनाओं में ब्याज दर कम होने के कारण सामाजिक सुरक्षा एक बड़े प्रश्न के रूप में उभरकर दिखाई दे रही है। इतना ही नहीं, बचत योजनाओं पर मिलने वाली ब्याज दरों पर देश के उन तमाम छोटे निवेशकों का दूरगामी आर्थिक प्रबंधन निर्भर होता हैं जो अपनी छोटी बचतों के जरिये जिंदगी के कई महत्त्वपूर्ण काम निपटाने की व्यवस्था सोचे हुए हैं। मसलन, बेटी की शादी, बच्चों की पढ़ाई और सेवानिवृत्ति के बाद का जीवन। छोटी बचत योजनाएं सेवानिवृत्त हो चुके और जमा पर मिलने वाले ब्याज पर निर्भर बुजुर्ग पीढ़ी का सहारा बनती हैं। हालांकि देश में छोटी बचत योजनाओं में ब्याज दर की कमाई का आकर्षण घटने से वर्ष 2012-13 के बाद सकल घरेलू बचत दर (ग्रास डोमेस्टिक सेविंग रेट) लगातार घटती गई है। लेकिन अभी भी छोटी बचत योजनाएं अपनी विशेषताओं के कारण बड़ी संख्या में निम्न और मध्यम वर्गीय परिवारों के विश्वास और निवेश का माध्यम बनी हुई हैं।

गौरतलब है कि करीब चौदह वर्ष पूर्व 2008 की वैश्विक मंदी का भारत पर कम असर होने का एक प्रमुख कारण भारतीयों की संतोषप्रद घरेलू बचत की स्थिति को माना गया था। फिर 2020 में महाआपदा कोविड-19 से जंग में भारत के लोगों की घरेलू बचत विश्वसनीय हथियार के रूप में दिखाई पड़ी। नेशनल सेविंग्स इंस्टीट्यूट (एनएसआइ) द्वारा भारत में निवेश की प्रवृत्ति से संबंधित रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां देश के लोगों के लिए छोटी बचत योजनाएं लाभप्रद हैं, वहीं इनका बड़ा निवेश अर्थव्यवस्था के लिए भी लाभप्रद है। निश्चित रूप से इस समय आसमान छूती महंगाई की चुनौतियों का सामना कर रहे देश के आम आदमी, नौकरीपेशा एवं निम्न मध्यम वर्ग के करोड़ों लोगों को उनके जीवन निर्वाह में मदद करने और उन्हें आर्थिक-सामाजिक निराशा से बचाने के लिए सरकार द्वारा छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में इजाफा किए जाने की स्पष्ट आवश्यकता दिखाई दे रही है। छोटी बचत योजनाओं पर महंगाई की भयावह चुनौतियों के बीच दो वर्ष बाद ब्याज दर बढ़ाने का निर्णय देश में बचत की प्रवृत्ति को बढ़ावा देगा। इससे बचत बढ़ेगी। बचत आधारित निवेश बढ़ेगा। सामाजिक सुरक्षा के लिए नया विश्वास पैदा होगा। कुल मिलाकर छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दर में वृद्धि आम आदमी से लेकर अर्थव्यवस्था की गतिशीलता के लिए शुभ संकेत होगी।

ऐच्छिक और अनैच्छिक का युग-भेद

आदत तो आदत होती है। अगर एक बार पड़ गई तो छुड़ाए बिना छूटती नहीं। दाउ की खुल कर हंसने की आदत थी। जब मिलते तो खिलखिला कर खूब हंसते फिर हाल-समाचार पूछते। उनसे फूल की तरह खिलखिला कर हंसने की वजह पूछने पर बोलते, यह इंसान को कुदरत की तरफ से मिली मुफ्त की अमानत है। इस जहान में महज इंसान के अलावा दूसरे किसी प्राणी को हंसने की अमानत कुदरत की तरफ से नहीं मिली है। और अगर इंसान हंसना बंद कर दे तो समझना चाहिए कि वह मौत की तरफ आगे बढ़ रहा है। उनका मानना था कि यह कुदरत की अमानत है, फिर इस अमानत का पूरा-पूरा इस्तेमाल क्यों न किया जाए! इंसान को कुदरत ने हंसने का मौलिक अधिकार दिया है।

और उसके इस अधिकार को कोई छीन नहीं सकता। उनकी बेहतरीन सेहत का राज भी खुलकर हंसना ही था। तमाम लोगों को उन्होंने कई समस्याओं और तनाव से छुटकारा इस क्रिया से दिलाया था। उनके सिखाने के कारण सुबह और शाम खुलकर लोगों ने हंसना अपनी आदत में शुमार कर लिया था। उनका मानना था कि अगर हम दूसरों की आदतों पर नजर न रख अपनी आदतों पर नजर रखें तो जिंदगी फूलों जैसी हंसने लगती है। हंसना एक नियामत है की कहावत हंसने की खूबियों की वजह से प्रचलित हुई होगी। वक्त के साथ लोगों ने हंसने की अपेक्षा शिकायत को ज्यादा अहमियत देना शुरू कर दिया। शिकायतें इतनी कि लगता है, शिकायतों के अलावा जिंदगी में कुछ है ही नहीं। सुबह उठने से लेकर रात में सोने तक शिकायतों की इतनी लंबी सूची तैयार हो जाती है कि यह समझ में ही नहीं आता कि किस शिकायत को पहले सुलझाना बेहतर होगा और किस शिकायत को बाद में सुलझाया जाए। शिकायत करना जिंदगी के साथ चलने वाली सतत क्रिया पर एक सहज प्रतिक्रिया लगती है। दरअसल, हम सांसारिक उलझनों में इस कदर उलझे रहते हैं कि सहजता और सुंदरता की अहमियत को समझ नहीं पाते। सुबह उठते ही चाय की चुस्कियों के साथ आज की नई जिंदगी की शुरूआत करते हैं। यानी आज का दिन गर्म तासीर से शुरू करते हैं और दिनभर चाय का असर बना रहता है। दफ्तर में हों या घर पर, हर जगह चाय का

गर्मागर्म असर गर्म पकौड़े जैसे हमारे मिजाज में भी दिखता है। इसी के साथ अगर मौसम में गर्मी, उमस या उदासी हो तो गर्माहट और भी बढ़ जाती है। शायद इस वजह से हर आदमी हीनता या अहंकार की गर्मी से तप्त रहता है। आदमी सीखने की अपेक्षा सिखाने में ज्यादा यकीन करता है। इसलिए खुद को एक विशेषज्ञ के रूप में पेश करता है। विशेषज्ञ ऐसा बनता है कि उसका हंसना बंद हो जाता है। अब वह खास अवसर की तलाश में रहता है जब वह हंस सके। एक बाल कवि ने इस कवायद पर बहुत बढ़िया बात कही है- बच्चों से हम हंसना सीखें, पानी से शीतलता। हवा से हम बहना सीखें और बादल से सुख बरसाना। लेकिन हम सीखना कहां चाहते हैं! सिखाने में जैसा आत्म-आनंद मिलता है वैसा सीखने में कहां मिलता है! साहित्यकार हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कुदरत से सीखने का आह्वान किया, लेकिन किसने माना! हंसना, मुस्कराना और खिलखिलाना मस्ती के तीन रंग-रूप हैं। ये सामान्य और सहज जीवन की सबसे अच्छी अनैच्छिक क्रियाएं हैं, लेकिन वक्त के बदलाव ने इन्हें ऐच्छिक बना दिया। जैसे आंख की पलकों का गिराना और उठाना अनैच्छिक क्रियाएं हैं, लेकिन मोबाइल और कंप्यूटर के ईजाद के बाद पलकों का उठना-गिरना यंत्र ने ऐच्छिक बना दिया। ऐसी ऐच्छिक बनी कि पलकें अब उठती तो हैं, लेकिन उनका गिरने का कोई समय नहीं। साहित्यकारों को चिंतन करना होगा कि अब आंखें अलंकार, कहावतों और समास-परिवार से कैसे जुड़ी रहें। संस्कृत के कवि शिरोमणि कालिदास ने आंखों की जैसी उपमा दी है, बदलते युग ने उन उपमाओं की सुंदरता को अप्रासंगिक बना दिया है। योग शिक्षक हंसाए, मुस्कराने के लिए गुदगुदाए और खिलखिलाने के लिए चुटकुले सुनाए, तब तीनों क्रियाएं सरकारी योजनाओं की तरह धीरे-धीरे आगे बढ़ती हैं। गौरतलब है कि हंसने, मुस्कराने और खिलखिलाने के लिए खास अवसर की तलाश होने लगे, तब आने वाला कल कैसा होगा, समझा जा सकता है। हंसना, मुस्कराना और खिलखिलाना बेहतरीन जिंदगी जीने के तीन सबसे बेहतर ढंग हैं। ये तीनों रूप जिंदगी को खुशहाल और आनंदमय बनाते हैं। ये जिंदगी के सबसे बेहतरीन और सुंदर पल हैं, जब सभी तरह की नकारात्मक कवायदें खत्म हो जाती हैं। विचारकों का मानना है- सत्य, शिव और सुंदर मानी जाने वाली ये कुदरती क्रियाएं क्रिया-प्रतिक्रिया के वैज्ञानिक नियम के मुताबिक चलने लगी हैं। इसलिए इन क्रियाओं का प्रयोग बेहतर ढंग से करने के लिए विज्ञान की जानकारी आवश्यक है। विचारणीय विषय है- हंसना, मुस्कराना और खिलखिलाना किसी शास्त्र, साहित्य, समाज, शरीर और विज्ञान का विषय है कि जीवन के खगोलीय अध्याय का। ऐसा लगता है कि दूसरों से हंसना, मुस्कराना और खिलखिलाना सीखने की जगह सतत अभ्यास से इसे फिर प्राप्त करना चाहिए।

मुफ्त की संस्कृति वाली राजनीति एक गंभीर समस्या बनती जा रही है

मुफ्त की रेवड़ियां बांटने वाली राजनीति देश के विकास की एक बड़ी बाधा है, यह आम जनता को अकर्मण्य एवं कामचोर बनाने के साथ-साथ राजनीति को दूषित करती है। जो नेता इसे परोपकार मानते हैं, वे देश की जनता को गुमराह करते हैं। यह सरासर प्रलोभन एवं चुनावों में अपनी जीत को सुनिश्चित करने का हथियार है और नेताओं की जीत का ताकतवर मोहरा है। जीत के लिए जनता से मुफ्त सामान का वादा, राज्य के खजाने पर भारी आर्थिक असंतुलन का कारण है। अब इस मुफ्त संस्कृति एवं रेवड़ियां बांटने के राजनीतिक प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने उचित ही सवाल उठाते हुए केंद्र सरकार से यह स्पष्ट करने को कहा है कि चुनावों के दौरान राजनीतिक पार्टियों की ओर से मुफ्त में चीजें बांटने या ऐसा करने का वादा करने को वह कोई गंभीर मुद्दा मानती है या नहीं? अदालत ने केंद्र को वित्त आयोग से यह भी पता लगाने को कहा कि पहले से कर्ज में डूबे राज्य में मुफ्त की योजनाओं पर अमल रोका जा सकता है या नहीं? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी उन राजनीतिक दलों पर निशाना साधा जिन्होंने चुनावी घोषणाओं में देश की जनता को मुफ्त की चीजों का लालच देकर वोट हासिल करने की साजिश की है। निश्चित ही मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का बढ़ता प्रचलन देश के विकास के लिए हानिकारक है। श्रीलंका आज बबार्दी के जिस कगार पर पहुँचा है तो इसका सबसे बड़ा कारण जनता को मुफ्त की रेवड़ियां बांटना ही है।

लोकतन्त्र में यह मुफ्त बांटने की मानसिकता एक तरह का राजशाही का अन्दाज ही कहा जायेगा जो लोकतंत्र के मूल्यों के विपरीत है। लोकतंत्र में कोई भी सरकार आम जनता की सरकार ही होती है और सरकारी खजाने में जो भी धन जमा होता है वह जनता से वसूले गये शुल्क या टैक्स अथवा राजस्व का ही होता है। राजशाही के विपरीत लोकतन्त्र में जनता के पास ही उसके एक वोट की ताकत के भरोसे सरकार बनाने की चाबी रहती है। दरअसल, जनता के हाथ की इस चाबी को अपने पक्ष में घुमाने एवं जीत का ताला खोलने के लिये यह मुफ्त की संस्कृति एक राजनीतिक विकृति के रूप में विकसित हो रही है। चुनावों में सत्ता हासिल करने के लिए अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों की ओर से किए जाने वाले वादे की शक्ल अब बीते कुछ समय से कोई चीजें या सुविधाएं मुफ्त मुहैया कराने के रूप में सामने आने लगी है। अगर एक पार्टी विद्यार्थियों को मुफ्त लैपटाप, वृद्धों को मुफ्त धार्मिक यात्रा, महिलाओं को मुफ्त बस सफर देने का वादा करती है तो दूसरी पार्टियां बिजली-पानी और स्कूटी या गैस सिलेंडर। हालत यह हो गई है कि

इस मामले में लगभग सभी पार्टियों के बीच एक होड़ जैसी लग गई है कि मुफ्त के वादे पर कैसे मतदाताओं से अपने पक्ष में लुभा कर मतदान कराया जा सके। इससे राज्यों का आर्थिक संतुलन लड़खड़ाता है या वे कर्ज में डूबते हैं तो इसकी चिन्ता किसी भी दल की सरकार को नहीं है।

अक्सर विकास से संबंधित किसी काम के समय पर पूरा नहीं होने को लेकर सरकारें कोष में धन की कमी और कर्ज के बोझ का रोना रोती हैं। लेकिन वहीं वे मुफ्त में लोगों को कोई सामान बांटने से लेकर बिजली या पानी जैसी योजनाएं चला कर जनपक्षीय होने का दावा करते हुए राज्य के आर्थिक बजट को डांवाडोल कर देती हैं। चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों की ओर से वादे किए जाने पर पूरी तरह रोक लगाना लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा के लिये जरूरी है। लोगों द्वारा चुने गये प्रतिनिधि जनता के ह्यमालिकह्न नहीं बल्कि ह्यनौकरह्न होते हैं और केवल पांच साल के लिए जनता उन्हें देश या प्रदेश की सम्पत्ति या खजाने का रखरखाव (केयर टेकर) करने के लिए चुनती है। लेकिन राजनीति में घर कर रही विकृतियों के कारण, चरमराते राजनीतिक मूल्यों एवं येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीतने की होड़ के चलते जन-प्रतिनिधि स्वयं को मालिक मानने की भूल करने लगे हैं। चुनावों से पहले ही मुफ्त सौगात देने के वादे करके राजनीतिज्ञ या राजनीतिक दल जनता के खजाने को निजी सम्पत्ति समझ कर मनचाही सौगात बांटने की जो घोषणा करते हैं, वह पूरी तरह लोकतन्त्र को आधिकारिक रिश्वतखोरी के तन्त्र में बदलने का एक घिनौना एवं विरोधाभासी प्रयास ही कहा जा सकता है। पिछले कुछ दौर से यह मुफ्त की संस्कृति वाली राजनीति एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। सवाल है कि लगभग हर छोटी-मोटी सुविधाओं या आर्थिक व्यवहार को ह्यकरह्न के दायरे में लाने और उसे सख्ती से वसूलने वाली सरकारें इतने बड़े पैमाने पर कोई चीज कैसे मुफ्त देने लगती हैं? यह जनता को गुमराह करने का जरिया है। इसका एक अन्य पहलू यह है कि कुछ सुविधाएं या सेवाएं मुफ्त किए जाने से इतर सरकार क्या जनता से अन्य मदों में कर नहीं वसूलती है? फिर विशेष या आपात स्थिति में अगर जीवन-निर्वाह के लिए लोगों को कोई सामान निःशुल्क दिया जाता है तो क्या वह सरकार की जिम्मेदारी नहीं होती है? एक आदर्श सरकार वही है जो अपनी जनता में मुफ्तखोरी में जीने की आदत डालने की बजाय उसे कर्ममय एवं उद्यमी बनाये। उन्हें रोजगार दें, काम-धंधों में लिप्त करें। जितनी राशि मुफ्त में सुविधाएं या चीजें देने में खर्च होती है, वही राशि यदि उद्यम एवं विकास में खर्च की जाये तो प्रांत का विकास होगा, बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा, समृद्धि का वातावरण बनेगा। मुफ्त की संस्कृति एवं प्रचलन पर नियंत्रण जरूरी है, इसके लिये वित्त आयोग आवंटन के समय किसी राज्य सरकार का कर्ज और मुफ्त में सामान मुहैया कराने की कीमत को देख कर अपना निर्णय ले सकता है। जाहिर है, चुनावों में जीत के लिए कोई चीज या सेवा मुफ्त मुहैया कराए जाने का सवाल विवादों के घेरे में है और इस पर कोई स्पष्ट रुख, नीति एवं प्रावधान सामने आना जरूरी है। भारत में बहुत से ऐसे राज्य हैं जहां राजनीतिक दलों ने मतदाताओं को मुफ्त सौगात बांटने के वादे किये और सत्ता में भी आ गये मगर खजाने खाली हो गये और यहां की सरकारें भारी कर्जदार हो गईं।

तीन सौ वर्षों में मिला गुलाबी हीरा

अंगोला की खान का हीरा है 170 कैरेट का

लुआंडा। अफ्रीकी देश अंगोला की खदान में खननकर्मियों ने बीते 300 सालों में सबसे बड़े गुलाबी हीरे को खोजा है। यह बेहद खास गुलाबी हीरा 170 कैरेट का है। हीरे के जानकारों का कहना है कि बीते 300 साल में खोजा गया यह सबसे बड़ा गुलाबी हीरा है। इस खदान का मालिकाना हक लुकापा डायमंड कंपनी के पास है। कंपनी ने बुधवार को अपनी वेबसाइट पर इस बात का एलान किया है। कंपनी ने बताया कि बेहद दुर्लभ लुलो रोज हीरा अंगोला की लुलो खदान में मिला है।

बताया जा रहा है कि फिलहाल अभी यह शुद्ध रूप में मौजूद है। इसकी कटिंग और पॉलिशिंग के बाद ही सही कीमत का अंदाजा लगाया जा सकता है। ऑस्ट्रेलियन कंपनी लुकापा डायमंड के खननकर्मियों ने अंगोला में इस हीरे को खोजा है। अफ्रीकी देश अंगोला के उत्तर पूर्व में यह खदान स्थित है। बताया जाता है कि यहां की जमीन में भारी मात्रा में हीरे हैं। इसलिए अंगोला के इस इलाके में ऑस्ट्रेलियन हीरा खनन कंपनी लुकापा ने निवेश किया है। खदान में खोजा गया द लूलो रोज टाइप 2ए हीरा है। इसका मतलब है कि यह प्राकृतिक तौर पर बेहद दुर्लभ और शुद्ध है। इस हीरे के मिलने से अंगोला की सरकार और खनन कंपनी बहुत खुश है।

अंगोला के मिनरल रिसोर्स मंत्री दियामंतीनो अजेवेदो ने द लूलो रोज की खोज को एक रिकॉर्ड करार दिया है। दुनिया के हीरा उत्पादक इलाकों में द लूलो रोज की वजह से अंगोला का नाम ऊपर उठता गया है। इस हीरे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टेंडर निकालकर बेचा जाएगा। अभी इस हीरे की कटाई-छटाई और पॉलिशिंग की जानी है। बताया जा रहा है कि सबकुछ होने के बाद इसका



वजन लगभग 50 प्रतिशत तक कम हो जाएगा। इससे पहले मिले दुर्लभ हीरो को अच्छी कीमत पर बेचा गया है। इसलिए उम्मीद जताई जा रही है कि यह हीरा भी ऊंची कीमत पर बिकेगा।

साल 2017 में 59.6 कैरेट का पिंक स्टार हीरे की हॉन्ग कॉन्ग में नीलामी की गई थी जिसमें 71.2 मिलियन डॉलर्स यानी 567.86 करोड़ रुपये में हीरे को बेचा गया था। अब तक का यह गुलाबी हीरा सबसे महंगा बिका था। द लूलो रोज अभी 170 कैरेट का है। कटिंग के बाद भी यह भारी कीमत में बिकेगा। एक अनुमान के मुताबिक, दुनियाभर में हीरे को लोग सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। इसीलिए अब इसकी मांग बाजार में बढ़ती जा रही है।

दुनिया का सबसे खतरनाक थीम पार्क

आती हैं अजीबो-गरीब आवाजें, तूफान में हो गया था बर्बाद

न्यू ओरलियंस। अमेरिका का एक प्रसिद्ध थीम पार्क अब जो सालों से भूतिया जगह बन चुका है। यह थीम पार्क कभी लोगो के बीच प्रसिद्ध था, लेकिन अब यहा कभी रोशनी नजर आती है, तो कभी अजीबो गरीब आवाज सुनाई देती है। इस थीम पार्क में सालो से बिजली की सप्लाई बंद है। इस जगह पर जाने से भी लोग डरते हैं। हाल ही में इस थीम पार्क की डरावनी तस्वीरें सामने आई हैं। डॉक्यूमेंट्री बना रहे एक प्रोड्सर ने यहां की फोटो शेयर की थीं। अमेरिका के न्यू ओरिलयंस में स्थित सिक्स फ्लैग्स थीम पार्क हमेशा लोगों से भरा रहता था, लेकिन 2005 में आए कैटरीना तूफान ने इस पार्क को तबाह कर दिया। तभी से यह बंद पड़ा है। आज भी वहां पर चीजें बिखरी पड़ी हैं। तूफान की वजह से आई बाढ़ में यह पार्क 20 फीट तक डूब गया था जिसकी वजह से सब कुछ तबाह हो गया। तबाही की निशानियां आज भी दिखाई देती हैं। इस तूफान की वजह से 1800 लोगों की मौत हो गई थी, तो वहीं यह थीम पार्क एक भूतिया जगह में बदल गया। इस तूफान की वजह से चार लाख से ज्यादा लोग बेघर हो गए थे। इस तूफान की वजह से कई लोग आज तक उबर नहीं पाए, तो वहीं कुछ लोग आज भी गरीबी की मार झेल रहे हैं। अब यह थीम पार्क दुनिया के मोस्ट हॉन्टेड पार्क में से एक है। कहा जाता है कि आज भी इस जगह पर तूफान में मारे गए लोगों की आत्माएं भटकती हैं। इस तबाह हुए थीम पार्क में जांच करने के लिए गए लोगों का कहना है कि यहां ऐसा लगता है जैसे उनको कोई देख रहा है। यहां कई सालों से बिजली बंद है, लेकिन यहां जगमग रोशनी देखी गई है। इसके अलावा यहां अजीबो-गरीब आवाजें भी अक्सर सुनाई देती हैं। तूफान में मची तबाही के बाद बची उनकी निशानियां यहां पर आने वाले लोगों को आज भी डराती हैं। अमेरिका का यह ऐसा सबसे बड़ा पार्क है जो कई सालों से बंद है। यहां के नजारे देखकर कोई शख्स डर जाएगा। तूफान ने एक झटके में सबकुछ समाप्त कर दिया था।

नीलामी में अरबों में बिका 15 सौ का एक सिक्का

एक खास वजह से दुनिया के लिए बन गया बेशकीमती

वाशिंगटन। दुनिया में ऐसी कई दुर्लभ चीजें मौजूद है, जिनकी असल कीमत तो काफी कम है लेकिन कई ऐसी वजह होती है जिस कारण वह चीजें बेशकीमती बन जाती है। ऐसी कई चीजें हैं जो कई लोगों को अरबपति बना चुकी है। इसी कारण लोगों को पुरानी चीजें को कलेक्ट करने का शौक भी होता है। जहां कई लोग पुराने स्टैम्प कलेक्ट करते हैं तो वहीं कई ऐसे होते हैं जिन्हें पुराने सिक्के जमा करने का शौक होता है। इसी कड़ी में आज हम आपको एक ऐसे ही दुर्लभ सिक्के के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसकी मार्केट वेल्यू तकरीबन 1000-1600 तक की है लेकिन जब इस सिक्के को दुनिया के सामने नीलाम किया गया, तो इसकी कीमत इतनी ज्यादा निकली ये दुनिया का सबसे महंगा सिक्का बन गया। हम बात कर रहे हैं दुनिया के सबसे महंगे सिक्के का नाम डबल ईगल गोल्ड कॉइन के बारे में, जिसकी मार्केट वेल्यू तो हजारों में थी लेकिन जब इसे नीलामी के लिए रखा गया तो इसको खरीदने के लिए लोग अरबों रुपए खर्च करने के लिए तैयार हो गए। जानकारी के लिए बता दें कि ये एक अमेरिकी सिक्का है जिसे 1933 में बनाया गया था।

आपको जानकर हैरानी होगी कि इस सिक्के को नीलामी के लिए बाजार में लाया गया तो इसे 1 अरब 44 करोड़ 17 लाख 95 हजार 9 सौ पचास रुपए में बेचा गया, लेकिन इस समय एक्सचेंज रेट के हिसाब से कीमत सिर्फ लगभग सोलह सौ है। अब आपके मन में सवाल तो जरूर उठ रहा होगा कि सोलह सौ की कीमत वाला सिक्का इतना महंगा क्यों बिका? दरअसल इस सिक्के के एक तरफ यूएस की लेडी लिबर्टी की तस्वीर है और दूसरे साइड अमेरिकी ईगल छपा हुआ है और इस सिक्के को लेकर सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि इसे बनाया तो गया लेकिन उसे कभी इस्तेमाल नहीं किया गया। जब तक ये चलन में आता, तब तक अमेरिका में सोने के सिक्के बनाए जाने बंद कर दिए गए थे। इसके बाद इन्हें बनाना बंद कर दिया गया था और सरकार ने इसे नष्ट करने के आदेश दे दिए थे लेकिन किसी वजह से ये सिक्का बच गया और अब इसकी कीमत इतनी है कि ये दुनिया का सबसे महंगा सिक्का बन गया है।

पुराने टैंक से बनायी शाही सवारी

टैंक पर चढ़कर शॉपिंग करने निकलता है परिवार, दंग रह जाते हैं लोग

लंदन। गैरी फ्रीलैंड पूर्व सैनिक हैं और उन्होंने अपने परिवार के लिए मिलिट्री टैंक में थोड़ा बदलाव करके शाही सवारी तैयार की है। अब वे उससे शान से परिवार के साथ घूमने निकलते हैं। आपने गाड़ियां तमाम देखी होंगी। कुछ लोगों को लेटेस्ट मॉडल की गाड़ियों का शौक होता है और वे उस पर पैसे खर्च करने से पीछे नहीं हटते तो कुछ लोगों को विंटेज गाड़ियों का शौक होता है। हालांकि आपने किसी को टैंकर या ट्रक जैसी भारी गाड़ी को रेगुलर इस्तेमाल में लेते हुए नहीं देखा होगा। ब्रिटेन में एक पूर्व सैनिक ने अपने लिए एक ऐसी ही गाड़ी तैयार की है, जिसे सड़क पर देखकर ही लोग हैरान रह जाते हैं। गैरी फ्रीलैंड पूर्व

सैनिक हैं और उन्होंने अपने परिवार के लिए मिलिट्री टैंक में थोड़ा बदलाव करके शाही सवारी तैयार की है। अब वे उससे शान से परिवार के साथ घूमने निकलते हैं। परिवार शॉपिंग के लिए भी मिलिट्री टैंकर में बैठकर जाता है और छुट्टियों पर राइड लेने के लिए भी वे मिलिट्री टैंकर का इस्तेमाल करते हैं।

मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक 35 साल के गैरी फ्रीलैंड इंग्लैड के रहने वाले हैं और उन्होंने एक मिलिट्री टैंकर को अपनी रोजाना की सवारी बना रखा है। वे इस पर बैठकर सुपरमार्केट जाते हैं और रोजाना के काम करते हैं। उन्होंने इस टैंक को चलने लायक बनाने के लिए 20,000 पौंड यानि करीब 19 लाख रुपये खर्च किए हैं। वे बचपन से ही मिलिट्री गाड़ियों के शौकीन थे और उन्होंने 16 साल की उम्र में आर्मी ज्वाइन कर ली थी। 20 साल बाद उन्होंने अपना मिलिट्री वाहन खरीदा और उसे वे अपने होमटाउन एमेसबरी की सड़कों पर चलाते हैं। जब भी गैरी अपना वाहन लेकर सड़क पर निकलते हैं, लोग उन्हें देखकर चौंक जाते हैं। घर पर वे उसे अपनी गाड़ी के पास ही पार्क करके रखते हैं और बच्चों के साथ ड्राइव पर निकलते हैं। उनके बच्चों को इस टैंक की सवारी करना बेहद पसंद है और इसमें काफी सारा सामान भी आ जाता है। हालांकि लोगों के लिए ये बेहद अजीब होता है। गैरी अब भी आर्मी में हैं और वे गेट गार्ड्स के तौर पर इस्तेमाल होने वाले टैंक्स को रिस्टोर करने का काम करते हैं।

हंसगुल्ले

टीटी ने पप्पू को प्लेटफॉर्म पर पकड़ लिया
टीटी- टिकट दिखा
पप्पू- अरे मैं ट्रेन में आया ही नहीं
टीटी- क्या सबूत है?
पप्पू- सबूत यही है कि मेरे पास टिकट नहीं है।

संता ने बंता से पूछा -
अगर एक तरफ पैसा हो और दूसरी तरह दिमाग हो,
तो तुम इन दोनों में से क्या लेना पसंद करोगे ?
बंता बोल- मैं पैसा लेना पसंद करुंगा।
संता बोला- मैं तो भाई दिमाग लेना पसंद करुंगा।
संता की बात सुनकर बंता बोला - जिसे जिस चीज की कमी होती हैं, वह वही लेना पसंद करता है।

संता और उसकी बीवी रेलवे स्टेशन पर खड़े हो कर रेल गाड़ी का इन्तजार कर रहे थे।
तभी एक गाड़ी आई जिसपे लिखा था 'बॉम्बे मेल'
संता भाग कर ट्रेन में चढ़ गया..
बीवी से बोला- जब 'बॉम्बे फीमेल' आए तो तू भी चढ़ जाना।

भारत की पहली एसी ट्रेन को कैसे करते थे ठंडा

93 साल पहले शुरू की गई थी ट्रेन

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे को भारत की लाइफलाइन कहा जाता है। भारतीय रेल एशिया का दूसरा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क हैं, जबकि दुनिया में तीसरे स्थान पर है। भारतीय रेल से हर दिन लाखों लोग यात्रा करते हैं। भारतीय ट्रेनों में कई तरह की बोगियां लगाई जाती हैं। ट्रेनों में सामान्य, स्लीपर, थर्ड क्लास एसी, टू एसी क्लास एसी और फर्स्ट क्लास एसी की बोगियां लगाई जाती हैं। इसके

अलावा भारतीय रेलवे कई ऐसी ट्रेनें भी चलाता है जिसमें सिर्फ एसी बोगियां होती हैं। आईए जानते हैं भारत की किस ट्रेन में सबसे पहले एसी बोगी का इस्तेमाल हुआ था और कहां से इसको शुरू किया गया था। भारत की पहली एसी ट्रेन की शुरूआत 93 साल पहले एक सितंबर 1928 को हुई थी और इसका नाम फ्रंटियर मेल था। पहले इस ट्रेन का नाम पंजाब एक्सप्रेस था। इस ट्रेन में साल 1934 में एसी कोच जोड़े गए थे जिसके बाद इसका नाम बदलकर फ्रंटियर मेल कर दिया गया। उस समय यह राजधानी ट्रेन की तरह थी।

वर्तमान समय में एसी कोच को ठंडा करने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन उस समय ऐसा नहीं था। उस समय बर्फ की सिल्लियों से ट्रेन को ठंडा रखा जाता था। एसी कोच के नीचे बॉक्स में बर्फ रखा जाता था और फिर पंखा लगा दिया जाता था। इस पंखे की मदद से एसी कोच को ठंडा किया जाता था। भारत की पहली एसी ट्रेन फ्रंटियर मेल मुंबई से अफगानिस्तान की सीमा तक जाती थी। इस ट्रेन से अंग्रेज अधिकारियों के अलावा स्वतंत्रता सेनानी भी यात्रा करते थे। यह ट्रेन दिल्ली, पंजाब और लाहौर के रास्ते 72 घंटे में पेशावर तक जाती थी। यात्रा के दौरान पिघल चुकी बर्फ को अलग-अलग स्टेशनों पर निकाल दिया जाता था और उसमें नई बर्फ की सिल्लियां रखी जाती थीं। इस ट्रेन से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने यात्रा की थी। इस ट्रेन की सबसे बड़ी खासियत यह थी कि यह सही समय पर चलती थी और कभी लेट नहीं होती थी। एक बार ट्रेन लेट हो गई तो ड्राइवर से जवाब मांगा गया था। साल 1940 तक इस ट्रेन में 6 कोच होते थे और करीब 450 लोग यात्रा करते थे। आजादी के बाद यह ट्रेन मुंबई से अमृतसर तक चलने लगी। 1996 में इस ट्रेन का नाम बदलकर गोल्डन टेम्पल मेल कर दिया गया।

एक अगस्त से चलेगी इंटरसिटी और पैसेंजर

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। एक अगस्त से सिंगरौली -चुनार-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस,चोपन-चुनार-प्रयाग राज पैसेंजर तथा दीनदयाल उपाध्याय -चुनार-सुबेदार गंज पैसेंजर का परिचालन शुरू होगा। गौरतलब है कि इंटरसिटी एक्सप्रेस को स्थाई तौर पर बंद कर दिया गया था जबकि पैसेंजर गाड़ियां कोरोना की वजह से बंद कर दी गई थी। इन गाड़ियों के बंद होने से चुनार चोपन सेक्शन तथा चोपन -प्रयाग राज,चोपन वाराणसी सेक्शन के यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। विगत 15 जुलाई 2022 को वरिष्ठ पत्रकार राजीव कुमार ओझा ने उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के महाप्रबंधक प्रमोद कुमार से उनके सुबेदार गंज स्थित कार्यालय में मुलाकात कर उनको यात्रियों को उक्त गाड़ियों के बंद होने से हो रही परेशानियों, पैसेंजर गाड़ियों के बंद होने से गरीब यात्रियों और दैनिक यात्रियों को होने वाली परेशानी से विस्तार पूर्वक अवगत कराया था। इन गाड़ियों का परिचालन क्षेत्र ईस्टर्न रेलवे और नार्थ सेंट्रल रेलवे तक विस्तारित है। महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने यात्रियों के हित से जुड़े इस प्रकरण का संज्ञान लेते हुए तत्काल ईस्टर्न रेलवे के महाप्रबंधक से वार्ता की और ओझा को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही इन गाड़ियों का परिचालन कराया जाएगा। महाप्रबंधक के सकारात्मक प्रयास से एक अगस्त से इन गाड़ियों का परिचालन शुरू होगा। राजीव कुमार ओझा ने बताया कि इन गाड़ियों का परिचालन शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलेगा।

जन्मदिन पर किया अपना 5वां रक्तदान और एक महिला मरीज को दिलाया मौके पर ब्लड

प्रखर मिजार्पुर। ब्लड डोनर क्लब के सक्रिय सदस्य रक्तवीर - गौरव विश्वकर्मा जी ने आज जन्मदिन के शुभअवसर पर रक्तदान किया , रक्तदान कर-के रक्तवीर की भूमिका निभाते हुए गौरव जी समय - समय पर रक्तदान करते रहते है , गौरव का कहना है कि जब से रक्तदान करना शुरू किया है तब से ईश्वर की कृपा से कोई दवा नही खाया इसका मतलब की स्वंय भी स्वस्थ हो रहे है और इनके रक्तदान करने से जरूरतमंद मरीजो की भी जान बच रही है। मौके पर - क्लब के संस्थापक कृष्णानंद हैहयवंशी , ब्लड बैंक प्रभारी डॉ राजन कुमार , छळ पीयूष कांत उपस्थित रहे।

स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान

प्रखर वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ मनोविज्ञान विभाग के द्वारा आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मनोविज्ञान विभाग के छात्र एवं छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही छात्र एवं छात्राओं के उत्साह को देखते हुए प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को इस तरह के कार्यक्रम को करने का निर्णय भी लिया गया इस कार्यक्रम की प्रेरणा स्त्रोत महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के माननीय कुलपति प्रोफेसर आनंद कुमार त्यागी जी रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में समाज संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर बृजेश कुमार सिंह कार्यक्रम की संयोजक मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि सिंह एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ दीपमाला सिंह बघेल एवं डॉ संतोष कुमार सिंह रहे इस कार्यक्रम में समस्त मनोविज्ञान परिवार डॉ मुकेश कुमार पंथ डॉ दुर्गेश कुमार उपाध्याय डॉ पूर्णिमा श्रीवास्तव डॉ कंचन शुक्ला डॉ रश्मि रानी सरिता सिंह एवं सभी शैक्षिक कर्मचारीगण की उपस्थिति रही!

सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। खानपुर क्षेत्र के अनौनी बाजार में पिकअप की चपेट में आने से सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेने के साथ चालक को हिरासत में लेकर छानबीन में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार सौना गांव निवासी कांता राजभर सैदपुर स्थित सब्जी मंडी से सब्जी लेकर घर जा रहे थे। अनौनी बाजार में मेहनाजपुर के तरफ आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कांता पिकअप में लगे हुक में फंस गए जिससे वह करीब पचास मीटर तक घसीटते हुए दूर जा गिरे। बाजारवासियों ने चालक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। थानाध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया की पिकअप को कब्जे में ले लिया गया हैं। अभी तहरीर नहीं मिली है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

जिला बदर की कार्रवाई होने से वकील आक्रोशित

प्रखर पिंडरा वाराणसी। तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा के सदस्य देवेंद्र मिश्रा को जिला प्रशासन द्वारा जिला बदर किये जाने से पिंडरा के वकीलों में आक्रोश दिखा और बिरोध में न्यायिक कार्य से विरत रहे। शनिवार को सुबह 11 बजे अधिवक्ता भवन में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक हुई और बार के सदस्य व अधिवक्ता देवेंद्र मिश्र के ऊपर अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा जिला बदर की कार्रवाई करने से वकीलों में आक्रोश दिखा और पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। साथ ही सोमवार को बैठक कर आगे रणनीति तय करने की सहमति बनी। इस दौरान बार के पदाधिकारियों के अलावा दर्जनो अधिवक्ता उपस्थित रहे।

गोरखपुर में डीआईजी बंगले के पास हॉस्पिटल के बाहर तड़तड़ाई गोलियां, सनसनी

प्रखर गोरखपुर। डीआईजी बंगले के पास एक हॉस्पिटल के सामने बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग कर दी। फायरिंग कर बदमाश वहां से निकल गए लेकिन अस्पताल के कर्मचारी दहशत में हैं। पुलिस बदमाशों की धड़पकड़ में जुटी है। तारामंडल के विवेकपुरम कालोनी निवासी आदर्श सिंह का डीआइजी बंगला के पास जेएस हास्पिटल है। कैंट थाना पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने लिखा है कि शनिवार की सुबह उनके जानने वाले सूरज सिंह, राहुल शर्मा, विनय यादव और विशाल सिंह बाइक से हास्पिटल के बाहर पहुंचे। आते ही इन लोगों ने असलहा निकालकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई।

मां करवल देवी मंदिर पर हुआ भंडारे का आयोजन

प्रखर गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के करवल मझगांवा मे राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मां करवल देवी के मंदिर पर नव युवक मंगल दल मझगांवा के नव युवकों ने भंडारे का आयोजन किया। इस भंडारे का आयोजन मां सरयू नदी का जल भरकर पिपराइच स्थित मोटेश्वर नाथ शिव मंदिर पर जलाभिषेक करने जा रहे कांवरियों के लिए किया गया। आपको बताते चलें की शिव भक्त बड़हलगंज से मां सरयू नदी का जल भर के डीजे पर नाचते थिरकते बोल बम का नारा लगाते पैदल कांवर यात्रा लेकर पिपराइच स्थित मोटेश्वर नाथ मंदिर पर जलाभिषेक करने जाते हैं। उन्हीं की सेवा के लिए मां करवल देवी मंदिर पर हर साल करवल मझगांवा के नवयुवक और व्यापारी वर्ग मिलकर इन कांवरियों की सेवा के लिए भंडारे का आयोजन करता है जब बड़हलगंज से जल भरकर कांवरियो की टोली करवल माता मंदिर पर पहुंचती है तो कांवरियों के लिए यहां भंडारे का आयोजन किया जाता है आयोजको में मुख्य रूप से संतोष कसौधन, शंकर कसौधन, सुशील ठठेर, अवधेश गौड, सतेंदर गौड, मंगरु कसौधन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

फूड विभाग के अधिकारी और कर्मचारी है मस्त, इनके सह पर खुलेआम बाजारों में बिक रहा है मौत का सामान

प्रखर गोरखपुर। फूड विभाग की सह पर आम जनता को परोसे जा रहे है केमिकल युक्त सामन खाने पीने की व्योस्थाओ लेकर है ज्यादा तर लोग कैंसर जैसी विमारी का शिकार हो रहे हैं ऐसे में भ्रष्ट अधिकारी मालामाल हो रहे हैं जनपद गोरखपुर में जिला फूड विभाग आये दिन माला माल हो रहा है इस समय सहजनवा बाजार में मिलावट युक्त सामानों का बोल बाला है और अधिकारी अपने ही जनपद के लोगों को केमिकल युक्त सामानों को ब्रिक्री करवाकर उनके जिन्दिगियो से खिलवाड़ करने का काम कर रहे हैं जिले की जिम्मेदार अधिकारी जो की जिला अधिकारी कृष्णा करुणेश है वह अपने में ही मस्त है जनता भाड में जाये इनसे मतलब नहीं है आप सब को ज्ञात होगा की सहजनवा बाजार और उसके अगल बगल के बाजारों में केमिकल युक्त चीजों से पनीर फाड़कर बेचा जाता हैं और उससे महिने का मोटी रकम का कमीशन तैय है जिले में राजस्थान , झांसी, भिंड और भी कई क्षेत्रों से बाहरी लोगों ने पानी पुरी फालूदा बर्गर चाऊमीन और तो और पश्चिमी बंगाल से बंगाली बंधुओं ने मिलावटी मिठाई की दुकानें खोलकर जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर फूड विभाग के कर्मचारियों का और अपना जेब गर्म करने में लगे हुए हैं। भोली भाली ग्रामीण जनता के स्वास्थ से इनका कोई लेना देना नहीं।आपको राजस्थान के नम्बर की कई गाड़ियां जिले के कई बाजार और दूरदराज ग्रामीण इलाके में फालूदा और ठंडाई बेचते नजर आएंगे। जिनका कमीशन एक लाख प्रतिमाह है ऐसे ही कितने लोग और कितने खाने के सामान है जो की नियमतः गुणवत्ता में सही नहीं है और आज कल लोग आटो फिशियल हो या खाने वाली जहरीली सामान बहोत तेजी से खा रहे हैं ऐसे में इन जिम्मेदार अधिकारियों को आखिर कौन लगाम लगाए उत्तर प्रदेश सरकार के मा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का गृह जनपद का यह मामला है । गोरखपुर में अगर आप को समय हो तो थोड़ा सोचिए की आखिर उन गरीब ने क्या अपराध किया है जो पैसा भी दे रहा है और मौत का सामान भी ले रहा है मित्रों अंग्रेजो से ज्यादा कुशासन अगर कोई है तो फूड विभाग के लापरवाह और गैर जिम्मेदार अधिकारी है जो लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर माला माल हो रहे हैं। फूड महकमे के मेहरबानी से सिर्फ कागजों में ही की जाती है इनकी जांच।

ट्विटर पर मीडिया संस्थानों, पत्रकारों के ट्वीट हटाने की मांग करने वाले देशों में भारत आगे

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

जुलाई से दिसंबर 2021 के बीच वैश्विक स्तर पर भारत ने ट्विटर पर सत्यापित पत्रकारों और मीडिया संस्थानों द्वारा पोस्ट की गई सामग्री को हटाने की कानूनी मांग सबसे ज्यादा की। माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट ने अपनी हालिया पारदर्शिता रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक, ट्विटर खातों से जुड़ी जानकारी मांगने में भारत सिर्फ अमेरिका से पीछे था। वैश्विक स्तर पर मांगी गई जानकारी में उसकी हिस्सेदारी 19 फीसदी थी। रिपोर्ट के अनुसार, भारत जुलाई से दिसंबर 2021 के बीच सभी तरह के उपयोगकर्ताओं के मामले में सामग्री को प्रतिबंधित करने का आदेश देने वाले शीर्ष पांच देशों में शामिल था।

ट्विटर ने बताया कि जुलाई से दिसंबर 2021 के बीच उसे दुनियाभर से सत्यापित पत्रकारों और मीडिया संस्थानों से जुड़े 349 अकाउंट पर मौजूद सामग्री को हटाने की कानूनी मांग हासिल हुई। कंपनी के मुताबिक, जिन अकाउंट की सामग्री पर आपत्ति दर्ज कराई गई, उनकी संख्या पूर्व की अवधि (जनवरी से जून 2021) से 103 फीसदी अधिक है।

ट्विटर के अनुसार, इस वृद्धि के लिए मुख्य रूप से भारत (114), तुर्की (78), रूस (55) और पाकिस्तान (48) द्वारा दाखिल कानूनी आपत्तियां जिम्मेदार हैं। मालूम हो कि भारत

■ रिपोर्ट के मुताबिक, ट्विटर खातों से जुड़ी जानकारी मांगने में भारत सिर्फ अमेरिका से पीछे था

जनवरी से जून 2021 के बीच की अवधि में भी इस सूची में शीर्ष पर था। उस अवधि में ट्विटर को वैश्विक स्तर पर हासिल ऐसी कानूनी मांगों में से 89 भारत से जुड़ी थीं।

ट्विटर ने कहा कि 'कानूनी मांगों' में सामग्री हटाने से संबंधित अदालती आदेश और अन्य औपचारिक मांगें शामिल हैं, जो सरकारी निकायों और व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ताओं से प्राप्त होती हैं। बिना कोई विवरण देते हुए कंपनी ने बताया कि 2021 की दूसरी छमाही में वैश्विक स्तर पर प्रमाणित पत्रकारों और मीडिया संस्थानों के 17 ट्वीट हटाए गए, जबकि साल की पहली छमाही में ऐसे ट्वीट की संख्या 11 थी।

ट्विटर ने बताया कि उसे भारत के राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से एक नाबालिग के निजता संबंधी मुद्दों को लेकर उससे जुड़ी सामग्री हटाने की कानूनी मांग हासिल हुई है। हालांकि, कंपनी ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उसका संदर्भ कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पिछले साल अगस्त में किए गए ट्वीट को लेकर माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म की शिकार एक नाबालिग दलित लड़की के मातापिता से अपनी मुलाकात की तस्वीर साझा की थी।

ट्विटर ने कहा, 'भारतीय कानून के मुताबिक एक वरिष्ठ राजनेता द्वारा किए गए ट्वीट को भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया था।' जून से 2021 के बीच ट्विटर को उपयोगकर्ताओं के अकाउंट से जुड़ी जानकारी मुहैया कराने के दूसरे सर्वाधिक सरकारी अनुरोध भी भारत से मिले।

कंपनी ने कहा, 'इस अवधि में अमेरिका से सबसे ज्यादा सरकारी सूचना अनुरोध प्राप्त हुए, जो वैश्विक स्तर पर हासिल अनुरोध का 20 प्रतिशत और निर्दिष्ट वैश्विक खातों का 39 फीसदी हैं।'

ट्विटर के मुताबिक, 'दूसरे सर्वाधिक सरकारी सूचना अनुरोध भारत से प्राप्त हुए, जो वैश्विक स्तर पर हासिल अनुरोध का 19 प्रतिशत और निर्दिष्ट वैश्विक खातों का 27 फीसदी हैं।' सर्वाधिक सरकारी सूचना अनुरोध देने वाले शीर्ष पांच देशों में जापान, फ्रांस और जर्मनी भी शामिल हैं।

भारत से की गई कानूनी मांगों का विवरण देते हुए ट्विटर ने बताया कि जुलाई से दिसंबर 2021 के बीच दुनियाभर में सामग्री हटाने के लिए किए गए कुल 47,572 अनुरोध में से 3,992 यानी आठ प्रतिशत अनुरोध भारत से मिले थे। इनमें 23 अदालती आदेश और 3,969 अन्य कानूनी मांगें शामिल थीं। इस दौरान ट्विटर ने भारत में 88 अकाउंट और 303 ट्वीट पर रोक लगा दी।

गौमूत्र खरीदने वाला पहला राज्य बना छत्तीसगढ़

■ रायपुर (एसएनबी)।

छत्तीसगढ़ देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां सरकार पशुपालक ग्रामीणों से दो रुपए किलो में गोबर खरीदी के बाद अब 4 रुपए लीटर में गोमूत्र की खरीदी कर रही है।

हरेली अमावस्या के दिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने गोठान की गायों का पांच लीटर गोमूत्र बेच कर 20 रुपए अर्जित किए और लाखों किसानों के लिए गोधन से कमाई का एक नया रास्ता खोल दिया। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में धूमधाम से राज्य में गोमूत्र की खरीदी की ऐतिहासिक की शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर चंदखुरी की निधि स्वसहायता समूह को 5 लीटर गोमूत्र 20 रुपए में बेचकर राज्य के पहले विक्रेता बने। निधि स्वसहायता समूह ने गोमूत्र विक्रय की यह राशि भूपेश बघेल के आग्रह पर मुख्यमंत्री सहायता कोष के खाते में जमा की।

मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में धूमधाम से आयोजित हरेली पर्व के मौके पर मुख्यमंत्री ने कृषि यंत्रों की पूजा की और गोमाता को चारा खिलाया और उसकी पूजा की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर राज्य के जैविक खाद उत्पादक 7442 महिला स्वसहायता समूहों को 17 करोड़ रूपए की प्रोत्साहन (बोनस) राशि का भी वितरण किया। बघेल ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि गोधन न्याय योजना के बहुआयामी परिणामों को देखते हुए देश के अनेक राज्य इसको अपनाने लगे हैं। इस योजना के तहत अमीर हो या गरीब सभी दो रुपए किलो में गौठानों में गोबर बेच रहे हैं।

बीते दो सालो में गोधन न्याय योजना के माध्यम से गोबर विक्रेताओं, गौठान समितियों और महिला समूहों के खाते में 300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित हुई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेतीकिसानी समृद्ध हो, किसान खुशहाल हो यह हमारी कोशिश है। जैविक खाद और जैविक कीटनाशक का खेती में उपयोग करने से खेती की लागत में कमी आएगी। खाद्यान्न की गुणवत्ता बेहतर होगी, जिससे जनजीवन का स्वास्थ्य बेहतर होगा।

राज्य में बीते दो सालों से गोबर की खरीदी और इससे जैविक खाद के निर्माण से राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा मिला है। गोमूत्र खरीदी का मकसद गौठानों में इससे जैविक कीटनाशक, जीवामृत, ग्रोथ प्रमोटर का निर्माण करना है, ताकि राज्य के किसानों को कम कीमत पर जैविक कीटनाशक सहजता से उपलब्ध कराया जा सके। देश-दुनिया में गोबर की खरीदी की गोधन न्याय योजना की बेजोड़ सफलता ही गोमूत्र की खरीदी का आधार बनी है।

विजय और अनन्या की फिल्म 'लाइगर' का गाना वाट लगा देंगे रिलीज

मुंबई (वार्ता)। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा और बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे की आने वाली फिल्म 'लाइगर' का गाना वाट लगा देंगे रिलीज कर दिया गया है।

विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'लाइगर' को लेकर चर्चा में है। धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही इस फिल्म का गाना वाट लगा देंगे रिलीज हो गया है। इस गाने को विजय ने ही गाया है। गाने में विजय की जर्नी दिखाई है कि कैसे वह स्ट्रीट फाइटर से देश के लिए फाइट करने जाता है। गाने में बॉक्सिग रिंग में विजय देवरकोंडा पूरे जोश के साथ नजर आ रहे है। गाने का लिरिक्स फिल्म के निर्देशक पुरी जगन्नाथ ने लिखा है और कंपोज सुनील कश्यप ने किया है।

गौरतलब है कि लाइगर में विजय देवरकोंडा एक मार्शल आर्ट फाइटर के रूप में नजर आने वाले है और दिग्गज मुक्केबाज माइक टायसन उनके प्रतिद्वंद्वी होंगे। पुरी जगन्नाथ निर्देशित यह फिल्म इस साल 25 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस फिल्म को हिंदी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया जाएगा।

करवा चौथ टिप्पणी को लेकर रत्ना पाठक शाह ट्रोल

■ मुंबई (आईएएनएस)।

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री रत्ना पाठक शाह हिंदू त्योहार करवा चौथ पर अपनी टिप्पणियों को लेकर काफी ट्रोल हो गई हैं।

करवा चौथ, विवाहित हिंदू महिलाओं द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला एक दिवसीय त्योहार है, जिसमें वे सूर्योदय से चंद्रोदय तक उपवास रखती हैं और अपने पति की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करती हैं। रत्ना ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा कि, इक्कीसवीं सदी में महिलाएं करवा चौथ जैसे प्राचीन रीतिरिवाजों का पालन करना जारी रखती हैं और इसे 'भयावह' करार दिया। रत्ना की टिप्पणी पर कई संदेश आए।

एक यूजर ने इसकी तुलना हिजाब पहनने वाली मुस्लिम महिलाओं से की और ट्वीट किया, 'हिजाब पहनने वाली आधुनिक महिलाएं 'पसंद की स्वतंत्रता' हैं, करवा चौथ कर रही

आधुनिक महिलाएं 'भयावह' हैं।'

एक अन्य ने कहा, 'मेरे विश्वास प्रणाली पर टिप्पणी करने वाले लोग भयावह हैं। मैं करवाचौथ करती हूं क्योंकि मैं एक स्वतंत्र देश में रहती हूं जहां मैं जो मानती हूं उसका पालन कर सकती हूं। मैं एक आधुनिक महिला हूं क्योंकि मैं दूसरों के बारे में निर्णय नहीं लेती हूं। मैं एक बुद्धिमान महिला भी हूं क्योंकि मैं अपने अधिकारों को जानती हूं।'

एक अन्य ने टिप्पणी की, 'कितना शर्मनाक विचार, व्रत या रोजा रखने वाले लोगों से यह कहने की हिम्मत करें? हैशटैगरत्ना पाठक शाह।' एक यूजर ने लोकप्रिय शो 'साराभाई वर्सेज साराभाई' के टाइटल ट्रैक का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने माया साराभाई का प्रतिष्ठित किरदार निभाया था। 'हैशटैगरत्नपाठकशाह हैशटैगरत्नापाठक साराभाई शीर्षक गीत उन पर पूरी तरह से सूट करता है। ये जो नजर आते हैं ये तो वो है नहीं।'

न्यूड फोटोशूट के विवाद के बीच रणवीर सिंह ने सफेद रंग में नई तस्वीरें की साझा

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह जो कि अभी लगातार न्यूड फोटोशूट के लिए लाइमलाइट के साथसाथ विवाद में बने हुए हैं, उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी नई तस्वीरें साझा की है जिसमें एक्टर ने सफेद रंग के कपड़े पहने हुए हैं। रणवीर ने शुक्रवार की सुबह इंस्टाग्राम पर अपने फोटोशूट की एक झलक साझा की जिसमें वो पूरी तरह से ढंके हुए हैं। वायरल हुई इन तस्वीरों में रणवीर सिंह ने टीशर्ट, एक ब्लेजर और स्नीकर्स पहने हुए हैं जो कि सब सफेद रंग के हैं। इसके साथ ही उन्होंने लग्जरी घड़ी भी पहनी हुई है। इस हफ्ते की शुरूआत में, मुंबई पुलिस ने सोशल मीडिया पर अपनी न्यूड तस्वीरें पोस्ट करने के लिए रणवीर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

तलाक के बाद सामंथा ने खरीदा वही पुराना घर, चुकाई अधिक कीमत

हैदराबाद (आईएएनएस)। टॉलीवुड से बॉलीवुड तक का लंबा सफर तय करने वाली अभिनेत्री सामंथा प्रभु हमेशा किसी ना किसी वजह से चर्चा में रहती हैं, चाहे फिर वह नागा चैतन्य से तलाक हो या फिर सोशल मीडिया पर बोल्ड तस्वीरें या फिर अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पाः द राइज में उनका आइटम नंबर ऊ अंतव मामा आदि। ऐसे में अभिनेत्री की उनके फैंस के दिलों में एक अलग जगह है।

अभिनेत्री के बारे में नवीनतम चर्चा इस बात पर है कि उसने वही घर खरीदा है, जिसमें वह पूर्व पति के साथ रहती थी। एक पोर्टल को दिए एक साक्षात्कार में वरिष्ठ तेलुगू अभिनेता मुरली मोहन, जो एक

बिजनेसमैन भी हैं, ने याद किया कि कैसे सामंथा हैदराबाद का घर खरीदने के लिए अडिग थी, जहां यह जोड़ा शादी के बाद रुका था। मोहन ने कहा, नागा चैतन्य और सामंथा शादी के बाद इस अपार्टमेंट में रह रहे थे। बाद में उन्होंने एक स्वतंत्र घर खरीदा और इस अपार्टमेंट को इस शर्त पर बेच दिया कि उनका नया घर तैयार होने के बाद वे इसे सौंप देंगे।

इस बीच दोनों का तलाक हो गया और सामंथा अपनी खुद की जगह की तलाश में थी। मोहन ने आगे कहा, कई सारे विकल्पों को देखने के बाद भी सामंथा खुश नही थी इसीलिए अधिक कीमत देकर और कई सारे प्रयास करने के बाद एक्ट्रेस ने अपना वही पुराना घर वापस खरीद लिया। वरिष्ठ अभिनेता ने कहा कि सामंथा और उनकी मां अब अपार्टमेंट में रहती हैं।

'शमशेरा' के असफल होने से दुखी हैं संजय दत्त

■ मुंबई (वार्ता)।

बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त फिल्म 'शमशेरा' के असफल होने से बेहद दुखी हैं। करण मल्होत्रा के निर्देशन में बनी फिल्म शमशेरा में रणबीर कपूर, संजय दत्त और वाणी कपूर लीड रोल में नजर आए थे।

शमशेरा बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं कर रही है। शमशेरा में संजय दत्त ने 'दरोगा शुद्ध सिंह' का किरदार निभाया है। फिल्म की असफलता को लेकर संजय दत्त ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक इमोशनल स्टेटमेंट शेयर किया है।

संजय दत्त ने अपने पोस्ट में लिखा, 'शमशेरा प्यार का एक ऐसा मेहनत है, जिसे हमने अपना सब कुछ दिया है। यह खून, पसीने और आंसूओं से बनी है, यह एक सपना है, जिसे हम स्क्रीन पर लेकर आए। दर्शकों के मनोरंजन के लिए फिल्में बनाई जाती है। देर-सबेर हर फिल्म को दर्शक मिल ही जाते है। फिल्म को नफरत करने वाले कुछ ऐसे लोग भी है जिन्होंने फिल्म को देखा तक नहीं है।

लोग उस मेहनत की इज्जत तक नहीं कर रहे हैं जो हमने इस फिल्म को बनाने में की है। मैं करण की फिल्म मेकिंग की सराहना करता हूं खासकर एक शख्स के तौर पर वह अच्छे इंसान है। मेरे चार दशक के करियर में वह सबसे बेहतरीन निर्देशकों में से एक है। उन्होंने कई दिलचस्प किरदार दिए हैं। सफलता और असफलता को परे रखते हुए करण मेरे परिवार की तरह हैं, उनके साथ काम करना मेरे लिए हमेशा एक सम्मान की बात रहेगी। मैं हमेशा उनके साथ हूं।'

कथानक ही किसी फिल्म की तकदीर तय करती है : करीना

■ मुंबई (भाषा)।

अभिनेत्री करीना कपूर खान का कहना है कि स्टार आधारित फिल्मों का जमाना लद गया है और अब कथानक ही ऐसी चीज है, जो किसी फिल्म की तकदीर तय करती है। करीना (41) ने कहा कि 'स्ट्रीमिंग' सेवा और कोरोना वायरस महामारी के चलते बदले दौर में अनिश्चितता के अहसास से लोगों का पूरा ध्यान अब पटकथा पर है। करीना ने कहा, "आज स्टार के सामने चुनौतियां हैं। कोई नहीं जानता कि क्या हो रहा है और हमें किस दिशा में जाना चाहिए। इसलिए हमें पटकथा पर, बेहतर चीजें पढ़ने एवं लिखने पर ध्यान देना चाहिए। तभी सभी कलाकार सुरक्षित हैं।" उन्होंने कहा, 'यदि हम सोचते हैं कि हम स्टार और उनके स्टारडम के आधार पर फिल्मों का निर्माण जारी रख सकते हैं तो अब यह सफल नहीं होने वाला है।'

'कभी खुशी कभी गम', 'चमेली', 'जब वी मेट', 'ओंकारा' , 'थ्री इडियट' और 'तलाश' जैसी फिल्मों की स्टार करीना ने कहा कि अब यह देखना 'विस्मयकारी' है कि दर्शक उन कहानियां का स्वागत करते हैं, जिसने वे अपने आप को जोड़ पाते हैं। उन्होंने कहा, "लोग अब कथानक देखना चाहते हैं और स्थिति कोविड-19 के बाद बदल गई है। लोग अब महसूस कर चुके हैं कि कोई भगवान नहीं है और कोई कुछ बदल नहीं सकता।" करीना यह भी मानती हैं सोशल मीडिया पर किसी स्टार की लोकप्रियता बॉक्स ऑफिस पर सफलता की गारंटी नहीं होती है।

'दिल सच्चा चेहरा झूठा' में नजर आएगी चिंटू-काजल की जोड़ी

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के चॉकलेटी हीरो प्रदीप पाण्डेय चिन्टू और सिजिलिंग अभिनेत्री काजल राघवानी की जोड़ी 'दिल सच्चा चेहरा झूठा' में नजर आयेगी। आदर्श जैन इन दिनों अपनी महत्वाकांक्षी फ़िल्म 'दिल सच्चा चेहरा झूठा' की शूटिंग उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कर रहे हैं। आदर्श जैन फ़िल्म सोशल वेलफेयर ट्रस्ट एवं आदर्श जैन फिल्म्स हर्बल आयुर्वेदा के बैनर तले बन रही फिल्म की निर्मात्री अचला जैन एवं यामिनी जैन है। इस फिल्म में चिंटू और काजल राघवानी की मुख्य भूमिका है।

प्रदीप पाण्डेय चिन्टू ने कहा, फ़िल्म 'दिल सच्चा चेहरा झूठा' भव्य पैमाने पर बनायी जा रही है। यह फिल्म पुरानी भोजपुरिया परंपरा, रीति रिवाजों को समेटे हुये है। इस फ़िल्म मेरा दमदार रोल है'। वहीं निर्देशक आदर्श जैन ने कहा, कि फ़िल्म की पटकथा मैंने लिखी है और इसे अपने स्टाइल में शूट भी कर रहा हूँ। यकीनन यह फ़िल्म भोजपुरी दर्शकों को बेहद पसंद आयेगी।

गौरतलब है कि फ़िल्म 'दिल सच्चा चेहरा झूठा' में प्रदीप पाण्डेय चिन्टू, काजल राघवानी,पदम श्री,देव सिंह, बीना पाण्डेय, रोहित सिंह मटरू, उमेश सिंह, अभिनव तिवारी एवं संजय पाण्डेय की अहम भूमिका है। सपना चौहान इस फ़िल्म से भोजपुरी पर्दे पर एंट्री ले रही है। प्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा भी फ़िल्म के एक अहम किरदार में नजर आएंगे।

अनुराग कश्यप की फिल्म में काम करेंगी सनी लियोनी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी, फिल्मकार अनुराग कश्यप की फिल्म में काम करती नजर आ सकती हैं। सनी लियोनी, अनुराग कश्यप की फिल्म में काम करने जा रही है। सनी लियोनी ने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी दी। सनी ने अनुराग के साथ एक फोटो शेयर कर कहा कि अब उनका सपना सच होने जा रहा है।

सनी लियोनी ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, हां मेरी इतनी बड़ी सी स्माइल इसलिए है क्योंकि सपने सच होते है! मैने लाखों साल में भी कभी नहीं सोचा था कि अनुराग कश्यप जैसा कोई मुझे एक मौका देने का चांस लेगा। मेरी जर्नी अमेजिंग रही है, लेकिन ये बिल्कुल भी आसान नहीं थी। इतने सालों तक भारत और बॉलीवुड में रहने के बाद कुछ दिनों पहले एक फोन आया और पूछा गया कि क्या आप अनुराग की फिल्म के लिए ऑडिशन देंगी?

संक्षिप्त खबरें

अमरनाथ के लिए एक और जत्था रवाना

जम्मू। कड़ी सुरक्षा के बीच 835 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए शुक्रवार सुबह रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खराब मौसम के कारण पिछले तीन दिन में तीर्थयात्रियों की संख्या में भारी गिरावट आई है। अधिकारियों ने बताया कि केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कड़ी सुरक्षा के बीच 35 वाहनों में तीर्थयात्रियां का एक और जत्था यह्रां भगवती नगर यात्री निवास से बृहस्पतिवार सुबह रवाना हुआ। उन्होंने बताया कि बालटाल आधार शिविर के लिए जाने वाले 306 तीर्थयात्री 16 वाहनों में सबसे पहले रवाना हुए।

बीजिंग ने द. चीन सागर में सैन्य अभ्यास शुरू किया

बीजिंग। चीन ने दक्षिणी ग्वांगडोग प्रांत के तट पर दक्षिण चीन सागर में दो दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू किया है। यह जानकारी चीन के समुद्री सुरक्षा प्रशासन ने शुक्रवार को दी। बयान के अनुसार, यह सैन्य अभ्यास 29 एवं 30 जुलाई को किओंग्झौ के पश्चिमी भाग में होगा। यह अभ्यास इन खबरों के बीच हो रहा है, जब अमेरिकी प्रतिनिधि सभा भवन की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी ताइवान की संभावित यात्रा पर आ रही है। बीजिंग की योजना उन्हें एक बड़ा झटका देने की है। उसने अमेरिका और ताइवान के बीच आधिकारिक संपर्क की निंदा की है।

इंडोनेशिया में बाढ़ से 3 की मौत, 4 लापता

जकार्ता। इंडोनेशिया के सेंट्रल सुलावेसी प्रांत में अचानक आई बाढ़ में तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लापता हो गए। यह जानकारी आपदा एजेंसी के एक अधिकारी ने शुक्रवार को दी। अधिकारी ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ ने पारिंगी माउटोंग जिले के टोरु गांव के सभी घरों को जलमग्न कर दिया। उन्होंने कहा, 'प्रभावित क्षेत्रों की जांच के बाद पता चला कि तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लापता हो गए, जबकि लापता लोगों की तलाश की जा रही है।'

बांग्लादेश : सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत

ढाका। बांग्लादेश के चटगांव में शुक्रवार को एक बस ट्रेन से टकरा गई जिससे कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गये। यह हादसा मिसराई बारातकिया रेलवे स्टेशन के पास हुआ। पुलिस अधिकारी कबीर हुसैन ने कहा कि यात्री बस ढाका से चटगांव जाने वाली ट्रेन से टकरा गयी।

अदेर्चे जंगल की आग पर पाया काबू, संदिग्ध गिरफ्तार

पेरिस। दक्षिणपूर्वी फ्रांस के अदेर्चे विभाग में जंगल की आग पर आखिरकार काबू पा लिया गया। हिरासत में लिए गए एक संदिग्ध ने आग लगाने की बात स्वीकार कर ली है। फ्रांसीसी समाचार चैनल बीएफएमटीवी के अनुसार 44 वर्षीय संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किए जाने के समय वह नशे में था। प्रिवास के अभियोजक ने कहा, जांचकर्ताओं द्वारा एकत्र किए गए कई सबूतों के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया।

ईरान ने 5,600 अफगानों को वापस भेजा : तालिबान

तेहरान। काबुल में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार ने कहा है कि पिछले एक सप्ताह में 5,600 अफगानों को ईरान से जबरन वापस भेजा गया। टोलो न्यूज ने बृहस्पतिवार को शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय के डिप्टी मोहम्मद अरसलाह खारोती के हवाले से कहा कि हमने उन देशों, विशेष रूप से ईरान से जहां अफगान अप्रवासी रहते हैं, इस्लामी और अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर अफगान प्रवासियों के अधिकारों का सम्मान करने के लिए कहा है।

पाक ने विलासिता की वस्तुओं पर से आयात प्रतिबंध हटाया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान सरकार ने ऑटोमोबाइल, सेल फोन और इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं को छोड़कर 'गैर-आवश्यक और विलासिता की वस्तुओं के आयात पर मई में लगाए गए प्रतिबंध को हटा दिया है। डान समाचार पत्र ने शुक्रवार को यह रिपोर्ट दी है। इसके अलावा सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री पर डीलरों के कमीशन में अभूतपूर्व 70 प्रतिशत तक की वृद्धि की है। वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक समन्वय समिति (ईसीसी) की बैठक में यह फैसला लिया गया है।

पर्यावरण प्रस्ताव : भारत ने पक्ष में किया वोट

संयुक्त राष्ट्र (भाषा)। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है, जो स्वच्छ, स्वस्थ और चिरस्थायी पर्यावरण को मानवाधिकार के रूप में मान्यता देता है। हलांकि, भारत ने इसके एक पैराग्राफ से खुद को अलग कर लिया और प्रस्ताव की प्रक्रिया तथा सार पर चिंताएं व्यक्त कीं।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 193 सदस्यों देशों में से 161 के मतों के साथ बृहस्पतिवार को प्रस्ताव को पारित किया। वहीं, बेलारूस, कंबोडिया, चीन, इथियोपिया, ईरान, किर्गिस्तान, रूस और सीरिया मतदान के समय मौजूद नहीं थे। भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में मत दिया, लेकिन साथ ही इसकी प्रक्रिया और इसके सार पर चिंताएं व्यक्त कीं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में काउंसलर आशीष शर्मा ने मत पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि प्रस्ताव स्वच्छ, स्वस्थ और चिरस्थायी पर्यावरण के अधिकार को एक मानवाधिकार के रूप में मान्यता देता है और पुष्टि करता है कि

■ हालांकि इसके एक पैराग्राफ से खुद को अलग कर लिया और प्रस्ताव की प्रक्रिया तथा सार पर चिंताएं व्यक्त कीं

स्वच्छ, स्वस्थ और चिरस्थायी पर्यावरण को मानवाधिकार के रूप में मान्यता देने के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण कानून के सिद्धांतों के तहत बहुपक्षीय पर्यावरण समझौतों के पूर्ण क्रियान्वयन की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, भारत बेहतर पर्यावरण के लिए किसी भी प्रयास का समर्थन करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। इसी संदर्भ में भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। शर्मा ने कहा, हालांकि, हमारी चिंताएं अब भी कायम हैं इसलिए, हम प्रस्ताव के परिचालन संबंधी पैराग्राफ-1 से खुद को अलग करने को बाध्य हैं। प्रस्ताव के परिचालन संबंधी पैराग्राफ-1 के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) एक मानवाधिकार के रूप में स्वच्छ, स्वस्थ और चिरस्थायी पर्यावरण के अधिकार को मान्यता देती है। उन्होंने अनुरोध किया कि इस बयान को बैठक में आधिकारिक रिकॉर्ड में शामिल किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि यूएनजीए का प्रस्ताव कोई बाध्यकारी दायित्व निर्धारित नहीं करता और सदस्य देशों को केवल सम्मेलनों तथा संधियों के माध्यम से इसे पूरा करने के लिए बाध्य बनाता है।

शर्मा ने कहा, 'स्वच्छ', 'स्वस्थ' और 'चिरस्थायी' शब्दों की कोई स्पष्ट समझ एवं ऐसी परिभाषा नहीं है, जिस पर सभी सहमत हों। वर्तमान में, सभी ने अपनी समझ से इनकी परिभाषाएं गढ़ रखी हैं और इस प्रकार वर्तमान प्रस्ताव में घोषित मान्यता का उद्देश्य इससे कमजोर पड़ता है। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि प्रस्ताव के पाठ में अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण कानून में समानता के मूलभूत सिद्धांत का भी 'स्पष्ट संदर्भ' नहीं है।

यासीन की बिगड़ती सेहत पर पाक ने भारतीय उप राजदूत को किया तलब

इस्लामाबाद (भाषा)। पाकिस्तान ने शुक्रवार को भारत के उप राजदूत को विदेश मंत्रालय में तलब किया और कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति पर इस्लामाबाद की चिंता व्यक्त करते हुए एक आपत्तिपत्र सौंपा।

दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद मलिक ने 22 जुलाई को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की थी। मलिक चाहता है कि सरकार रूबैया सईद अपहरण मामले की सुनवाई कर रही जम्मू की एक अदालत में उसे भौतिक रूप से पेश होने की इजाजत दे लेकिन भारत सरकार ने इसकी मंजूरी नहीं दी। मलिक इस मामले में आरोपी है। जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के प्रमुख को रक्तचाप में उतार-चढ़ाव के बाद बुधवार को राजधानी दिल्ली के डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय राजनयिक को मलिक को कम से कम तीन दशक पहले हुई घटनाओं के इर्दगिर्द गढ़े गए दो और फर्जी मामलों में

■ तिहाड़ जेल में बंद मलिक ने 22 जुलाई को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की थी

भारतीय अधिकारियों के नवीनतम कदम पर पाकिस्तान की गहरी निराशा के बारे में बताया गया। इसमें कहा गया, यासीन मलिक की पत्नी मुशाल हुसैन मलिक की ओर से भारतीय प्रधानमंत्री को संबोधित एक पत्र भी उप राजदूत को सौंपा गया। पत्र में उनके पति की स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए जेल से तत्काल रिहाई की मांग की गई है। पत्र में कहा गया कि मलिक की सेहत इस महीने की शुरुआत में भूख-हड़ताल पर जाने के उनके फैसले के बाद से और खराब हो गई है। दिल्ली की एक अदालत ने मई में जम्मू-कश्मीर के प्रमुख अलगाववादी नेताओं में से एक मलिक को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए कहा था कि अपराधी का इरादा भारत के विचार के दिल पर हमला करना और जम्मू-कश्मीर को भारत संघ से जबरदस्ती अलग करना था।

जेईई मेन के 15 अभ्यर्थियों की परीक्षा फिर लेने का निर्देश

नई दिल्ली (एसएनबी)। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को उन 15 अभ्यर्थियों को अगले दिन के लिए निर्धारित अतिरिक्त परीक्षा में शामिल होने की अनुमति देने का निर्देश दिया, जिन्होंने जेईई (मुख्य) 2022 के प्रथम सत्र में तकनीकी गड़बड़ी का सामना किया था।

जस्टिस धनंजय चंद्रचूड और जेबी पारदीवाला की बेंच ने एनटीए को अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश पत्र जारी करने को कहा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा के दूसरे सत्र में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को जून में हुए प्रथम सत्र के नतीजों को छोड़ना पड़ेगा।

अदालत गौरव भैरव और अन्य की एक याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिन्होंने दलील दी थी कि वे 23 से 29 जून के बीच आयोजित की गई संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) के प्रथम प्रथम सत्र में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा है कि उस दौरान उन्हें कई तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ा जैसे कि सर्वर से जुड़े मुद्दे, प्रश्नों का अपलोड नही होना आदि।

एक दिसम्बर से तंबाकू उत्पादों के पैकेट पर नई तस्वीर

नई दिल्ली (एसएनबी)। एक दिसंबर, 2022 से या उसके बाद निर्मित, आयातित या पैक किए गए तंबाकू उत्पादों पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी वाली एक नई तस्वीर दिखाई देगी, जिस पर लिखा होगा कि तंबाकू से दर्दनाक मौत होती है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। यह तस्वीर एक दिसंबर से एक साल की अवधि के लिए वैध होगी।

मंत्रालय द्वारा अधिसूचित नई स्वास्थ्य चेतावनियों के अनुसार, एक दिसंबर, 2023 से या उसके बाद निर्मित, आयातित या पैक किए गए तंबाकू उत्पादों पर लिखित में स्वास्थ्य चेतावनी तंबाकू उपयोगकर्ता कम उम्र में मौत के शिकार हो जाते हैं, के साथ एक तस्वीर प्रदर्शित होगी। मंत्रालय ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (पैकेजिंग और लेबलिंग) नियमावली, 2008 में संशोधन के माध्यम से 21 जुलाई, 2022 को नयी स्वास्थ्य चेतावनियों को अधिसूचित किया है। सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (पैकेजिंग और लेबलिंग) तीसरी संशोधन नियमावली, 2022 के तहत संशोधित नियम 1 दिसंबर, 2022 से लागू होंगे। अधिसूचना सरकार की वेबसाइट पर 19 भाषाओं में उपलब्ध है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सिगरेट या किसी भी तंबाकू उत्पादों के निर्माण, उत्पादन, आपूर्ति, आयात या वितरण में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल कोई भी व्यक्ति यह सुनिश्चित करेगा कि सभी तंबाकू उत्पाद के पैकेट पर निर्दिष्ट स्वास्थ्य चेतावनी ठीक उसी तरह दी गई हो जैसा कि निर्धारित किया गया है। सरकार ने कहा कि दिशानिर्देशों का उल्लंघन एक दंडनीय अपराध है जिसके लिए सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 की धारा-20 के तहत कारावास या जुर्माने की सजा शामिल है।

जर्मनी के कई शहरों में कोल्ड शावर, लाइट बंद

हनोवर बना ऊर्जा-बचत उपायों की घोषणा करने वाला पहला बड़ा शहर

बर्लिन (आईएएनएस)। जर्मनी में सार्वजनिक स्मारकों पर स्पॉटलाइट बंद किया जा रहा है। फव्वारे भी बंद हो रहे हैं और नगरपालिका स्विमिंग पूल और स्पोर्ट्स हॉल पर ठंडे पानी की बौछारें बंद की जा रही हैं। जर्मनी रूसी गैस संकट का सामना करने के लिए अपनी ऊर्जा खपत को कम करने की दिशा में ये कदम उठा रहा है।

द गार्जियन ने बताया कि हनोवर ऊर्जा-बचत उपायों की घोषणा करने वाला पहला बड़ा शहर बन गया, जिसमें शहर द्वारा संचालित इमारतों और अवकाश केंद्रों के शावर और बाथरूम में गर्म पानी बंद करना शामिल है। लोअर सैक्सोनी राज्य की राजधानी में नगरपालिका भवनों को केवल 20 डिग्री सेल्सियस से अधिक कमरे के तापमान पर गर्म किया जाएगा और मोबाइल एयर कंडीशनिंग इकाइयों और पंखे हीटरों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाएगा।

द गार्जियन ने बताया कि नर्सरी, स्कूल, केयर होम और अस्पतालों को बचत के उपायों से छूट दी जानी चाहिए। ग्रीन पार्टी के शहर के मेयर वेलित ओने ने कहा, 'स्थिति अप्रत्याशित है। हर किलोवाट घंटा मायने रखता है, और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की रक्षा करना प्राथमिकता होनी चाहिए।' हनोवर का 15 प्रतिशत बचत लक्ष्य यूरोपीय आयोग द्वारा इस

■ रूसी गैस संकट का सामना करने के लिए अपनी ऊर्जा खपत को कम करने की दिशा में ये कदम उठा रहा जर्मनी

सप्ताह कटौती के अनुरूप है, जिसमें सदस्य राज्यों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है कि वे रूस से कुल गैस कटऑफ की स्थिति में सामना कर सकें। जर्मनी, जो अन्य यूरोपीय देशों की तुलना में रूसी गैस आयात पर अधिक निर्भर है, पर नेतृत्व करने का दबाव है।

जर्मनी की राजधानी बर्लिन में बुधवार की रात करीब 200 ऐतिहासिक स्मारक और नगर निगम की इमारतें अंधेरे में डूब गईं क्योंकि शहर में बिजली बचाने के लिए रोशनी बंद कर दी गई। पहली रात जगमगाए गए स्मारकों में टियरगार्टन पार्क में विजय स्तंभ, ब्रेइट्सचीडप्लात्ज पर मेमोरियल चर्च और यहूदी संग्रहालय शामिल हैं।

यूरोपीय संघ में रूसी गैस पर प्रतिबंध लगाना असंभव

वियना (आईएएनएस)। ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहैमर ने कहा है कि यूरोपीय संघ (ईयू) में रूसी गैस पर प्रतिबंध लगाना असंभव है, क्योंकि यूरोपीय संघ के देश रूसी ऊर्जा पर पूरी तरह से निर्भर है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बृहस्पतिवार को वियना में हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान के साथ बैठक के बाद उनकी टिप्पणी आई। ऑस्ट्रियाई समाचार एजेंसी एपीए के अनुसार, नेहमर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जर्मनी और ऑस्ट्रिया की रूसी गैस पर निर्भरता यूरोपीय संघ के प्रतिबंध को असंभव बनाती है, क्योंकि जर्मन अर्थव्यवस्था की गिरावट ऑस्ट्रिया को भी प्रभावित करेगी और बड़े पैमाने पर बेरोजगारी लाएगी। मंगलवार को यूरोपीय संघ के सदस्य राज्यों ने 2017-2021 के औसत से प्राकृतिक गैस की मांग में 15 प्रतिशत की स्वैच्छिक कमी पर सहमति व्यक्त की।

फांसी की सजा देने से पहले मुजरिम का पक्ष सुनना भी जरूरी

नई दिल्ली (एसएनबी)। सुप्रीम कोर्ट ने एक जज की उस याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जता दी, जिसमें उन्होंने पटना हाईकोर्ट द्वारा उन्हें निलंबित किए जाने को चुनौती दी है। उन्होंने दावा किया कि संभवतः पॉक्सो के एक मामले समेत तेजी से किए गए उनके कुछ फैसलों की वजह से उन्हें निलंबित किया गया।

बिहार के अररिया में अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश शशिकांत राय की याचिका पर जस्टिस उदय उमेश ललित और एस रवीन्द्र भट की बेंच ने बिहार राज्य समेत अन्य को नोटिस जारी किए। राय ने अपनी याचिका में कहा कि उन्हें लगता है कि उनके खिलाफ एक 'संस्थागत पूर्वाग्रह' है, क्योंकि उन्होंने छह साल की एक बच्ची से बलात्कार से जुड़े पॉक्सो (बच्चों को यौन अपराध से संरक्षण कानून) के एक मामले में सुनवाई एक ही दिन में पूरी कर ली थी।

राय ने कहा कि उन्होंने एक अन्य मामले में एक आरोपी को चार दिन की सुनवाई में दोषी ठहराकर मौत की सजा सुनाई थी। उन्होंने दावा किया कि ये फैसले व्यापक रूप से खबरों में छाए रहे और उन्हें सरकार तथा जनता से सराहना मिली। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर नोटिस जारी किया और दो सप्ताह में जवाब मांगा। अदालत ने कहा कि याचिका पर जवाब में निलंबन के आदेश के अनुरूप उठाए गए कदमों का संकेत दिया जाएगा और सभी संबंधित दस्तावेज रिकॉर्ड पर रखे जाएंगे।

अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि सुप्रीम कोर्ट के कई फैसले है, जिसमें कहा गया है कि सजा उसी दिन (सुनवाई पूरी

■ एक दिन के ट्रायल में फांसी देने वाले जज की बहाली की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

करके) नहीं सुनाई जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि हमारे हिसाब से यह न्याय का उपहास होगा कि आप उस व्यक्ति को पर्याप्त नोटिस, पर्याप्त अवसर तक नही दे रहे, जिसे अंततः मौत की सजा मिलने वाली है। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह पेश हुए। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता को पदोन्नति भी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि छह साल की बच्ची से दुष्कर्म से जुड़े पॉक्सो के मामले में फैसले पर रोक नहीं लगाई गई। याचिका में आरोप लगाया गया है कि याचिकाकर्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का 8 फरवरी, 2022 का हाई कोर्ट का आदेश स्पष्ट रूप से मनमाना और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करने वाला है। याचिकाकर्ता 2007 में बिहार न्यायिक सेवा का हिस्सा बने थे। याचिका में दावा किया गया है कि उन्होंने केवल हाई कोर्ट की नई मूल्यांकन प्रणाली के आधार पर वरिष्ठता बहाल करने पर विचार करने का अनुरोध किया था, लेकिन हाई कोर्ट ने कारण बताओ नोटिस जारी किया और बाद में कोई कारण बताए बिना महज फैसलों के मूल्यांकन की प्रक्रिया पर सवाल उठाने के लिए उन्हें निलंबित कर दिया।

चाक चौबंद होगी VIP सुरक्षा

नई दिल्ली। एसएनबी

देश में बढ़ रही आतंकी, नक्सली और उग्रवाद की घटनाओं के डर से अब वीआईपी लोगों के दिलों की धड़कन नही बढ़ेगी, क्योंकि गृह मंत्रालय ने उनकी सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। अब इन लोगों के सुरक्षा वाहनों (सीआरपीएफ) पर खास तरह का जैमर लगा होगा, जो आईईडी जैसे विस्फोटकों को लॉक कर देगा।

सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्रालय वीआईपी लोगों को आईईडी जैसे बम धमाकों से बचाने के लिए सीआरपीएफ को विशेष जैमर देने वाला है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 45 करोड़ रुपए की लागत से ऐसे 10 जैमर खरीदने को मंजूरी दी है। खास तरह के वाहनों पर लगने वाले ये जैमर अपने आसपास के कई मीटर इलाके में रिमोट से दागे जाने वाले आईईडी बमों को नाकाम कर सकते है। मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति की सुरक्षा में पहले

■ नहीं होगी आईईडी जैसे धमाके से जान का खतरा

■ ऐसे लोगों के सुरक्षा वाहन में लगेगा विशेष तरह का जैमर

से इनका इस्तेमाल होता रहा है। अब संवेदनशील इलाकों में मुख्य वीवीआईपी लोगों के दौरे के वक्त भी इनका उपयोग किया जाएगा।

हाल ही में सीआरपीएफ ने रिमोट कंट्रोल इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस जैमर्स को खरीदने का प्रस्ताव मंत्रालय को दिया था। इस प्रस्ताव को गृह मंत्रालय से मंजूरी दे दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जैसे सभी शीर्ष नेताओं, मंत्रियों और गणमान्य व्यक्तियों की सुरक्षा संभालने वाली सीआरपीएफ के पास इस तरह के जैमर्स की भारी कमी थी।

हमास का नागरिक क्षेत्रों में सैन्य ठिकाने होने से इनकार

गाजा (आईएएनएस)। गाजा पट्टी का शासक आंदोलन हमास ने इस्राइल के इन आरोपों का खंडन किया है कि आंदोलन की सशस्त्र शाखा अल-कसम ब्रिगेड के पास फिलिस्तीनी एन्क्लेव के नागरिक क्षेत्रों में सैन्य स्थल है।

हमास के प्रवक्ता अबू ओबेदा ने बृहस्पतिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस्राइली सेना के आरोप झूठ और गलत है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को एक इस्राइली सैन्य प्रवक्ता ने हमास पर गाजा पट्टी में आवासीय क्षेत्रों के नीचे और आसपास सैन्य स्थलों, बुनियादी ढांचे और सुरंगों के निर्माण का आरोप लगाया जिस पर हमास का शासन है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस्राइल के प्रवक्ता द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो क्लिप में, गाजा में नागरिक भवनों के करीब और नीचे कथित हमास सैन्य बुनियादी ढांचे को दिखाया गया था। इस्राइली सेना के अनुसार, हमास ने रिह्यशी इलाकों में सैन्य उद्देश्यों के लिए मस्जिदों, स्कूलों और अस्पतालों के पास सुरंगों का निर्माण किया।

श्रीलंका : राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने विपक्षी दलों के साथ शुरू की वार्ता

कोलंबो (भाषा)। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने विपक्षी दलों के साथ बातचीत शुरू की है ताकि उन्हें अपनी अगुवाई वाली सर्वदलीय सरकार में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा सके। विक्रमसिंघे का यह कदम प्रशासन में विश्वास सुनिश्चित कर दिवालिया हो चुके देश को बदतर आर्थिक संकट से निकलने की कोशिशों का हिस्सा है। यह जानकारी शुक्रवार को मीडिया रिपोर्ट में दी गई।

डेली मिरर अखबार ने सूत्रों के हवाले से कहा कि एक हफ्ते में बातचीत पूरी होने की उम्मीद है। विक्रमसिंघे ने बृहस्पतिवार को पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना की श्रीलंका फ्रीडम पार्टी (एसएलएफपी) के साथ बातचीत की।

हालांकि, अखबार ने बताया कि मुख्य विपक्षी दल समागी जन बालवेगया (एसजेबी) पार्टी सरकार में शामिल नहीं होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके बजाय इसके कुछ सांसद

■ श्रीलंका में सर्वदलीय सरकर बनाने की कवायद

व्यक्तिगत रूप से सत्तारूढ दल में शामिल होने पर विचार कर रहे हैं।

इस बीच, सांसद विमल वीरावांसा के नेतृत्व में नेशनल फ्रीडम फ्रंट (एनएफएफ) ने विक्रमसिंघे को समर्थन देने का वादा किया। वीरवांसा ने कहा कि आज देश के सामने दो विकल्प हैं- हैती जैसी अराजक स्थिति के रास्ते पर ले जाएं या कम से कम अंतिम क्षण में सर्वसम्मति से इसे मौजूदा संकट से उबारें।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने गर्त से देश को निकालने के लिए वास्तविक कदम उठाए हैं, इसलिए उनकी पार्टी पिछले राजनीतिक मतभेदों या शत्रुता की परवाह किए बिना इस कवायद में मार्गदर्शन के लिए तैयार है।

एनएफएफ ने 20 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में गोटबाया राजपक्षे के उत्तराधिकारी के तौर पर दुल्लास अल्हाप्परुमा का समर्थन किया था।

ताइवान पर बाइडन-जिनपिंग की एक दूसरे को चेतावनी

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के उनके समकक्ष शी जिनपिंग ने ताइवान पर किसी भी कदम को लेकर एक-दूसरे को चेतावनी दी है।

दोनों नेताओं के बीच बृहस्पतिवार को फोन पर करीब दो घंटे से अधिक समय तक हुई बातचीत में बाइडन ने कहा कि अमेरिका ताइवान की स्थिति को बदलने के लिए किसी भी एकतरफा कदम का कड़ा विरोध करेगा और कहा कि उनकी ताइवान नीति नहीं बदली है। वहीं, जिनपिंग ने अमेरिका से कहा कि वह एक चीन के सिद्धांत का पालन करे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, जो कोई भी आग से खेलेगा, वह जल जाएगा। इस दौरान दोनों नेताओं में आमने सामने की बैठक की संभावना पर भी चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी के ताइवान दौरे की अफवाह से इस पर तनाव बढ़ गया है। विदेश विभाग का कहना है कि पेलोसी ने किसी यात्रा की घोषणा नहीं की है, लेकिन चीन ने चेतावनी दी है कि अगर वह इस तरह की यात्रा पर जाती है तो 'गंभीर परिणाम' होंगे।

जोरहाट में इंडिगो का विमान हवाईपट्टी से फिसला

गुवाहाटी (भाषा)। असम के जोरहाट से कोलकाता जा रहा इंडिगो का एक विमान उड़ान भरने के दौरान हवाईपट्टी से फिसल गया और उसके पहिए कीचड़ भरे मैदान में फंस गए। एयरलाइन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। घटना बृहस्पतिवार को हुई जब विमान 98 यात्रियों को लेकर उड़ान भरने जा रहा था। हालांकि घटना के बाद उड़ान रद्द कर दी गई।

एयरलाइन ने एक बयान में कहा, 'जोरहाट से कोलकाता के लिए संचालित इंडिगो की उड़ान 6ई-757 प्रस्थान के दौरान हवाईपट्टी पर फिसल गई। पायलट को बताया गया कि मुख्य पहियों में से एक पहिया मार्ग से सटे घास के मैदान पर आंशिक रूप से चला गया था।' पायलट ने ऐहतियात के तौर पर आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए विमान रोका और जांच के लिए कहा। इंडिगो के बयान में कहा गया है, 'विमान को जांच के लिए ले जाया गया। प्रारंभिक जांच के दौरान कोई असामान्य स्थिति का पता नहीं चला। ऐहतियात के तौर पर रखरखाव टीम ने गहन निरीक्षण शुरू किया।

गोलाबारी में मारे गए 53 यूक्रेनी युद्धबंदी

कीव (एपी)। मारियुपोल पर कब्जे की जंग के दौरान बंधक बनाये गये कम से कम 53 यूक्रेनी युद्धबंदी यूक्रेन की गोलाबारी में मारे गये हैं। पूर्वी यूक्रेन में रूस के समर्थन वाले अलगाववादियों ने यह दावा किया।

रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल इगोर कोनाशेंकोव ने कहा कि यूक्रेन की ओर से रूसी नियत्रंण वाले दोनेत्स्क क्षेत्र में ओलेनिवका कस्बे की एक जेल पर रॉकेट दागे गये, जिसमें 75 यूक्रेनी युद्धबंदी घायल हुए। इससे पहले दोनेत्स्क क्षेत्र में रूस समर्थित अलगाववादियों के प्रवक्ता दानिल बेजसोनोव ने जेल पर हुए रॉकेट हमले में 40 यूक्रेनी युद्धबंदियों के मारे जाने की जानकारी दी थी। इन दावों के संबंध में यूक्रेन के अधिकारियों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। कोनाशेंकोव ने दावा किया कि यूक्रेनी सैनिकों को आत्मसमर्पण करने से हतोत्साहित करने के लिए ये हमला किया गया। उन्होंने कहा कि जेल पर हुए हमले में आठ सुरक्षाकर्मी भी घायल हुए हैं। वहीं, दोनेत्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी प्रशासन ने कहा

■ पूर्वी यूक्रेन में रूस के समर्थन वाले अलगाववादियों का दावा

कि रूस यूक्रेन के नियंत्रण वाले इलाकों में आम जनता को निशाना बना रहा है।

युद्ध तेज होने का हवाला देते हुए दोनेत्स्क के गवर्नर पाव्लो किरिलेंकों ने आम लोगों को जल्द से जल्द क्षेत्र से चले जाने का अनुरोध करते हुए कहा, रूसी बलों को आम लोगों के मारे जाने से कोई फर्क नहीं पड़ता। वे क्षेत्र के शहरों और गांवों को निशाना बना रहे हैं। यूक्रेन में मारियुपोल के अजोव सागर बंदरगाह पर कब्जे के लिए हुए भीषण संघर्ष के बाद यूक्रेन के सैनिकों को बंदी बना लिया गया था। वे कई महीने तक विशाल अजोवस्त्ल इस्पात कारखाने में छिपे हुए थे। अजोव रेजीमेंट और अन्य यूक्रेनी इकाइयों ने करीब तीन महीने तक इस्पात कारखाने को बचाया और इसकी सुरंगों में छिपे रहे। उन्होंने रूस के तेज हमलों के बीच मई में आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद बड़ी संख्या में यूक्रेन के सैनिकों को दोनेत्स्क जैसे रूस नियंत्रित इलाकों की जेलों में ले जाया गया।

युद्ध अपराध के दोषी रूसी सैनिक की सजा घटाई

कीव (एपी)। कीव की एक अपीलीय अदालत ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद युद्ध अपराध को लेकर चलाए गए पहले मुकदमे में दोषी ठहराए गए एक रूसी सैनिक की उम्र कैद की सजा घटाकर 15 साल कर दी है।

इस सुनवाई पर सभी की पैनी नजर रही, क्योंकि यह इस बात की कसौटी है कि क्या वर्तमान संघर्ष के दौरान निष्पक्ष सुनवाई चला पाना संभव है और यूक्रेन की न्यायिक व्यवस्था कैसे हजारों युद्ध अपराध के मामलों में मुकदमा चलाने के बड़े दायित्व को निभा पाती है। हालांकि, आलोचकों का कहना है कि अनुबंधित सैनिक वादिम शिशिमरीन (21) को सुनायी गयी सजा अनुचित रूप से कठोर है, क्योंकि वह पहले ही अपना गुनाह कबूल कर चुका है।

सुनक को करना पड़ा टोरी सदस्यों की तीखी टिप्पणियों का सामना

**लंदन

शिवा थापा प्री- क्वॉर्टरफाइनल में

राष्ट्रमंडल खेल 2022: पाकिस्तान के सुलेमान को 5-0 से हराया

बर्मिंघम। पांच बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता भारत के अनुभवी मुक्केबाज शिवा थापा ने राष्ट्रमंडल खेलों में अपने अभियान का शानदार आगाज करते हुए पाकिस्तान के सुलेमान बलोच को हराकर 63.5 किलोवर्ग के प्री क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

थापा ने एकतरफा मुकाबला 5-0 से जीतकर वेल्टर वेट वर्ग के अंतिम आठ में जगह बनाई। अगले राउंड में शिवा का सामना रविवार को स्कॉटलैंड के मुक्केबाज से होगा। पांच बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता थापा तकनीकी तौर पर बलोच से काफी बेहतर थे और उन्होंने जबर्दस्त पंच लगाये। विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता ने रिंग के भीतर जबर्दस्त फुर्ती दिखाई। एक समय बलोच उन्हें मुक्का जड़ने के लिए आगे भी बढे लेकिन थापा चपलता से पीछे हट गए और पाकिस्तानी मुक्केबाज गिर गया।

टेबल टेनिस में महिला और पुरुष टीमों की विजयी शुरुआत

भारत की महिला टेबल टेनिस टीम ने शुक्रवार को राष्ट्रमंडल खेलों के पहले दौर के मुकाबलों में भारत की महिला और पुरुषों की टेबल टेनिस टीम ने विजयी शुरुआत की। महिलाओं ने मनिका बत्रा की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-0 से जीत दर्ज की। महिला टीम की प्रभावशाली जीत के बाद पुरुष टीम ने भी एक युगल और दो एकल मुकाबले जीते। सबसे पहले हरमीत देसाई और साथियान ज्ञानसेकरन ने युगल मैच में केविन फार्ले और टाइरेस नाइट की कैरिबियाई जोड़ी को 11-9, 11-9, 11-4 से हराकर भारत को विजयी शुरुआत दिलायी। इसके बाद 10 बार के वरिष्ठ राष्ट्रीय चैंपियन अचंत शरत कमल ने रैमन मैक्सवेल को 11-5, 11-3, 11-3 से हराकर भारत की बढ़त को 2-0 कर दिया।

4000 मीटर टीम पर्स्यूट से बाहर हुए भारतीय साइकिलिस्ट

भारतीय साइकिलिस्ट पुरुषों की 4000 मीटर टीम पर्स्यूट के क्वालीफिकेशन राउंड में हारकर बाहर हो गये, जबकि न्यूजीलैंड ने प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। वेंकप्पा केंगलागुट्टी, दिनेश कुमार, अनंत नारायण एस एस और विश्वजीत सिंह की टीम छह प्रतियोगियों के आयोजन में 4:12.865 मिनट के समय के साथ छठे स्थान पर रही। न्यूजीलैंड 3:49.821 के समय के साथ शीर्ष पर रही, जबकि इंग्लैंड (3:50.796) ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड स्वर्ण पदक मुकाबले में एक दूसरे का सामना करेंगी जबकि तीसरे स्थान पर रहने वाली ऑस्ट्रेलिया चौथे स्थान पर रहने वाली वेल्स टीम से कांस्य पदक मुकाबले में भिड़ेगी।

100 मीटर बैकस्ट्रोक के सेमीफाइनल में पहुंचे भारत के तैराक श्रीहरि

बर्मिंघम। भारत के युवा स्टार तैराक श्रीहरि नटराज ने शुक्रवार को राष्ट्रमंडल खेलों के 100 मीटर बैकस्ट्रोक आयोजन के सेमीफाइनल में जगह बनायी। श्रीहरि ने हीट 4 में भाग लेते हुए 54.68 सेकंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसी बीच, पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी हीट 3 में कुशाग्र रावत अपना प्रभाव नहीं डाल सके। 22 वर्षीय कुशाग्र ने 3:57:45 के साथ आठवां स्थान हासिल किया और होड़ से बाहर हो गये। पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए साजन प्रकाश ने अपनी हीट में 25.01 सेकंड के समय के साथ आठवां स्थान प्राप्त किया। वह समग्र रूप से 24वें स्थान पर रहे और सेमीफाइनल से बाहर हो गये जहां सिर्फ शीर्ष 16 ने जगह बनायी।

एलेक्स ने जीता राष्ट्रमंडल खेल 2022 का पहला स्वर्ण

इंग्लैंड के एलेक्स यी ने पुरुष ट्रायथलान जीतकर बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का पहला स्वर्ण पदक हासिल किया, लेकिन दूसरे स्थान पर रहने वाले न्यूजीलैंड के हेडेन वाइल्ड ने अपने एक कृत्य से दर्शकों का दिल जीत लिया। यी ने न्यूजीलैंड के हेडन वाइल्ड को पीछे छोड़कर 50 मिनट 34 सेकंड में जीत हासिल की। वाइल्ड को 10 सेकंड की पेनल्टी का नुकसान उठाना पड़ा। दौड़ में सबसे आगे चल रहे कीवी एथलीट जब तीसरे चरण में थे तब उन्हें पता चला कि उनके ऊपर 10 सेकंड की पेनल्टी लगायी गयी है। वह फिनिश लाइन के करीब पहुंच चुके थे, लेकिन उन्होंने रुककर एलेक्स को अपने आप से आगे निकलने दिया। आयोजन के अधिकारियों ने बताया कि वाइल्ड पर साइकिल से दौड़ने वाले चरण की ओर बढ़ते हुए जुर्माना लगा। नियमों के अनुसार, एथलीट अपनी बाइक को खड़ा करने से पहले हेलमेट नहीं उतार सकते, लेकिन वाइल्ड ने ऐसा किया जिस वजह से उनपर 10 सेकंड का जुर्माना लगाया गया।

भारतीय महिला टीम के हाथ से फिसली जीत

बर्मिंघम। एश्ले गार्डनर की नाबाद 52 रन की शानदार पारी ने ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ राष्ट्रमंडल खेलों के ग्रुप ए मुकाबले में शुक्रवार को छह गेंद शेष रहते तीन विकेट से रोमांचक जीत दिला दी। भारत ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (52) के शानदार अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में आठ विकेट पर 154 रन का मजबूत स्कोर बनाया जबकि ऑस्ट्रेलिया ने अपने पांच विकेट 49 रन पर गंवाने के बावजूद गार्डनर की नाबाद 52 रन की पारी के दम पर 19 ओवर में सात विकेट पर 157 रन बनाकर जीत अपने नाम की। एक समय 49 रन पर 5 विकेट खो चुकी ऑस्ट्रेलियाई टीम को उन्होने ग्रेस हैरिस के साथ मिलकर ना सिर्फ संकट से उबारा बल्कि एक आतिशी पारी खेल अपनी टीम को एक ओवर पहले ही जीत दिला दी। अब भारतीय टीम को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए अपने दोनों मैच जीतने होंगे, अन्यथा उन्हें अन्य परिणामों पर निर्भर रहना होगा।

बैडमिंटन में भारत ने पाक को 5-0 से हराया

पूर्व विश्व चैंपियन भारत की पीवी सिंधु और किदाम्बी श्रीकांत की अगुवाई में गत चैंपियन भारत ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में अपने अभियान की विजयी शुरुआत करते हुए शुक्रवार को ग्रुप ए मुकाबले में पाकिस्तान को 5-0 से रौंद दिया। मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा ने पाकिस्तानी जोड़ी आई एस भट्टी और जी सिद्दीकी को 21-9, 21-12 से हराया जबकि पूर्व नंबर एक किदाम्बी श्रीकांत ने मुराद अली को 21-7, 21-12 से हराया और भारत को 2-0 से आगे कर दिया। सिंधु ने पाकिस्तान की महूर शहजाद को एकतरफा अंदाज में 21-7, 21-6 से हरा दिया। पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसैराज रेंकिरेड्डी और चिराग शेट्टी में मुराद अली और इरफान भट्टी को चौथे मैच में 21-12,21-9 से पराजित किया जबकि महिला युगल जोड़ी त्रेसा जोली और गायत्री गोपीचंद ने महूर शहजाद और गजाला सिद्दीकी को 21-4, 21-5 से हराकर भारत को क्लीन स्वीप की जीत दिला दी।

रोहित शर्मा व दिनेश कार्तिक के बाद गेंदबाजों के कमाल से जीता भारत

पहले टी-20 में वेस्टइंडीज को 68 रन से हराया

टारौबा। कप्तान रोहित शर्मा (64) के शानदार अर्धशतक और मैन ऑफ द मैच दिनेश कार्तिक की नाबाद 41 रन की तूफानी पारी की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज को 68 रन से हराकर पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 190 रन का मजबूत स्कोर बनाया। लक्ष्य को पीछा करते हुए विंडीज की टीम 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 122 रन ही बना सकीं।

विंडीज के लिए कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहा। काइल मेयर्स ने 15 रन, शमार ब्रूक्स 20, निकोलस पूरन ने 18 और रॉवमन पॉवेल व शिमरॉन हेटमायर ने 14-14 रन का योगदान दिया। कीमो पॉल 19 रन और अल्जारी जोसेफ 5 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की तरफ से अर्शदीप सिंह, रविचंद्रन अश्विन और रवि बिश्नोई ने दो- दो विकेट लिए। इससे पहले भारतीय टीम की पारी भी उतार चढ़ाव भरी रही है पहले तो सूर्यकुमार को ओपनिंग पर देखकर चौंक गए और उनकी तेज शुरुआत के बावजूद भारत ने श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत के विकेट जल्दी गंवा दिए, दिक्कत तब और बढ़ गई जब हार्दिक पांड्या भी सस्ते में आउट हो गए। अब दारोमदार रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा पर था लेकिन रोहित अर्धशतक लगाकर पवेलियन लौटे और जडेजा भी जल्द ही। रोहित ने 44 गेंदों की अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के लगाए। 41 रनों पर नाबाद लौटे। भारत ने आखिरी दो ओवरों में 36 रन बटोरे।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने घाना को 5-0 से हराया

गुरजीत ने दो जबकि नेहा, संगीता व सलीमा ने दागे एक-एक गोल

बर्मिंघम। भारतीय महिला हॉकी टीम ने राष्ट्रमंडल खेलों में शुक्रवार को घाना को मात देकर जीत के साथ शुरुआत की। भारत ने बर्मिंघम में खेले गये ग्रुप-ए के पहले मैच में घाना को 5-0 से हराया। भारत की ओर से गुरजीत कौर ने दो जबकि नेहा, संगीता कुमारी और सलीमा टेटे ने एक-एक गोल किया।

गुरजीत कौर ने पहले क्वॉर्टर में भारत को शानदार शुरुआत दिलाते हुए तीसरे मिनट में ही पहला गोल किया। उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करने के लिये गेंद को नेट के ऊपरी कोने में पहुंचाया। दूसरे क्वार्टर के 27वें मिनट में घाना ने भारत के गोल पर निशाना साधा, लेकिन गोलकीपर सविता पूनिया ने शानदार सेव के साथ भारत की बढ़त को बरकरार रखा। इसके फौरन बाद घाना को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन सविता ने एक बार फिर गेंद को नेट तक नहीं पहुंचने दिया। घाना का एक और पेनल्टी कॉर्नर चूकने के बाद भारत हमलावर हुआ। भारत ने हाफ टाइम से सिर्फ तीन मिनट पहले एक और गोल किया। नेहा ने घाना के नेट सर्किल में पहुंचकर शॉट मारा जो घाना की डिफेंडर के स्टिक से छिटककर नेट तक पहुंच गया और भारत की बढ़त 2-0 हो गयी। तीसरे और चौथे क्वार्टर में भारत ने घाना पर अपना शिकंजा और मजबूती से कस लिया। संगीता कुमारी ने जहां भारत के लिए तीसरा गोल किया, वहीं गुरजीत ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर भारत को 4-0 की विशाल बढ़त दिला दी। अंत में सलीमा टेटे ने भारतीय वर्चस्व को फिनिशिंग टच देते हुए टीम के लिये पांचवां गोल किया और भारत ने घाना पर 5-0 की दमदार जीत दर्ज की।

बिजनेस

वीआईटी के दो छात्रों को 1.02 करोड़ सैलरी ऑफर

वीआईटी के सभी चार कैंपसों के छात्रों मिला रोजगार



वेल्लोर। वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी वीआईटी में कैंपस प्लेसमेंट 12 जुलाई 2022 को वीआईटी शेयरिंग स्लॉट-1 से 2023 स्नातक बैच के लिए पांच सुपर ड्रीम कंपनियों जैसे माइक्रोसॉफ्ट, डीई शॉ, मॉर्गन स्टेनली, एयरबीएनबी और मीडिया डॉटनेट के साथ शुरू हुआ। वीआईटी एक केंद्रीकृत प्लेसमेंट प्रक्रिया का पालन करता है और इस वर्ष भी वीआईटी के सभी चार परिसरों वेल्लोर, चेन्नई, अमरावती एपी और भोपाल एमपी के छात्रों ने भर्ती प्रक्रियाओं में भाग लिया। सभी स्लॉट-1 कंपनियों के लिए पूरी प्रक्रिया मुख्य रूप से प्री-प्लेसमेंट टॉक, ऑनलाइन टेस्ट, तकनीकी और एचआर साक्षात्कार में आयोजित की गई। डॉ. जी. विश्वनाथन, चांसलर, वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी वीआईटी ने इस सप्ताह स्लॉट-1 कैंपस प्लेसमेंट के परिणामों की घोषणा की। माइक्रोसॉफ्ट ने पूर्णकालिक ऑफर के लिए 45 छात्रों का चयन किया। अन्य स्लॉट 1 कंपनी ऑफर में डीई शॉ 2 ऑफर, मॉर्गन स्टेनली 3 ऑफर और एयरबीएनबी 4 ऑफर और मीडिया डॉटनेट 1 ऑफर शामिल हैं। मोटरक्यू कनेक्टेड कार डेटा और एनालिटिक्स सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म कंपनी ने वीआईटी के अंतिम वर्ष के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्रों अमित अग्रवाल और सार्थक भारद्वाज को वार्षिक वेतन पैकेज के रूप में 1.02 करोड़ रुपए पर चयनित किया है। उन्होंने मोटरक्यू में अपनी ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप की और प्री प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त किया। स्लॉट-1 प्लेसमेंट के बाद अमेजन, वेल्स फैर्गो, टेक्सॉस इंवेस्मेंट्स, वॉलमॉर्ट लैब्स, सिलिकॉन लैब्स, क्रिप्टो और मीशो जैसी कंपनियां पाइपलाइन में हैं। 2023 के स्नातक बैच के 184 छात्रों को उनकी ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के दौरान कंपनियों से प्री-प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुआ है। कंपनियों द्वारा किए गए प्री-प्लेसमेंट ऑफर में माइक्रोसॉफ्ट 22 ऑफर, डेशॉ 2 ऑफर, फिडेलिटी इन्वेस्टमेंट 24 ऑफर, जेपी मॉर्गन 82 ऑफर, वेल्स फार्गो 8 ऑफर, इंफोसिस 7 ऑफर, द मैथ कंपनी 32 ऑफर और श्नाइडर इलेक्ट्रिक 7 ऑफर शामिल हैं। वीआईटी छात्रों के अन्य पीपीओ परिणाम जिन्होंने नेटवेस्ट, मॉर्गन स्टेनली, जेडएस एसोसिएट्स, पिडिलाइट, गूगल, प्रोविडेंस, शलम्बरगर, वॉलमार्ट, जीएपी और एडोब के साथ अपनी ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप की थी, जल्द ही अपेक्षित हैं। कुल मिलाकर 175 सुपर ड्रीम प्लेसमेंट और इंटर्नशिप ऑफर प्रति वर्ष 10 लाख रुपए से अधिक सीटीसी प्लेसमेंट सीजन के पहले सप्ताह में शीर्ष कंपनियों द्वारा वीआईटीयंस के लिए शुरू किए गए थे। सुपर ड्रीम कंपनियों के साथ प्लेसमेंट कैलेंडर अगस्त 2022 के अंत तक पैक किया जाएगा।

अमेजन ने दिए देश में अब तक का सबसे बड़ा ऑफर

अमेजन ने वीआईटी छात्रों को 110 सुपर ड्रीम इंटर्नशिप ऑफर दिए जो देश में अब तक का सबसे अधिक है। अन्य सुपर ड्रीम कंपनियां जैसे शेल, ओरेकल, मेकमाईट्रिप, नीलसन, सैप लैब्स, फ्लिपकार्ट, ऊर्जानेट और रेजर पे आने वाले हफ्तों में भर्ती का आयोजन करेंगी। वीआईटी ने देश में टीसीएस नेशनल क्वालिफायर टेस्ट 2022 के पहले चरण में भी टॉप किया है जिसमें 4630 छात्रों ने टेस्ट प्रक्रिया पास की है। वीआईटी में मार्च, 2022 में शुरू हुई पीजी इंटर्नशिप प्लेसमेंट जारी है, साथ ही साथ 88 कंपनियों ने पहले ही अपनी भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली है

डा. ऑर्थो व फिल्म एक विलेन रिटर्न्स में करार

चंडीगढ़। मोहित सूरी द्वारा निर्देशित फिल्म एक विलेन रिटर्न्स एक रोमांच और एक्शन थ्रिलर फिल्म है। जिसमें जॉन अब्राहम, अर्जुन कपूर, दिशा पाटनी और तारा सुतारिया अहम भूमिका में हैं। दर्शकों को फिल्म के हर पड़ाव पर रोमांच और भरपूर एक्शन देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी को देखते हुए दिविसा हर्बल्स प्राईवेट लिमिटेड ने अपने प्रसिद्ध प्रोडक्ट डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को फिल्म के साथ भागीदारी के लिए चयन किया है। फिल्म के कामयाब होने की शुभकामनाएं देने के साथ प्रसिद्ध उद्योगपति एवं कंपनी के सीएमडी डा. संजीव जुनेजा ने बताया कि फिल्म के साथ इसलिए एसोसिएट किया गया क्योंकि फिल्म में हर अंजाम तक पहुंचने के लिए हर मुश्किल से लड़ता दिखाया गया है और वैसे भी जीत तो लड़ने से ही मिलती है। श्री जुनेजा ने कहा कि यही प्रतिबद्धता हमारे प्रोडक्ट डा. ऑर्थो में भी है। डा. ऑर्थो भी जोड़ों में दर्द से परेशान लोगों में आशा की भरपूर किरण बना हुआ है। डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल बहुमूल्य आठ गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों के योग से निर्मित है व जोड़ों के दर्द की सबसे प्रसिद्ध औषधि है।

बैंक ऑफ बड़ौदा का माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से हैकथॉन लॉन्च

मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने 115वें स्थापना दिवस पर माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से एक ऑनलाइन राष्ट्रव्यापी हैकथॉन शुरू करने की घोषणा की। हैकथॉन के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा का उद्देश्य प्रतिभागियों को बैंक द्वारा परिभाषित विशिष्ट व्यावसायिक उपयोग के मामलों को संबोधित करने के लिए अभिनव समाधान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना है और बैंक के साथ मिलकर समाधान तैयार करना है। हैकथॉन व्यक्तियों और टीमों के लिए खुला है। डेवलपर्स, छात्र, पेशेवर, स्टार्टअप, फिनटेक आदि भाग ले सकते हैं। तीन महीने तक चलने वाले इस हैकथॉन में एक ऑनलाइन सॉफ्टवेयर कोडिंग प्रोटोटाइप विकास प्रतियोगिता शामिल होगी। हैकथॉन के लिए छह विषय स्वचालित चेक प्रसंस्करण, वीडियो विश्लेषिकी, आभासी अवतार, कॉल सेंटर एनालिटिक्स, आभासी सहायक, वैकल्पिक प्रमाणीकरण हैं। बैंक ऑफबड़ौदा के कार्यकारी निदेशक अजय के खुराना ने कहा, बैंकिंग उद्योग बदल गया है और नाटकीय रूप से बदल रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा का बड़े पैमाने पर हैकथॉन हमारे लिए उद्यमी दिमाग के साथ अभिनव समाधान तैयार करके वक्र से आगे रहने का अवसर है क्योंकि हम कल की बैंकिंग के लिए तैयार हैं। हैकथॉन भारत की महत्वाकांक्षी प्रतिभाओं के लिए अपने तकनीकी ज्ञान और रचनात्मकता का प्रदर्शन करने के लिए एक अद्भुत मंच है, यहां बैंक के अनुभवी अधिकारियों द्वारा सलाह दी जाती है। बैंक इस पहल में माइक्रोसॉफ्ट के साथ सहयोग करके भी खुश हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा की वेबसाइट पर जाकर हैकथॉन में भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी भाग लेने के लिए अधिकतम चार लोगों की एक टीम बना सकते हैं। व्यक्ति और टीम हैकथॉन के लिए पंजीकरण कर सकते हैं और 20 जुलाई 2022 से 14 सितंबर 2022 तक सम्मिलित विचार प्रस्तुत कर सकते हैं।

बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स ने 712 अंक की लगाई छलांग, निफ्टी 17,000 के पार

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 712 अंक से अधिक तेजी के साथ बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लि. में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 712.46 अंक यानी 1.25 उछलकर 57,570.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 761.48 अंक तक चढ़ा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 228.65 अंक यानी 1.35 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,158.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स शेयरों में टाटा स्टील, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, विप्रो और एचडीएफसी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में डॉ. रेड्डीज, कोटक महिंद्रा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी और एक्सिस बैंक शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख वी के सारस्वत ने कहा, देश में सबसे सकारात्मक बात विदेशी संस्थागत निवेशक बिकवाली कम कर रहे हैं और इस महीने आठ दिन लिवाल भी रहे। वित्तीय क्षेत्र का प्रदर्शन अच्छा रहने से बाजार पर सकारात्मक असर पड़ा। पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम इस क्षेत्र में बेहतर संभावना का संकेत दे रहे हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को लाभ में रहे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.92 प्रतिशत बढ़कर 109.2 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को 1,637.69 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।

निसान के दस लाख वाहन निर्यात

चेन्नई। निसान मोटर इंडिया ने दस लाख वाहनों के निर्यात की उपलब्धि हासिल कर ली है। मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड के दर्शन से प्रेरित निसान चेन्नई स्थित रेनॉ निसान ऑटोमोटिव इंडिया में सितंबर 2010 से शुरू हुए निर्यात के बाद से दुनियाभर के 108 देशों को वाहनों का निर्यात कर चुकी है। फ्रैंक टॉरेस, प्रेसीडेंट, निसान इंडिया ने कहा, हमें भारत से दुनिया को दस लाख निसान वाहनों के निर्यात की उपलब्धि हासिल करने पर गर्व है। निसान इंडिया आज हमारी पूर्ण निर्मित कारों तथा हिस्से, पुर्जों के निर्यात का प्रमुख केंद्र बन चुका है। हाल ही में हमने अपनी बैस्ट सैलिंग मैगनाइट को नेपाल, भूटान और बांग्लादेश के लिए निर्यात किया है। यह हमारे परिचालनों के प्रतिस्पर्धी रुझानों को दर्शाता है। हम इस उपलब्धि पर हमारी टीमों को बधाई देते हैं और पोर्ट अधिकारियों तथा तमिलनाडु सरकार के प्रति भी उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हैं।

24680 अनकवर्ड गांवों में मिलेगी 4जी मोबाइल सेवा

डिजिटल समावेशन के तहत 26316 करोड़ रुपए मंजूर

मुंबई। सभी के लिए डिजिटल समावेशन और कनेक्टिविटी सरकार के अंत्योदय दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग है। 2021 में अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकारी योजनाओं की परिपूर्णता का आह्वान किया था। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 27 जुलाई 2022 को देश भर के दूर दूर के गांवों में 4जी मोबाइल सेवाओं की परिपूर्णता की परियोजना को मंजूरी दी है। परियोजना की कुल लागत 26316 करोड़ रुपए है। यह परियोजना दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में 24680 अनकवर्ड गांवों में 4जी मोबाइल सेवाएं प्रदान करेगी। परियोजना में पुनर्वास, नई बस्तियों, सेवाओं की वापसी आदि के कारण मौजूदा ऑपरेटरों द्वारा 20 फीसदी अतिरिक्त गांवों को शामिल करने का प्रावधान है। इसके अलावा केवल 2जी, 3जी कनेक्टिविटी वाले 6279 गांवों को 4जी में अपग्रेड किया जाएगा। पिछले साल सरकार ने पांच राज्यों के 44 महत्वाकांक्षी जिलों के 7287 अनकवर्ड गांवों में 4जी मोबाइल सेवाएं प्रदान करने के लिए एक परियोजना को मंजूरी दी थी। परियोजना को बीएसएनएल द्वारा आत्मनिर्भर भारत के 4 जी प्रौद्योगिकी स्टैक का उपयोग करके निष्पादित किया जाएगा और इसे यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड के माध्यम से वित्त पोषित किया जाएगा। बीएसएनएल पहले से ही आत्मनिर्भर 4जी प्रौद्योगिकी स्टैक की तैनाती की प्रक्रिया में है, जिसे इस परियोजना में भी तैनात किया जाएगा। यह परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान करने के सरकार के विजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परियोजना मोबाइल ब्रॉडबैंड के माध्यम से विभिन्न ई-गवर्नेंस सेवाओं, बैंकिंग सेवाओं, टेलीमेडिसिन, टेलीएजुकेशन के वितरण को बढ़ावा देगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार पैदा करेगी।

केयर हॉस्पिटल की स्थिति मजबूत

हैदराबाद। हैदराबाद स्थित केयर हॉस्पिटल ग्रुप ने महाराष्ट्र में अपनी उपस्थिति मजबूत की है। इसके तहत औरंगाबाद के सीआईआईजीएमए हॉस्पिटल्स ने महाराष्ट्र में अपनी विस्तार करने की रणनीति के अंतगर्त प्रमुख भागीदार बनने की घोषणा की। इस निवेश द्वारा केयर हॉस्पिटल का यूनाईटेड सीआईआईजीएमए हॉस्पिटल्स में मुख्य भागीदारी होगी और राज्य के तीन प्रमुख शहरों मे उपस्थिति दर्ज होगी। केयर हॉस्पिटल्स नेटवर्क देश के 6 राज्यों के 8 शहरो मे 17 स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ फैला है। केयर हॉस्पिटल भारत का पहला हॉस्पिटल समूह है जिसमें देश में 2 टीयर्स श्रेणी के शहरों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। केयर हॉस्पिटल समूह के सीईओ जसप्रीत सिंह ने बतलाया कि हम सीआईआईजीएमए हॉस्पिटल्स को केयर ग्रुप में सम्मिलित होने का स्वागत करते हैं और क्लीनिकल केयर में मरीजों को परस्पर विशेषज्ञता के उच्च सेवाओं को मराठावाड़ा, महाराष्ट्र में मरीजों तक पहुंचाने की अपार संभावनाओं से उत्साहित हैं।

वाराणसी को जिला निर्यात हब बनाने के लिये एक स्टेक होल्डर मीटिंग का किया गया आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जिलाधिकारी वाराणसी कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में कार्यालय संयुक्त महानिदेशक विदेश व्यापार वाराणसी , फेडरेशन आफ इण्डियन एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन, जिला उद्योग केन्द्र वाराणसी तथा ई०सी०जी०सी० द्वारा वाराणसी को जिला निर्यात हब बनाने के लिये शुक्रवार को नदेसर स्थित एक होटल मे एक स्टेक होल्डर मीटिंग का आयोजन किया गया` उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद वाराणसी से निर्यात को बढ़ावा देने के लिये तैयार की गयी जिला निर्यात हब कार्य योजना के सम्बन्ध में व्यापक परिचर्चा की गयी। कार्यक्रम में सर्विसेज एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल एवं हस्त शिल्प निर्यात संवर्धन परिषद् इस्टर्न यू०पी० एक्सपोर्टर्स एशोसिएशन इण्डो अमेरिकन चैम्बर्स एवं कामर्स आई०आई०ए० चैम्बर्स आफ कामर्स सहित समस्त स्टेकहोल्डर्स संगठनों की सक्रिय सहभागिता रही` अमित कुमार संयुक्त महानिदेशक वाराणसी

ने अवगत कराया कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से जनपद वाराणसी को निर्यात हब बनाने के लिये संचालित की जा रही है उन्होंने ने अवगत कराया कि जनपद वाराणसी से वर्तमान में 565 करोड़ का निर्यात किया गया। जिसे वित्तीय वर्ष 2026 -2027 तक दोगुना 1130 करोड़ किये जाने का लक्ष्य है उन्होंने यह भी अवगत कराया कि सिल्क कालीन एवं दरी अन्य जी०आई० तथा हस्तशिल्प उत्पाद एवं पर्यटन भी शामिल है उन्होंने यह अवगत कराया कि जनपद वाराणसी प्रदेश के 6 जनपदों में शामिल है जो कि उक्त योजना के प्रथम चरण के क्रियान्वयन हेतु चयनित किये गये हैं` कार्यक्रम में कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी के आयुक्त पद पर प्रमोशन होने पर समस्त निर्यातको द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा उन्हें भविष्य के लिये हार्दिक शुभकामनायें दी गयी` कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कौशल राज शर्मा ने निर्यातकों को अपनी आने वाली समस्याओं तथा सुझावों को प्रदान करने का आहवान किया गया जिससे जिला निर्यात कार्य योजना में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु एक रोडमैप तैयार किया जा सके । डा० रजनीकांत ने वाराणसी से निर्यात बढ़ाने के लिये जी०आई० उत्पादों पर विशेष ध्यान देने पर बल की आवश्यकता बताई` कार्यक्रम में उमेश सिंह, संयुक्त आयुक्त ने निर्यातकों को जिला निर्यात कार्य योजना के बेहतर क्रियान्वयन में सुझावों को देने तथा उक्त योजना में निर्यातकों की सहायता एवं समस्या निवारण के लिये एक सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था पर बल दिया` कार्यक्रम में यूपिया के अध्यक्ष अमिताभ सिंह, सचिव अनिल अग्रवाल, आई०ए०सी०सी० वाराणसी के अध्यक्ष जे०पी०मुद्दा आई०आई०ए० के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर०सी०चौधरी व राजेश भाटिया सहित काफी संख्या में निर्यातकों की सहभागिता रही` कार्यक्रम में महेश शर्मा, उपायुक्त उद्योग व एम०एस०एम०ई० के डायरेक्टर लाल बिहारी यादव की भी सहभागिता रही कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन वाई०एस० गर्ग तथा संचालन आलोक श्रीवास्तव ने किया।

कजरी महोत्सव व मेंहदी प्रतियोगिता का होगा आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सामाजिक संस्था वेलफेयर क्लब द्वारा कजरी महोत्सव शीर्षक अन्तर्गत राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता तथा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन अगस्त माह में किया जाएगा। क्लब द्वारा जारी विज्ञप्त के अनुसार वेलफेयर क्लब महिला प्रकोष्ठ की सचिव शहाना जहाँ ने बताया कि जनपद स्तरीय मेहँदी प्रतियोगिता का आयोजन 28 अगस्त दिन रविवार को प्रातः 10 बजे गौरीशंकर पब्लिक स्कुल तुलसीसागर गाजीपुर में किया गया है क्इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से स्नातकोत्तर तक की क्षात्राये शामिल होंगी यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में क्रमशः कनिष्ठ वर्ग, ज्येष्ठ वर्ग तथा वरिष्ठ वर्ग में आयोजित की जायेगी क्इस प्रतियोगिता में छात्राओं को अपना हुनर दिखाने के लिये दो घंटा समय निर्धारित किया गया है क प्रतियोगिता का निर्णय क्लब द्वारा निर्धारित तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल सदस्य द्वारा कार्यक्रम स्थल पर ही किया जायेगा क प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा प्रशंसित स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को क्लब द्वारा आयोजित किये जाने वाले पुरस्कार वितरण समारोह में शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा क्इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन फॉर्म विद्यालयों के अतिरिक्त क्लब द्वारा निर्धारित स्थानों पर उपलब्ध करा दिया गया है जिसकी अंतिम तिथि 16 अगस्त निर्धारित की गयी है शहाना जहाँ के अनुसार कजरी महोत्सव का आयोजन 13अगस्त प्रातः 9 बजे माउन्ट लिट्रा जी स्कूल बंधवा में किया जायेगा जिसमे जनपद भर के विभिन्न स्कुलो के एल केजी से कक्षा 5 तक के बच्चे राधा-कृष्ण का रूप धर कर अपनी प्रस्तुति करेंगे कक्लब द्वारा निर्धारित तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल द्वारा मुल्यांकन कर प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय के अतिरिक्त सांत्वना तथा प्रोत्साहन पुरस्कार पाने वाले प्रतियोगियों को प्रतियोगिता स्थल पर ही शील्ड तथा मेडल देकर सम्मानित किया जायेगा इस अवसर पर कु० अनामिका,धीरेन्द्र त्रिपाठी,पवन पाण्डेय ,कु० आँचल,अभिषेक सिंह ,धर्मेन्द्र जायसवाल, डा० जीतेन्द्र कुमार ,राम नाथ कुशवाहा,सत्य देव दुबे,धर्मेन्द्र कुमार , अमन प्रजापति,प्रमोद कुमार बिन्द ,राहुल प्रताप मिश्र आदि उपस्थित रहे।

निपुड़ भारत मिशन की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत जनपद की मासिक समीक्षा बैठक डायट सभागार सैदपुर में प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हेतु प्राचार्य उदयभान ने कहा कि जनपद के शैक्षिक संवर्धन हेतु हम सभी लोगों को मिलकर मिशन मोड पर कार्य करने की आवश्यकता है। हम विद्यालयों के निरीक्षण व सपोर्टिव सुपरविजन के समय शिक्षक को शिक्षण संदर्शिकाओं का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु अभिभावकों से संपर्क अवश्य किया जाय। बैठक को वरिष्ठ प्रवक्ता प्रभु राम चौहान, बीईओ अविनाश राय, उदय चन्द्र राय, सीताराम, राघवेन्द्र सिंह, प्रवक्ता डॉ. सर्वेश कुमार राय, डॉ मंजर कमाल,एस आर जी प्रीती

सिंह, अभिषेक कुमार,ए आर पी रामजीत यादव ने संबोधित किया। बैठक में जनपद के समस्त बीईओ, डायट प्रवक्ता, एस आर जी, एआर पी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन हरिओम प्रताप यादव ने किया।

कैंप में निःशुल्क कैंसर रोगियों की जांच

प्रखर गोरखपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ठरार्पार (पाली) के कैम्पस में सुबह 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल के सौजन्य से लोगों की निःशुल्क कैंसर की जांच की गई, जिसमें एक कैंसर के रोगी को चिन्हित किया गया। शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.आशुतोष त्रिपाठी द्वारा समाज में फैल रही असाध्य रोग के विषय में मरीजों को जानकारी दी और आशा कार्यकताओं को कैंसर के लक्षण के विषय में गहराई से बताते हुए कहा कि- आप सभी के कंधों पर जागरूक करने की जिम्मेदारी है इसका निर्वहन करें। उक्त-अवसर पर अजय श्रीवास्तव, कु. लक्ष्मी, अजीत पाण्डेय, मती सोनी, रामविलास, विकास सोनकर समेत कई लोग मौजूद थे।

सेंटजॉन्स में 'मानवता' नामक लघुनाटिका का मंचन

प्रखर जौनपुर। सेंटजॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर की प्रार्थना-सभा में कक्षा 9 स के विद्यार्थियों ने 'मानवता' नामक लघुनाटिका का मंचन शनिवार को किया । जिसमें धार्मिक प्रेम एवं सद्भाव को दशार्या गया।विद्यालय की प्रार्थना सभा में हर शनिवार को रचनात्मक एवं क्रियात्मक सभा का आयोजन किया जाता है। आज की सभा में कक्षाध्यापिका श्रीमती चंचल सिंह के कुशल मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने बेहद खूबसूरत ढंग से विचारों की अभिव्यक्ति की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंसानियत सभी धर्मों का मूल है और सभी धर्म इसकी ही शिक्षा देते हैं। शुक्रवार को हुए राखी मेकिंग कम्पेटिशन में कक्षा एलकेजी से लेकर कक्षा द्वितीय तक के छात्र-छात्राओं ने अद्भुत प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में एलकेजी की आलिया रजा, अंशी सिंह तथा याश्वी यादव ने प्रथम स्थान, जैनब शहनवाज, शिवा सिंह तथा कनिष्क वर्मा ने द्वितीय स्थान एवं जोया परवीन,आयुष यादव, स्वस्तिक रमन एवं अवाज खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा यूकेजी के यथार्थ,ऋषिकेश एवं अनायशा ने प्रथम,अनन्या, आयुष, प्रज्ज्वल, आर्यवीर एवं याश्वी ने द्वितीय तथा भाव्या,प्रवशी, माही एवं आंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कक्षा एक के प्रभाष,अतुल्य एवं देवांश प्रथम,कृष्णम,आदी, दिव्येश एवं आराध्या ने द्वितीय एवं शौर्य, आर्यम, शिवा एवं आद्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कक्षा दो की सिद्धी एवं आकृति ने प्रथम,परी,अयान,अन्विशा एवं कार्तिक ने द्वितीय तथा भाविका, अदिती एवं नित्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आज कक्षा तीन से बारहवीं तक के छात्रों के लिए एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सब जूनियर वर्ग में अमृत किशोर ने प्रथम,क्षितिज रघुवंशी तथा आयुष ने द्वितीय एवं शुभ श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।जूनियर वर्ग में आदित्य विक्रम ने प्रथम,शास्वत ने द्वितीय तथा दिव्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।सीनियर वर्ग में अभय तिवारी ने प्रथम, ओम उपाध्याय एवं ईशान प्रजापति ने द्वितीय तथा हार्दिक मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने सभी विजेताओं को जीत के लिए एवं प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बधाई दी।समस्त प्रतियोगिताएँ सिस्टर निकोलस के दिशा निर्देशन में सकुशल सम्पादित हुईं।

महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ निकाली जाएगी कांग्रेस की पदयात्रा : फैसल हसन

प्रखर जौनपुर। जिला कांग्रेस कार्यालय पर पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज की अध्यक्षता में शनिवार को हुई। जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव व जौनपुर प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा ने कहा कि 9 अगस्त क्रांति दिवस के दिन से जनपद में 75 किलोमीटर की पदयात्रा का आयोजन किया गया है। यह पदयात्रा महंगाई, बेरोजगारी भारत के आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में मनाई जा रही है । यह यात्रा सभी विधानसभा क्षेत्रों में ग्रामीण अंचलों में की जाएंगी। सभी विधानसभा के क्षेत्रों की जिम्मेदारी वहां के ब्लॉक अध्यक्ष व पूर्व प्रत्याशी महासचिव फ्रंटल संगठनों को दी गई। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी के निर्देश पर इस यात्रा के माध्यम से गांव-गांव घर-घर कांग्रेस का कार्यकर्ता जाकर के कांग्रेस की नीतियों को बताएगा और महंगाई बेरोजगारी का खिलाफ जागरूकता का कार्यक्रम चलाया जायेगा। इस अवसर पर राकेश उपाध्याय, देवराज पाण्डेय ,महमूद अन्सारी, पंकज सोनकर, राकेश सिंह डब्बू , नीरज राय , आजम जैदी, अजय सोनकर, विनय तिवारी, सन्तोष गिरी, सुभाष सिंह , लालता चौधरी, रमेश पाल, राम सिंह पटेल, नरेन्द्र पटेल , सुनील यादव, डॉ प्रभात विक्रम, राजीव निषाद, राज कुमार गुप्ता, बेलाल राइन, शिव मिश्रा, विजय प्रजापति, देवेन्द्र मौर्य अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवम उपाध्याय ने किया।

एक साल से नहीं खुल रहा है सामुदायिक शौचालय का ताला

प्रखर गोरखपुर। जनपद के सहजनवा विकास खंड के कुवावल कला गांव में एक साल से नहीं खुल रहा है सामुदायिक शौचालय का ताला। गोरखपुर जनपद के सहजनवा ब्लाक के अंतर्गत कुवावल कला ग्राम पंचायत में 2021का बना सामुदायिक शौचालय अभी तक ताला लटकता नजर आ रहा है। आखिर योगी सरकार भले ही ग्रामीण क्षेत्र के लिए सारी योजनाएं उपलब्ध कराए लेकिन जमीन पर अभी तक कोई असर नहीं पहुंचा। योगी सरकार के आदेशों का उड़ाई जा रही है धज्जियां लाखों का बना सामुदायिक शौचालय किस काम का रह गया जो काम ना आ सके एक तरफ खुले में शौच के लिए जाए तो आवारा पशु तथा शाप गोजर का भी भय लगता है तो वहीं महिलाएं भी बाहर जाने से डरती है। ऐसे में हो रहा है सरकारी धन का मिट्टी पलीता। आपको बता दें कि मामला कुवावल ग्राम पंचायत का हैं भीटी रावत से हरपुर बुदहट को जाने वाली मार्ग शौचालय दो साल से बनकर तैयार है लेकिन एक सालों में अभी तक ताला नहीं खोला गया आखिर कौन जिम्मेदार है एक तरफ प्रधान नहीं सुन रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ ग्राम अधिकारी भी कुंभकरण की नींद में सो रहे हैं।

हर घर तिरंगा फहराने को लेकर नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने की प्रेस वार्ता

प्रखर मिजार्पुर। नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल शनिवार की सुबह पालिका के प्रधान कार्यालय पर हर घर तिरंगा फहराने को लेकर प्रिन्ट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता की।जहां नपाध्यक्ष ने पत्रकारों को राष्ट्रीय ध्वज देकर अभियान की सांकेतिक शुरूआत की। नपाध्यक्ष ने प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुये कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आजादी के 75वी वर्षगांठ पर विगत एक वर्षो से आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है।इसी के अंर्तगत आगामी पंद्रह अगस्त को हर घर तिरंगा फहराने को लेकर नगर पालिका द्वारा नगर में जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को घर-घर तिरंगा लगाने के लिये प्रेरित किया जायेगा। पालिका द्वारा मैराथन दौड़, सभी अड़तीस वार्डो में सभासदों, निगरानी समिति के सदस्यों एवं पालिका के कर्मचारियों, अधिकारियों द्वारा लोगो के घरों पर जाकर घर-घर तिरंगा फहराने के लिये जागरूक किया जायेगा। चौदह अगस्त को भी सभासद, पालिका के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ पालिका के संसाधनों को लेकर नगर सिटी क्लब तक एक रैली भी निकाली जायेगी।

दो गांवो के बीच हुई मारपीट में तड़तड़ाई गोलियां, पांच घायल

प्रखर केराकत जौनपुर। क्षेत्र के पचवर गांव के आनन्द यादव और परमानंदपुर गांव के धीरज कुमार यादव के बीच किसी बात को लेकर रंजिश है। शनिवार की सुबह आनंद यादव की पिटाई करने के लिए धीरज यादव ने गांव के

बाहर सिवान में घेराबंदी की थी। जानकारी के मुताबिक आनन्द दूध का बाल्टा लेकर मोटर साइकिल से बिक्री करने जा रहा था। जैसे ही वह गांव के बाहर सिवान में पहुंचा तो धीरज और उसके साथियों ने रोकने की कोशिश की। मौके की नजाकत समझ कर आनंद मोटर साइकिल छोड़कर भाग गया। जिस पर धीरज और उसके साथियों ने मोटर साईकिल कूंच दी और घर चले गए। दूसरी ओर आनन्द ने 112 नंबर पुलिस को घटना की सूचना दी और अपने भाई समेत आधा दर्जन साथियों को लेकर धीरज के घर पहुंच गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। धीरज ने फायरिंग कर दी और भाग गया। मारपीट में एक पक्ष से आनन्द सागर यादव, धर्मेंद यादव, बीरेंद्र यादव और श्यामसागर घायल हो गए। जबकि दूसरी ओर से धीरज यादव के पिता रामदेव यादव को चोट लगी है। घटना के समय 112 नंबर की पुलिस भी मौजूद थी। उसने फायरिंग और मारपीट का वीडियो भी बनाया। फायरिंग की सूचना पर सीओ गौरव शर्मा, कोतवाल संजय वर्मा, एसएसआई अटल बिहारी मिश्रा सहित मुफ्तीगंज और सरकी पुलिस मौके पर पहुंच गई।दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। कोतवाली पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना को लेकर गांव में तनाव का माहौल व्याप्त है।

त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

प्रखर जौनपुर। जनपद में सौहार्द व भाईचारा बना रहे इसके लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में धार्मिक गुरुओं, समाजसेवी संगठनों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। मोहर्रम, रक्षाबंधन एवं अन्य त्योहार को लेकर शांति समिति के सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगो से कहा कि आगामी त्योहार चन्द्र दर्शन के अनुसार मोहर्रम व 12 अगस्त को रक्षा बन्धन का पर्व सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी हम सबकी है। उन्होंने कहा कि त्योहार को देखते हुए मजिस्ट्रेटों को तैनात किया गया है, थानों पर शान्ति समिति की बैठकें की जा रही है। उन्होंने समस्त तैनात मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक स्थिति में व्यवहार कुशलता, दृढ़ता, धैर्य एवं दूरदर्शिता से काम करेंगे, प्रत्येक स्थिति में अपने कुशल नेतृत्व में शांति व्यवस्था

बनाये रखेंगे। किसी भी विषम परिस्थिति में सूचना जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक तथा संबंधित क्षेत्र में तैनात मजिस्ट्रेट को त्वरिततम साधनों से उपलब्ध करायी जाये। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्र में मस्जिदों की सफाई, पेयजल, प्रकाश की प्रबंध कराना सुनिश्चित किया जाये। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि जो सड़कों में गड्ढे हो उन्हें तत्काल भर दिया जाए। अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि त्योहारो के दौरान विद्युत आपूर्ति बनी रहे, ट्रास्फार्मर एवं तार ठीक करा लिया जाय। नमाज के समय मस्जिदों एवं मन्दिरों पर जलाभिषेक के समय आवागमन के मार्गो पर जानवर न आने पाए। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि खाद्य सामानों को दुकानदारअधिक मूल्य में न बेचने पाए इसकी जांच करते रहे। प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के साथ एक मीटिंग करने का निर्देश अपर जिलाधिकारी को दिया। उन्होंने कहा कि शस्त्र प्रर्दशन की अनुमति नही है। अगर सोशल मीडिया पर कोई प्रतिबंधित और आपत्तिजनक संदेश प्राप्त होता है तो प्रशासन को अवगत कराएं, पहचान सुनिश्चित करने के उपरांत सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ विधिसंवत कार्रवाई की जाएगी, अगर प्रतिबंधित संगठन की सक्रियता के बारे में पता चलता है तो अविलंब अवगत कराएं, जिससे प्रशासन उनके खिलाफ कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक अजय साहनी ने कहा कि पूर्व में जैसे त्योहार मनाया जा रहा था वैसे ही त्योहार मनाया जायेगा, किसी भी प्रकार की नई परम्परा नही शुरू की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व रजनीश राय, अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

दबंगों ने युवती को चाकू मारकर किया घायल, युवती थाने पहुंच लगाई न्याय की गुहार

प्रखर केराकत जौनपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के थानागद्दी चौकी अंतर्गत शनिवार की सुबह एक गांव में पड़ोस के रहने वाले दो युवकों ने युवती को जबरन झाड़ी में खीच कर चाकू मारकर घायल कर दिया।युवती घायलवस्था में थाने पर पहुंच न्याय की गुहार लगाई है। गौरतलब हो कि शनिवार की सुबह धान की रोपाई करने के लिए घर से कुछ ही दूरी पर गये परिवार वालो के लिये युवती चाय बनाकर ले जा रही थी कि पहले से ही नहर की झाड़ियों में घात लगाकर बैठे युवकों ने युवती को जबरन झाड़ी में खींचकर मारने लगे युवती के मना करने पर उसका मुंह दबा कर चाकू से मारने लगे युवती के चीखने चिल्लाने पर युवक को छोड़कर भाग खड़े हुए। घायलवस्था में पुत्री को देख परिवार वालो के पैरो तले से जमीन खिसक गई युवती ने परिजनों को आप बीती बताई तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।परिजन थाने में पहुंच न्याय की गुहार लगाई पुलिस पीड़ित युवती के मेडिकल हेतु सामुदायिक केंद्र भेज जांच पड़ताल में जुट गई परिजनों ने बताया कि इससे पहले भी युवती के साथ युवकों के जबरदस्ती की थी।

संक्षिप्त खबरें

गाजीपुर के लाल को कुलपति ने किया सम्मानित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जमानिया कस्बा निवासी ओमप्रकाश गुप्ता को वीरबहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय जौनपुर की कुलपति ने ताइक्वांडो में राष्ट्रीय पदक जीतने हेतु संम्मानित किया है। विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति महोदया निर्मला एस. मौर्य जी ने ओमप्रकाश गुप्ता को शुद्ध चांदी का पदक व पुष्प गुच्छ प्रदान कर संम्मानित किया। ज्ञात हो कि ओमप्रकाश ताईक्वांडो व क्वान की डो के राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं व कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। पिछले सत्र मोहाली में आयोजित अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय क्वान की डो प्रतियोगिता में पूर्वान्चल विश्वविद्यालय के लिए काश्य पदक जीत कर विश्वविद्यालय व जिले का नाम रौशन किया था। इसके पूर्व अन्य उपलब्धियों के दृष्टिगत ओमप्रकाश को

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने वर्ष 2019 में राजभवन लखनऊ में संम्मानित किया था। ओमप्रकाश गुप्ता के कोच व गौतम स्पोर्टस एकेडमी गैबीपुर के प्रबंध निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि ओमप्रकाश हमेसा हेवी वेट में खेलना पसंद करते हैं और पिछले कई वर्ष से मेरे संरक्षण में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस दौरान इन्होंने दर्जनों पदक जीता है। अमित सिंह ने बताया कि ओमप्रकाश गुप्ता को 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवश के अवसर पर राजभवन लखनऊ में भी संम्मानित किया जाएगा।

63 बेरोजगारों का हुआ विभिन्न पदों पर चयन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला रोजगार सहायता अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया है कि शनिवार को जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में राजकीय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी कम्पनियॉ रोहित हाईब्रीड सीड्स प्रा0लि0 एवं वेलफेयर कम्यूनिटि प्रा0लि, वाराणसी द्वारा सुपरवीजन, मैनेजर, एकाउण्टेन्ट, डेली वर्कर, हेल्फर, कम्प्यूटर आपरेटर आदि पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस मेले में लगभग 195 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से विभिन्न पदों पर कुल 63 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस दौरान सेवायोजन कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

हर घर तक जायेंगे बीएलओ करेंगे आधार नम्बर एकत्र

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों में सम्मिलित मतदाताओं के स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किये जाने की कार्यवाही दिनांक 01 अगस्त से बी0एल0ओ0 द्वारा डोर टू डोर प्रारम्भ किया जायेगा। आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली में सम्मिलित सभी मतदाताओं से आधार नम्बर एकत्र किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए आयोग द्वारा आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम के दौरान 07 अगस्त एवं दिनांक 21 अगस्त को विशेष कैम्प का आयोजन प्रत्येक मतदेय स्थलों पर आयोजित किये जाने का निर्देश दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु जनपद के सम्स्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारी, स्वयंसेवी संगठनों, मीडिया प्रतिनिधियों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, बार ऐसोसिएशन कार्यालयाध्यक्ष / विभागाध्यक्षों से अपील की है कि वे निर्वाचक नामावली में आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु आम नागरिकों को जागरूक करने का कष्ट करें, ताकि आयोग के मंशा के अनुरूप नामावली में सम्मिलित सभी मतदाताओ के आधार नम्बर एकत्रित किये जाने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

सड़क बदहाल लोग परेशान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सैदपुर शादियाबाद मार्ग तथा देवकली मौधिया मार्ग के मध्य मे भीतरी एक ऐतिहासिक स्थल है जो सैदपुर तहसील मुख्यालय व देवकली ब्लाक मुख्यालय से लगभग 6-7 किमी० दूर है। भितरी बाजार की सडके जगह जगह टूट फूट जाने से आम नागरिकों तथा बाजार मे आने वाले ग्राहको को कीचङ मे प्रवेश कर आना जाना पडता है जो काफी दुखदायी है।उस समय स्थिति हास्यापद हो जाती है जब साइकिल व मोटरसाइकिल से आने जाने वाले लोग कीचङ युक्त गढ्ढे मे गिर पडते है या कपडे खराब हो जाते है। भितरी कस्बे के निवासी अदनान खांन,डा० कमाल अहमद,नेहाल अहमद,मो० वाहिद,श्रीकांत सिंह,गोपाल कुशवाहा,अशोक,साबिर आदिल,सूरज,एकलाख अंसारी आदि लोगो ने बताया सडकें टूट फूट कर जानलेवा गढ्ढा बन जाने से भितरी बाजार मे आने से लोग कतराने लगे है जिसका असर ब्यवसाय पर पङ रहा है।लगभग20 वर्षो से सडक का मरम्मत न होने से भितरी बाजार सहित पुरा मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है आये दिन यात्रा करने वाले तथा ऐतिहासिक स्थल को देखने आने वाले नागरिक घायल होते रहते है फिर भी विभागीय अधिकारियों की कुम्भकर्णी निद्रा भंग नही हो रही है।जिसका खामियाजा आम नागरिक भुगतने को विवश है।

प्राथमिक विद्यालयों में अभी तक नहीं बटीं किताबे, पढ़ाई बाधित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर । जनपद के प्राथमिक,उच्च प्राथमिक एंव कंपोजिट विद्यालयों पर छात्र एवं छात्राओं को अभी तक नये सत्र की किताबें नही बट पाई है,जिससे विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। छात्र छात्राओं को किताबे विभाग की तरफ से उपलब्ध न होने के चलते पढ़ाई बाधित हो रही है जबकि 01 अप्रैल से ही शिक्षा सत्र चालू हो गया है। छात्रों से बात करने पर छात्रों ने बताया अगली क्लास की किताबें न मिलने से पढ़ाई में समस्या आ रही है,हम लोग अगले कक्षा में गए छात्रों की किताबें लेकर काम चला रहे है शिक्षा क्षेत्र मरदह में पड़ने वाले प्राथमिक विद्यालय नसरतपुर एंव कंपोजिट विद्यालय गुलालसराय में पढ़ने वाले छात्रों एंव शिक्षकों ने किताबो की अनुपलब्धता से पठन-पाठन में आ रही दिक्कतों के बारे में बताया मालूम हो कि जनपद के 16 ब्लॉक और एक 1 नगर क्षेत्र में कुल 2267 विद्यालय है,जिसमे 1465 प्राथमिक विद्यालय,350 उच्च प्राथमिक और 452 कम्पोजिट विद्यालय है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजीपुर हेमंत राव ने बताया आज से परिषदीय विद्यालयों पर किताबे बटनी शुरू हो गयी है जो 15 अगस्त तक हर विद्यालयो पर वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है।

पूर्व की सरकारों में मत और मतदाता के हिसाब से होता था विद्युतीकरण : गिरीशचन्द्र यादव

उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य के तहत आजादी के अमृत महोत्सव का हुआ आयोजन, सेनापुर शहीद स्मारक में सुबह से ही लगा रहा अधिकारियो का जमावड़ा

प्रखर केराकत जौनपुर। क्षेत्र के ग्राम सेनापुर में स्थित शहीद स्मारक के परिसर में शुक्रवार को शाम पांच बजे आजादी के अमृत महोत्सव पर विद्युत विभाग द्वारा आयोजित उज्वल भारत उज्वल भविष्य के बैनर तले बिजली महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुँचे युवा कल्याण एवं खेल मंत्री गिरीशचन्द्र यादव व पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने शहीद स्तंभ पर पुष्प अर्पित करने के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूवात किये।जिसके बाद वीडियो के माध्यम से पावर जनरेशन केप्सिटी,वन नेशन ग्रिड पावर व हर घर रोशनी घर घर बिजली कैसे पहुंची को दिखाया गया साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बिजली के जीवन में उपयोगिता के बारे में दिखाया गया साथ ही कटिया फेक कर बिजली न लेने का संदेश लोगो को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया। मुख्य अथिति गिरीश चंद यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश व प्रदेश की सरकार अमृत महोत्सव मना रही है 2014 के पहले बिजली देने के लिए सांसद व विधायक का कोटा होता था वह अपने कोटे से गांवो में मत और मतदाता के हिसाब से होता था विद्युतीकरण।पर देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश व प्रदेश की सरकारें मिलकर आपस मे समन्वय स्थापित कर हर मजरे व पुरवे में बिजली पहुंचाने का काम किया। मैं ये दावे के साथ कह सकता हूँ कि देश का कोई भी मजरा या पुरवा विद्युतीकरण से छूटा नही है। मोदी जी की सरकार बनने के बाद सरकार का यह संकल्प था कि भेदभाव छोड़कर हर घर मे बिजली पहुचायी जाएगी। उत्तर प्रदेश में जो निवेशक आये और अस्सी हजार करोड़ लाख का निवेश किया उसमें बिजली की बहुत बड़ी भूमिका है। बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा की गारन्टी होती है तभी उद्योगपति निवेश करने आते है। उत्तर प्रदेश ही नही देश मे भी सड़क, बिजली, पानी और सुरक्षा की क्षमता बढ़ी है और निवेशकों को विष्वास हुआ है कि सरकार संसाधन मुहैया करा सकती है। इस लिये उद्योगपतियो ने निवेश किया। आज देश मे ग्राम सचिवालय और हर घर मे शौचालय का निर्माण करके प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी के सपने को साकार किया है।उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के कार्य उनके गांव में ही किया जाय साथ ही बिजली से संबंधित जनता की समस्या को अधिकारियो से तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए।साथ ही पंडित दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना,सौभाग्य योजना की जानकारी देकर उपलब्धियों को गिनाये।वही कार्यक्रम में पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने भी अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के विकास के लिये किये गये कार्य एवं उपलब्धियों को गिनाया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा शीलम उपजिलाधिकारी माज अख्तर, क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा, अधिक्षण अभियन्त विवेक खन्ना ,अधिसाशी अभियन्ता एके सिंह, अधिसाशी अभियन्ता विद्युत विरतण मण्डल द्वितीय राजकुमार, एसडीओ विद्युत रमेश कुमार वैश्य, खण्ड विकास अधिकारी रवि कुमार सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीन सिंह "बबलू", जिला उपाध्यक्ष वृजेश सिंह, संजय सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन एडीओ पंचायत राम अवध राम ने की।

शांतिपूर्ण ढंग से त्योहारों को संपन्न कराने में संभ्रांत जनों की भूमिका महत्वपूर्ण

प्रखर गोरखपुर। पीपीगंज आसन्न त्योहारों नागपंचमी, मोहर्रम व रक्षाबंधन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के उद्देश से पीपीगंज थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक उप जिलाधिकारी कैंपियरगंज पंकज दीक्षित व थाना अध्यक्ष पीपीगंज दुर्गेश सिंह ने लोगों से अपील की त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण मे मनाए तथा शांति व्यवस्था के संबंध में यदि कहीं से कोई सूचना प्राप्त हो तो तत्काल जिम्मेदार अधिकारियों के संज्ञान में लाएं। एसडीएम कैंपियरगंज ने बताया अगर कोई माहौल खराब करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी । लेखपाल सुधीर मिश्रा,जामा मस्जिद पीपीगंज के इमाम फैयाज अहमद, मोहम्मद इब्राहिम, मोहम्मद अनीस, अत्ताउल्लाह, मोहम्मद जावेद, सनी जयसवाल, अरविंद अग्रहरि, रामानंद दाढ़ी, मनोनीत सभासद कमलेश वर्मा ,दिनेश यादव, कलामुद्दीन, उस्मान अली, जलालुद्दीन व आदि लोग मौजूद रहे।

63 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

प्रखर खेतासराय जौनपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने गोकशी पर लगाम लगाने के लिए पशुतस्करो पर कार्रवाई तेज कर दी है । शनिवार को स्थानीय पुलिस ने लेदरही नहर पर छापेमारी कर दो पशु तस्करों को हिरासत में ले लिया, जब कि एक आरोपी पुलिस की भनक पाकर मौके से खिसक लिया । उनके पास से 65 किलो प्रतिबंधित मास बरामद करने का पुलिस ने दावा किया है । दोनों आरोपितो को पुलिस चालान भेजने की तय्यारी में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष यजुर्वेन्द्र सिंह ने बताया कि शनिवार की भोर में करीब 3:20 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि लेदरही नहर पर गोवंशी तस्कर प्रतिबंधित मांस के साथ मौजूद है । पुलिस की त्वरित उक्त स्थान पर दबिश देकर दो लोगों को हिरासत में ले लिया। उनके पास 65 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ । पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम असलम पुत्र स्व हबीब इसी गांव के निवासी बताया जबकि दूसरे से सोहराब पुत्र हदीस निवासी बीरी समसुद्दीन पुर थाना खुटहन बताया । दोनों ने पुलिस को बताया कि उनके साथ एक अन्य आरोपित गुड्डू पुत्र अली रजा जो इसी गांव का है वह भाग गया । पुलिस के मुताबिक असलम पर गोवध अधिनियम का एक मुकदमा दर्ज है जबकि सोहराब पर कुल चार संगीन मुकदमे में है जिसमें गोवध अधिनियम, हत्या का प्रयास और गैंगेस्टर की कार्रवाई हो चुकी है । एसओ ने कहा कि फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है, जल्द ही पुलिस के शिकंजे में होगा । गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ यजुर्वेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक शान मोहम्मद, हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार सरोज, अमरनाथ यादव, कृष्णा नंद यादव, दिनेश यादव सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

सेनापुर शहीदी गांव को माडल गांव की तरह किया जाय विकसित : सीडीओ

प्रखर केराकत जौनपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य के तहत सेनापुर शहीद स्मारक में शुक्रवार की शाम बिजली महोत्सव मनाया गया कार्यक्रम में बतौर विशिष्ठ अतिथि पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा शीलम ने शहीद स्तंभ पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए गांव के इतिहास के विषय में ग्रामीणों से चर्चा कर शहीदों के विषय में जानकारी ली।इस दौरान शहीद पार्क का निरीक्षण कर शहीद स्तंभ के पीछे बने तालाब को विकसित करने की बात को कही।साथ ही सेनापुर प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।इस दौरान विद्यालय परिसर में बने हैण्ड वास में लगे पानी के नल को देखा पानी नही निकलने से अपनी नाराजगी जताते हुए जल्द ही ठीक करने की बात को बताई।विद्यालय परिसर में बने पंचायत भवन के अंदर लाईट नहीं लगने व पंचायत सहायक के नदारत रहने पर ग्राम प्रधान व अधिकारियो पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि पंचायत सहायक की तबियत खराब चल रही है और बिजली न होने से पंचायत भवन में लाईट नही हैं वही पास में खाली पड़े आंगन में एमडीएम सेट मनरेगा से बच्चो के लिए बनाने के निर्देश दिये। तत्पश्चात सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सेनापुर शहीदी गांव को माडल गांव की तरह बनाकर विकसित किया जाय इसके लिये आप सभी के सहयोग की जरूरत है उन्होंने कहा कि यहां पर उपस्थित मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि इस गांव में जहां भी ट्रांसफार्मर व तार की आवश्यकता हो वहां पर उपलब्ध कराये ताकि सेनापुर गांव के हर एक घर तक बिजली पहुंचाई जा सके मैं इस गांव को माडल गांव की तरह बनाकर विकसित करने के लिये प्रयारत रहूंगा।

अमृत महोत्सव के तहत धानापुर शहीद पार्क में मनाया गया विजली महोत्सव

प्रखर चन्दौली। धानापुर स्थित शहीद पार्क में एनटीपीसी के सहयोग से विद्युत मंत्रालय ने शुक्रवार को बिजली महोत्सव मनाया। इस कार्यक्रम के माध्यम से मंच के माध्यम से समारोह पूर्वक विगत वर्षों में बिजली क्षेत्र में देश एवं प्रदेश की बहुत सी महत्वपूर्ण उपलब्धियों को बताया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सैयदराजा विधायक सुशील सिंह एवं ब्लाक प्रमुख अजय सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में विधायक सुशील सिंह ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार ने बिजली के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है। अनियमित विद्युत आपूर्ति को पटरी पर लाते हुए शहरों में 24 घंटा तथा ग्रामीण क्षेत्र में 20 से 22 घंटा आपूर्ति देने का काम किया है। आजादी का यह अमृत महोत्सव देश के प्रत्येक नागरिकों को समर्पित है। सर्वप्रथम उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। साथ हीअगस्त क्रांति के शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस दौरान नोडल अधिकारी अनित कुमार (उपमहाप्रबंधक-मानव संसाधन) एनटीपीसी रिहंद, द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ताओं को विद्युत ऊर्जा के क्षेत्र में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया।

तिराहे पर लगवाये गए कैमरे का एसपी ने किया उद्घाटन

प्रखर संत कबीर नगर। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत महुली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मैनसिर तिराहे पर ग्राम प्रधान हेमलता सरोज के द्वारा लगवाए गए कैमरे का पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रभारी निरीक्षक महुली रविंद्र सिंह के प्रयासों से ग्राम प्रधान मैनसिर हेमलता सरोज के द्वारा आईपी टेक्नोलॉजी संयुक्त इंफ्रारेड सीसीटीवी कैमरा मैनसीर तिराहे पर लगवाया गया, जो 200 मीटर तक दिन तथा रात में बेहतर पिक्चर क्वालिटी से युक्त है, बिजली कटने पर भी बैटरी व इनवर्टर लगाया गया है, जिसका शुभारंभ पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने फीता काटकर किया है। एसपी सोनम कुमार ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बलजीत उर्फ लड्डू वपरमवीर पासवान को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया । तथा पुलिस अधीक्षक ने वहां मौजूद व्यापारी गणों से कहां की अपने-अपने दुकानों पर सुरक्षा को देखते हुए सीसीटीवी कैमरा लगाने का सुझाव दिये और बताया कि कैमरा अति महत्वपूर्ण है जो हर गतिविधियों पर 24 घंटे नजर रखता है।

श्रावण मास में रुद्राभिषेक का पाठ करने से प्रसन्न होते हैं भगवान शंकर-अभिनंदन तिवारी

प्रखर संत कबीर नगर। श्रावण मास को लेकर घर-घर मे शिव की आराधना व रुद्राभिषेक का पाठ किया जा रहा है। मान्यता है कि श्रावण मास में भगवान शंकर को पूजने से अति प्रसन्न होते हैं शिव जी। जिसको लेकर खलीलाबाद के प्राचीन मंदिर बाबा तामेश्वर नाथ में भक्तों का पूजा पाठ लगातार चल रहा है। भक्तगण भगवान शिव की आराधना करते नजर आ रहे हैं । ऐसे में भाजपा नेता अभिनन्दन तिवारी ने बाबा तामेश्वर नाथ की नगरी में पहुंच कर सपत्नीक विधि-विधान पूर्वक दूध से शिवलिंग का जलाभिषेक कर रुद्राभिषेक का पाठ करवाया। रुद्राभिषेक का पाठ कर रहे पंडित अजय शास्त्री जी ने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी महीने में समुद्र का मंथन हुआ था। समुद्र मंथन के दौरान समुद्र से निकलने वाले हलाहल विष को भगवान शिव ने लोगों को बचाने के लिए विश का विषपान किया था। जिसके जलन की शांति के लिए देवताओं द्वारा भगवान का जलाभिषेक किया। इसी श्रावण मास के महीने में पार्वती जी ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया इसलिए श्रावण मास भगवान शिव के अत्यंत प्रिय है। इसमें की गई शिव की उपासना से भगवान शिव की विशेष कृपा मिलती है। भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए लोग उनकी पूजा करते हैं। और शिवलिंग पर जाप करते हुए विशेष वस्तुएं अर्पित करते हैं। जल एवं दुग्ध की धार अर्पित करते हैं। इस प्रकार से की गई पूजन विधि से शिवजी की उपासना करने से सुख समृद्धि शांति व वैभव की प्राप्ति होती है। रुद्राभिषेक का पाठ संपन्न होने के उपरांत गोस्वामी वंशजों समेत सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मौजूद रहे शिवशंकर उपाध्याय,अवधेश तिवारी, सुरज उपाध्याय, अंकित उपाध्याय, अविनाश तिवारी, सेखर उपाध्याय, अंशुमान तिवारी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

फरियादियों के सामने मारपीट करने वाले थानेदार व दरोगा निलंबित, एसएसपी ने दिए जांच के निर्देश

प्रखर गोरखपुर। सहजनवा थाना पर एक दिन पहले थाने में मारपीट करने वाले दरोगा व थानेदार को एसएसपी ने निलंबित कर दिया है। एसएसपी ने फरियादियों के सामने अनुशासनहीनता करने वाले पुलिसकर्मियों की विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। उनका कहना है कि इनकी इस हरकत से पुलिस की छवि खराब हुई है। गोरखपुर जिले के सहजनवां थाने में फरियादियों के सामने मारपीट करने वाले थानेदार अंजुल चतुवेर्दी और दरोगा राम प्रवेश सिंह को शुक्रवार की सुबह निलंबित कर दिया गया है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने थानेदार व दरोगा पर निलंबन की कार्रवाई करने के साथ ही विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। एसएसपी का कहना है कि पुलिस जैसे अनुशासित विभाग में रहते हुए इन्होंने अनुशासनहीनता की है जिससे पुलिस की छवि धूमिल हो रही है।

यह है मामला- सहजनवां थाने में गुरुवार की सुबह अपनी समस्या लेकर पहुंचे फरियादियों की फरियाद सुनी जा रही थी। दरोगा राम प्रवेश सिंह फरियादियों के साथ बैठे थे। इस दौरान थानेदार अपने कक्ष से निकलने के बाद किसी कार्य से दरोगा को आवाज लगाने लगे। कई बार बुलाने पर दरोगा ने ध्यान नहीं दिया, जिसके बाद थाना प्रभारी अंजुल चतुवेर्दी भी मौके पर पहुंच गए। थानेदार ने दरोगा से बात नहीं सुनने का आरोप लगाते हुए सवाल किया। इस दौरान दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। मामला इस कदर बढ़ गया कि तुम तड़ाम होने लगा।

दाहिने थानेदार अंशुल चतुर्वेदी और बांए दरोगा राम प्रवेश सिंह।

दरोगा ने थानेदार को जड़ा था थप्पड़- इसी दौरान दरोगा ने थानेदार पर हाथ छोड़ दिया और ताबड़तोड़ चार पांच थप्पड़ रसीद कर दिया। थाना परिसर में ही थानेदार की पिटाई देख फरियादी भी अवाक रह गए। मारपीट होते देख थाने का मुंशी भाग कर पहुंचा और दरोगा को दोनों हाथों से पकड़ कर दूर किया। थानेदार और दरोगा दूर होने के बाद भी एक दूसरे पर अपशब्दों की बौछार करने लगे। अन्य पुलिस कर्मियों के बार- बार कहने के बाद दरोगा अपने आवास में गए और थानेदार अपने कक्ष में जा कर बैठ गए

जांच रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी ने की कार्रवाई- मामले की जानकारी होने पर एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी और सीओ कैंपियरगंज अजय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने मामले की जांच कराई। उन्होंने जांच रिपोर्ट एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर को भेज दिया। उधर थानेदार और दरोगा में विवाद होने की खबर शहर से लेकर गांव तक आग की तरह फैल गई। हर तरफ इसकी चर्चा होने लगी।

सुरक्षा कराते एकेडमी द्वारा बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता संपन्न

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सुरक्षा कराटे एकेडमी द्वारा मीरापुर बसही स्थिति सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया ` प्रतियोगिता में आयुष सिंह पर्पल बेल्ट देवेंद्र सिंह ब्लू बेल्ट शानवी श्रीवास्तव ग्रीन बेल्ट प्राप्त किया इसके अलावा दिव्यांशी सिंह ,अर्पिता गोस्वामी ,प्रांजल कुमार ,ज्योति शरदुलम श्रीवास्तव, सागर गाडवानी , नव्या निकिता पटेल ,ऑरेंज बेल्ट व दक्ष सिंह ,अनन्या यादव , सिद्धि सिंह ,यस सिंह, सृष्टि केसरी, धनंजय केसरी ,यशस्वी केसरी ,तुलसी यादव ने येलो बेल्ट हासिल किया ट्रेनिंग ब्लैक बेल्ट मोनिका पटेल साक्षी यादव ,आंसी श्रीवास्तव ने दिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवपुर महिला थाना प्रभारी रंजना उपाध्याय ने बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया` मीरापुर बसही व्यापार मंडल के प्रधान संरक्षक महेश्वर सिंह महिला संरक्षक दीपा सिंह जी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रबंधक अजय यादव ने किया धन्यवाद ज्ञापन सुरक्षा कराटे एके-डमी के कोच किशन सेठ ने किया।

संक्षिप्त खबरें

सी०आर०डी०पी०जी० कॉलेज में कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन

प्रखर गोरखपुर। चन्द्रकान्ति रमावती देवी आर्य महिला पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर में स्वास्थ्य सेवा प्रकोष्ठ के द्वारा प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र दीवान बाजार गोरखपुर के सौजन्य से आज प्रातः 10 से सांय 03 बजे तक कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियो, छात्राओं समेत आस-पास के क्षेत्र से लगभग 100 लोगो ने वैक्सिन की पहली, दूसरी एवं बूस्टर डोज लगवायी। इस अभियान में प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ० रेनू सुमन, व स्वस्थ्य कर्मचारीगण समेत महाविद्यालय प्रबंधक डॉ० विजयलक्ष्मी मिश्रा, प्राचार्या डॉ० सुमन सिंह, स्वास्थ्य सेवा प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ० अनीता सिंह, सदस्य डॉ० सारिकाजायसवाल, सुश्री पूजा गुप्ता, डॉ० रीता, सुश्री अर्चना ने अपना सहयोग देकर इस टीकाकरण अभियान को सफल बनाया।

छेड़खानी के आरोप में वांछित गिरफ्तार

प्रखर गोरखपुर। सहजनवा थाने के घघसरा चौकी क्षेत्र की रहने वाली किशोरी के साथ छेड़खानी करने वाला आरोपित युवक विकास मिश्रा को पुलिस ने शुक्रवार को अपराह्न दो बजे बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस उसे आज नारंग पट्टी गांव के पास से गिरफ्तार किया है। वह बाहर भागने की फिराक में था। उक्त-संदर्भ में प्रभारी थाना अध्यक्ष सहजनवा रवींद्र सिंह यादव ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल

प्रखर गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम नेवास के निबिअहवा चौराहे के पास शुक्रवार रात 8.30 बजे बाइक सवार युवक सड़क हादसे में घायल हो गया है । उसे एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरार्पार लाया गया है। थाना क्षेत्र के सहजनवा निवासी ज्ञानेंद्र किसी काम से मेहदावल गए हुए थे, वापस आते समय निबिअहवा चौराहे के पास विपरीत दिशा की तरफ से आ रही बाइक से टक्कर मार दी, जिससे इन्हें गंभीर चोट लग गई।

समाजवादी पार्टी द्वारा जिला प्रशासन व शासन में बैठे अधिकारियों के सद्बुद्धि के लिए शुद्धि बुद्धि यज्ञ किया गया

प्रखर रामनगर वाराणसी। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने रामनगर नगर पालिका परिषद को नगर निगम में मिलाएं जाने के खिलाफ रामनगर के सुप्रसिद्ध माता मंदिर मंशा देवी के प्रांगण में जिला प्रशासन व शासन में बैठे अधिकारियों के सद्बुद्धि के लिए शुद्धि बुद्धि यज्ञ किया गया।यज्ञ के माध्यम से यह प्रार्थना की गई कि नगर को नगर निगम में नही जाना चाहिए। रामनगर में हजारों रुपये का लगने वाला आर्थिक कर जो लगेगा व न लगे। माता मंशा देवी सद्बुद्धि दे नगर विकास विभाग के अधिकारियों को। इस कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष जितेंद्र मलिक, पूर्व अध्यक्ष इश्तियाक अहमद, श्यामलाल यादव, सुजीत सिंह, पूर्व सभासद संजय यादव, जवाहिर मौर्य, महासचिव दिलदार खान, डॉ अजित यादव, प्रदेश सचिव विवेक कहार, अखिलेश यादव, कैन्ट विधानसभा उपाध्यक्ष विनोद यादव आदि लोग सम्मलित थे।

सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल में धूमधाम से मना वर्षा मंगल उत्सव बच्चों ने लिया आनन्द

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। तरना स्थित सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल के प्रांगण में 30 जुलाई शनिवार को वर्षा मंगल उत्सव का आयोजन धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम का शुभारम्भ चेयरमैन लक्ष्मीकांत पाण्डेय, निदेशक कृष्णकांत पाण्डेय, निदेशक शशिकांत पाण्डेय एवं प्रधानाचार्य धरमिंदर मेनन ने दीप प्रज्वलित करके किया` वर्षा मंगल उत्सव राग मियां मल्हार पर आधारित वंदना की प्रस्तुति के साथ शुरू हुआ जिसमें देवराज इंद्र को हम पर अपना आशीर्वाद बरसाने का आह्वान किया गया। घूमर घूमर घिर आए बदरा लोक गीत और हर हर शंभो समूह नृत्य के माध्यम से बच्चो ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके पश्चात बच्चो ने स्केटिंग डांस और मार्शल आर्ट्स शो करके अपने कौशल का प्रदर्शन किया` इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक एवं छात्र छात्राओं ने एक एक पौधा लगा के प्रकृति के प्रति अपनी श्रद्धा का परिचय दिया। प्रधानाचार्य धरमिंदर मेनन ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि गर्म और आर्द्र ग्रीष्मकाल के बाद बारिश एक वरदान है जो सूखी धरती को फिर से जीवंत करती है और यह वास्तव में एक उत्सव का आह्वान करता है` इस अवसर पर चेयरमैन लक्ष्मीकांत पाण्डेय, निदेशक कृष्णकांत पाण्डेय, निदेशक शशिकांत पाण्डेय, प्रधानाचार्य धरमिंदर मेनन, हेड ऑपरेशन विपिन पांडेय, मार्केटिंग हेड अभिषेक गुप्ता, कोऑर्डिनेटर मनीष श्रीवास्तव, शिखा सिंह एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं